DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

दृष्टि
The Vision

# जी.एस. प्रैक्टिस पेपर्स

आई.ए.एस. (प्रारंभिक) परीक्षा के सामान्य अध्ययन (पेपर-1) पर आधारित 15 प्रैक्टिस पेपर्स (उत्तर व व्याख्या के साथ)

Drishti Publications

dp

641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
दूरभाष: 011-47532596, 87501 87501

**Website:** www.drishtipublications.com, www.drishtiias.com
**E-mail :** info@drishtipublications.com

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

**द्वितीय संस्करण- 2017**

**मूल्य : ₹ 248**

***प्रकाशक:***

***दृष्टि पब्लिकेशंस***

*641, प्रथम तल,*

*डॉ. मुखर्जी नगर,*

*दिल्ली-110009*

## *विधिक घोषणाएँ*

- इस पुस्तक में प्रकाशित सूचनाएँ, समाचार, ज्ञान एवं तथ्य पूरी तरह से सत्यापित किये गए हैं। फिर भी, यदि कोई जानकारी या तथ्य गलत प्रकाशित हो गया हो तो प्रकाशक, संपादक या मुद्रक उससे किसी व्यक्ति-विशेष या संस्था को पहुँची क्षति के लिये ज़िम्मेवार नहीं है।
- हम विश्वास करते हैं कि इस पुस्तक में छपी सामग्री लेखकों द्वारा मौलिक रूप से लिखी गई है। अगर कॉपीराइट उल्लंघन का कोई मामला सामने आता है तो प्रकाशक को ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा।
- सभी विवादों का निपटारा दिल्ली न्यायिक क्षेत्र में होगा।
- **© कॉपीराइट:** दृष्टि पब्लिकेशंस, सर्वाधिकार सुरक्षित। इस पुस्तक के किसी भी अंश का प्रकाशन अथवा उपयोग, प्रतिलिपीकरण, ऐसे यंत्र में भंडारण जिससे इसे पुनः प्राप्त किया जा सकता हो या स्थानान्तरण, किसी भी रूप में या किसी भी विधि से (इलेक्ट्रॉनिक, यांत्रिक, फोटो-प्रतिलिपि, रिकॉर्डिंग या किसी अन्य प्रकार से) प्रकाशक की पूर्वानुमति के बिना नहीं किया जा सकेगा।
- एम.पी. प्रिंटर्स, बी-220, फेज़-2, नोएडा (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित।

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

# दो शब्द...

**प्रिय अभ्यर्थियों,**

सिविल सेवा की तैयारी कर रहे हर उम्मीदवार का सपना होता है कि वह सिविल सेवक बनकर इस पद से जुड़े मान-सम्मान को प्राप्त करे। लेकिन, यह सपना वे गिने-चुने उम्मीदवार ही साकार कर पाते हैं जो सही रणनीति और सम्यक् दृष्टिकोण के साथ संपूर्ण पाठ्यक्रम की संतुलित तैयारी करते हैं।

प्रारंभिक परीक्षा के लिये निर्धारित पाठ्यक्रम के सभी खंडों को तैयार कर लेने के बाद यह बात अत्यंत महत्त्वपूर्ण हो जाती है कि उन पर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को हल करने का अभ्यास किया जाए। इस अभ्यास का पहला लाभ यह होता है कि परीक्षा भवन में उम्मीदवार को घबराहट व तनाव के कारण नुकसान नहीं उठाना पड़ता और दूसरा यह कि उसका समय-प्रबंधन बेहतर हो जाता है। इन सभी कारणों से वह आसानी से प्रारंभिक परीक्षा में सफलता हासिल कर लेता है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर यह पुस्तक तैयार की गई है।

इस पुस्तक में सामान्य अध्ययन (प्रारंभिक परीक्षा) के संपूर्ण पाठ्यक्रम पर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के 15 प्रैक्टिस पेपर व्याख्या सहित दिये गए हैं। विगत दस वर्षों के आई.ए.एस. (प्रारंभिक) परीक्षा के प्रश्नपत्रों पर गहन शोध के बाद इन प्रश्नों को तैयार व संकलित किया गया है। इन प्रश्नपत्रों को तैयार करते समय इस बात पर विशेष बल दिया गया है कि परीक्षा में विभिन्न खंडों के महत्त्व के अनुसार ही इनमें विभिन्न प्रश्नों का अनुपात हो। हमने इन प्रश्नपत्रों में करेंट अफेयर्स के प्रश्न भी शामिल किये हैं क्योंकि 2016 की परीक्षा में (पिछले 3-4 वर्षों के ट्रेंड के विपरीत) 30-35 प्रश्न करेंट अफेयर्स से पूछे गए थे। हम यह मानकर चले हैं कि इस वर्ष भी ऐसा हो सकता है।

एक बात और! हमने इन पेपर्स में विभिन्न खंडों के प्रश्नों को अलग-अलग शीर्षकों में रखा है ताकि अगर कोई उम्मीदवार किसी खंड विशेष में अपनी तैयारी का स्तर जाँचना चाहे तो आसानी से उस खंड के प्रश्नों को ढूंढ सके। बेहतर होगा कि आप इस पुस्तक का लाभ दो बार उठाएँ- पहली बार हर खंड की तैयारी करते हुए उसके प्रश्न हल करें और दूसरी बार अंत में प्रत्येक प्रश्नपत्र को दो घंटे के समय के भीतर हल करने का प्रयास करें।

और अब आखिरी बात! इन प्रश्नपत्रों का कठिनाई स्तर संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा के समकक्ष है, हालाँकि कहीं-कहीं यह उससे कुछ ऊँचा लग सकता है। सिविल सेवा परीक्षा में अगर आप 100 में से 55-60 प्रश्न (निगेटिव मार्किंग को हटाकर) ठीक कर देते हैं तो प्राय: प्रारंभिक परीक्षा में सफलता मिल जाती है। इसके विपरीत, अगर आप इन प्रैक्टिस पेपर्स में 50 प्रश्नों के स्तर पर हैं तो आप मान सकते हैं कि सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में आपको समस्या नहीं होगी।

हमें उम्मीद है कि प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने में ये प्रैक्टिस पेपर्स वरदान साबित होगा। फिर भी कोई अभ्यर्थी इस पुस्तक से संबंधी कोई सुझाव देना चाहते हों तो 8130392355 नंबर पर (वाट्सएप के माध्यम से) ज़रूर भेजें ताकि हम आपके सुझावों के आधार पर इसके अगले संस्करण को और उपयोगी बना सकें। आपके सुझावों एवं प्रतिक्रियाओं का इंतज़ार रहेगा।

**साभार,**
**संपादक**

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

# अनुक्रमणिका


☞ प्रैक्टिस पेपर–1 ............................................ 1-16

☞ प्रैक्टिस पेपर–2 ............................................ 17-32

☞ प्रैक्टिस पेपर–3 ............................................ 33-46

☞ प्रैक्टिस पेपर–4 ............................................ 47-62

☞ प्रैक्टिस पेपर–5 ............................................ 63-76

☞ प्रैक्टिस पेपर–6 ............................................ 77-92

☞ प्रैक्टिस पेपर–7 ............................................ 93-108

☞ प्रैक्टिस पेपर–8 ............................................ 109-122

☞ प्रैक्टिस पेपर–9 ............................................ 123-139

☞ प्रैक्टिस पेपर–10 ............................................ 140-156

☞ प्रैक्टिस पेपर–11 ............................................ 157-173

☞ प्रैक्टिस पेपर–12 ............................................ 174-189

☞ प्रैक्टिस पेपर–13 ............................................ 190-204

☞ प्रैक्टिस पेपर–14 ............................................ 205-222

☞ प्रैक्टिस पेपर–15 ............................................ 223-236


DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

# प्रैक्टिस पेपर 1

## भारतीय इतिहास और कला-संस्कृति

1. सी.आर. दास ने कांग्रेस के नागपुर अधिवेशन में असहयोग आंदोलन से संबद्ध प्रस्ताव रखा था। निम्नलिखित में से कौन इस प्रस्ताव की विषयवस्तु में शामिल था/थे?
   1. जनता द्वारा सरकारी नौकरियों से इस्तीफा देना।
   2. कानून की अवज्ञा जिसमें कर अदायगी न करना भी शामिल था।
   3. हिन्दू-मुस्लिम एकता एवं छुआछूत को मिटाने संबंधी मुद्दों से परहेज करना।

   कूट:
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

2. भारत के सांस्कृतिक इतिहास के संदर्भ में 'पाञ्चरात्रिक' शब्द निम्नलिखित में से किसे निर्दिष्ट करता है?
   (a) नारायण विष्णु के उपासक।
   (b) भागवत सम्प्रदाय के पाँच नायक, यथा-संकर्षण, प्रद्युम्न, साम्ब, वासुदेव तथा अनिरुद्ध।
   (c) वज्रयान तांत्रिक सम्प्रदाय की एक शाखा।
   (d) मंदिर निर्माण की एक शैली।

3. भारत पर प्रथम विदेशी आक्रमण ईरान के 'हखमनी वंश' के राजाओं ने किया था। इस आक्रमण का भारत पर क्या प्रभाव पड़ा?
   1. खरोष्ठी लिपि का प्रसार।
   2. अरामाइक लिपि का प्रसार।
   3. क्षत्रप प्रणाली का विकास।
   4. अभिलेख उत्कीर्ण करने की प्रथा का विकास।

   उपर्युक्त में कौन-से सही हैं?
   (a) केवल 1 और 4
   (b) केवल 1, 3 और 4
   (c) केवल 1, 2 और 3
   (d) 1, 2, 3 और 4

4. चिश्ती सिलसिले के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?
   1. प्रारम्भिक चिश्तियों ने राजकीय शान-शौकत से अपने को दूर रखा लेकिन गेसूदराज के समय चिश्तियों का राज्य के साथ सहयोग स्थापित हुआ।
   2. चिश्ती सिलसिला संगीत को ईश्वर प्रेम का महत्त्वपूर्ण साधन समझता था लेकिन सनातनपंथी इस्लाम में इसकी पाबंदी थी।

   कूट:
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

5. 'पैठनी तकनीक' का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
   (a) मृदभांड निर्माण की एक विधा।
   (b) लोक नृत्य की एक विधा।
   (c) वस्त्र निर्माण की एक विधा।
   (d) शस्त्र निर्माण की एक विधा।

6. 'चित्रकला' के निम्नलिखित लक्षणों पर विचार कीजिये:
   1. इसमें राधा-कृष्ण की विविध लीलाओं का चित्रण मिलता है।
   2. 'बणी-ठणी' इस चित्रकला शैली की महत्त्वपूर्ण कृति है।
   3. 'निहालचन्द' इस शैली के प्रमुख चित्रकार थे।

   उपर्युक्त लक्षणों का संबंध चित्रकला की किस शैली से है?
   (a) कांगड़ा शैली (b) बूंदी शैली
   (c) मेवाड़ शैली (d) किशनगढ़ शैली

7. निम्नांकित हड़प्पाकालीन लक्षणों पर विचार कीजिये:
   1. अलंकृत ईंटों का प्रयोग : कालीबंगा
   2. तीन युगल समाधियाँ : सुरकोटदा
   3. तिल एवं सरसों का ढेर : रंगपुर

   उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित नहीं है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 2 (d) केवल 1 और 3

8. जवाहरलाल नेहरू ने सविनय अवज्ञा आंदोलन को वापस लेने के कदमों का प्रखर विरोध किया, क्योंकि:
   1. उनका मानना था कि भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन आज उस अवस्था में पहुँच गया है, जहाँ वह औपनिवेशिक सत्ता से तब तक संघर्ष कर सकता है जब तक कि इसे समाप्त करने में कामयाब न हो जाए।
   2. उनका मानना था कि किसी भी जनांदोलन में संघर्ष की एक ऐसी अवस्था आती है, जहाँ से आगे बढ़ने के लिये संविधानेत्तर और गैर-कानूनी तरीके अपनाने ही पड़ते हैं।

   कूट:
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



2. प्रति व्यक्ति प्रतिदिन ₹ 29 की सीमा 1.25 डॉलर की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत नवीन गरीबी रेखा के साथ समायोजन पर आधारित थी।
3. बहुआयामी निर्धनता की अवधारणा इस तथ्य पर आधारित है कि निर्धनता के अनेक आयाम होते हैं और केवल उपभोग व्यय पर आधारित आकलन अनुपयुक्त है।

कूट:
(a) केवल 2 और 3 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

69. 1991 में आर्थिक सुधारों से भारतीय अर्थव्यवस्था में कौन-से परिवर्तन आए?
1. लाइसेंस इंस्पेक्टर राज युग का अंत हो गया।
2. बंद अर्थव्यवस्था तुलनात्मक रूप से खुली।
3. महालनोबिस मॉडल पर आधारित आर्थिक तंत्र विस्थापित हुआ।
4. आर्थिक सुधारों के अंग के रूप में निष्कासन नीति अपनाई गई।

कूट:
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

70. हैरॉड-डोमर मॉडल के आधार पर किस पंचवर्षीय योजना को तैयार किया गया था?
(a) प्रथम (b) द्वितीय
(c) तृतीय (d) चतुर्थ

71. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
1. पूंजी बाज़ार नियामक के रूप में सेबी की जुड़वाँ भूमिका है जिससे सही कार्यविधि को सुनिश्चित किया जाता है और निवेशकों की रक्षा की जाती है।
2. किसी कंपनी की पूंजी संरचना मूल रूप से ऋण और इक्विटी उपकरणों के समुच्चय का मिश्रण है।
3. पूंजी बाज़ार सुधारों के अंग के रूप में सेबी की स्थापना 1991 में पूंजी बाज़ार विनियामक के तौर पर की गई।
4. हेजिंग निवेशित पूंजी के प्रति जोखिम परिदृश्य को कम करने की रणनीति है। सरकार के सुरक्षित कोषागार बिलों के कुछ अंश की खरीद हेजिंग रणनीति के अंतर्गत आती है।

कूट:
(a) केवल 1, 2 और 4
(b) केवल 3
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) केवल 1

72. 'जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम' के तहत सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं:
1. गर्भवती महिलाओं, जो प्रसव के लिये सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थाओं में आती हैं और बीमार नवजातों को मुफ्त परिवहन की व्यवस्था।
2. मुफ्त दवाइयाँ तथा रक्त की व्यवस्था।
3. मुफ्त कपड़े व बीमा की सुविधा।
4. मुफ्त आहार व दवाइयाँ।

कूट:
(a) केवल 1 और 4
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

73. भारतीय औद्योगिक ढाँचे के अंतर्गत लघु उद्योग निम्नलिखित में से किन कारणों से महत्त्वपूर्ण हैं?
1. रोज़गार सृजन में सहायक।
2. ग्रामीण अर्थव्यवस्था के अनुकूल।
3. क्षेत्रीय असंतुलन दूर करने में सहायक।
4. विदेशी मुद्रा अर्जित करने में सहायक।
5. औद्योगिक विकेंद्रीकरण में योगदान।

कूट:
(a) केवल 1, 4 और 5
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1, 2, 3 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

## सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

74. निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?
1. पीछे देखने के लिये अवतल दर्पण का उपयोग किया जाता है क्योंकि समतल दर्पण की तुलना में इसकी देखने की सीमा व्यापक होती है।
2. जहाज़ों के सुरक्षित आवागमन में 'सोनार' तकनीक की भूमिका होती है।
3. पूर्ण आंतरिक परावर्तन के कारण मरुस्थल में भ्रम की स्थिति बन जाती है, जिसे 'मृगमरीचिका' कहते हैं।

कूट:
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

75. नॉकिंग (दहन कक्ष में अपरिपक्व दहन क्रिया) की समस्या निम्नलिखित में से किस प्रकार हल की जाती है?
1. पेट्रोल में टेट्रा इथाइल लेड मिलाने की पारंपरिक विधि से।
2. नए वाहनों में दहन कक्ष का डिज़ाइन बदलकर।
3. क्योंकि टेट्रा इथाइल लेड में लेड प्रदूषक है इसलिये एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (जैसे-जाइलीन) मिलाकर।
4. क्योंकि टेट्रा इथाइल लेड में लेड प्रदूषक है इसलिये ऑक्सीजन युक्त यौगिक (जैसे-अल्कोहल) मिलाकर।

उपर्युक्त में कौन-से कथन सही हैं?
(a) केवल 1, 2 और 4
(b) केवल 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (a) | 2. (a) | 3. (d) | 4. (d) | 5. (c) | 6. (d) | 7. (b) | 8. (c) | 9. (c) | 10. (c) |
| 11. (b) | 12. (d) | 13. (d) | 14. (c) | 15. (b) | 16. (b) | 17. (d) | 18. (d) | 19. (a) | 20. (a) |
| 21. (d) | 22. (c) | 23. (b) | 24. (c) | 25. (d) | 26. (c) | 27. (b) | 28. (c) | 29. (b) | 30. (a) |
| 31. (a) | 32. (a) | 33. (a) | 34. (c) | 35. (b) | 36. (d) | 37. (a) | 38. (b) | 39. (a) | 40. (d) |
| 41. (d) | 42. (b) | 43. (c) | 44. (d) | 45. (a) | 46. (c) | 47. (b) | 48. (a) | 49. (b) | 50. (c) |
| 51. (a) | 52. (a) | 53. (b) | 54. (d) | 55. (a) | 56. (d) | 57. (d) | 58. (a) | 59. (a) | 60. (d) |
| 61. (a) | 62. (a) | 63. (c) | 64. (a) | 65. (a) | 66. (b) | 67. (c) | 68. (d) | 69. (b) | 70. (a) |
| 71. (a) | 72. (c) | 73. (d) | 74. (b) | 75. (d) | 76. (c) | 77. (d) | 78. (d) | 79. (b) | 80. (a) |
| 81. (c) | 82. (c) | 83. (b) | 84. (a) | 85. (b) | 86. (d) | 87. (b) | 88. (a) | 89. (a) | 90. (b) |
| 91. (d) | 92. (c) | 93. (b) | 94. (d) | 95. (b) | 96. (c) | 97. (b) | 98. (d) | 99. (a) | 100. (b) |

## उत्तर (व्याख्या सहित)

### भारतीय इतिहास और कला-संस्कृति

1. (a) कथन 1 और 2 सही हैं। इस प्रस्ताव में हिंदू-मुस्लिम एकता को बढ़ावा देने; छुआछूत को मिटाने; उपाधियों एवं प्रशस्तियों को लौटाने; सरकारी स्कूलों, कॉलेजों, अदालतों और विदेशी कपड़ों के बहिष्कार तथा कानून की अवज्ञा जिसमें कर अदायगी न करने की बात थी, आदि शामिल रहे।

2. (a) भागवत धर्म में वासुदेव कृष्ण को विष्णु का अवतार माना गया है। बाद में इनका समीकरण नारायण से किया गया। नारायण के उपासक 'पाञ्चरात्रिक' कहलाए। पाञ्चरात्र वैष्णव धर्म का एक प्रधान मत है। भागवत अथवा पाञ्चरात्र धर्म में वासुदेव विष्णु की उपासना के साथ ही चार अन्य व्यक्तियों की भी उपासना की जाती थी। इनके नाम इस प्रकार हैं:
   1. संकर्षण- ये वासुदेव के रोहिणी से उत्पन्न पुत्र थे।
   2. प्रद्युम्न- ये कृष्ण के रुक्मिणी से उत्पन्न पुत्र थे।
   3. साम्ब- ये वासुदेव कृष्ण के जामवंती से उत्पन्न पुत्र थे।
   4. अनिरुद्ध- ये प्रद्युम्न के पुत्र थे।

   इन चारों को चतुर्व्यूह की संज्ञा दी जाती है।

3. (d) भारत पर ईरानी आक्रमण के निम्नलिखित प्रभाव पड़े:
   1. पश्चिमोत्तर भारत में दायीं से बायीं ओर लिखी जाने वाली खरोष्ठी लिपि का प्रसार।
   2. ईरानियों की अरामाइक लिपि का प्रचार-प्रसार।
   3. अभिलेख उत्कीर्ण करने की प्रथा का विकास।
   4. ईरानियों की क्षत्रप प्रणाली का शक-कुषाण युग में पर्याप्त विकास।
   5. समुद्री मार्ग की खोज से विदेशी व्यापार को प्रोत्साहन।

4. (d) दोनों कथन सही हैं। गेसूदराज के समय दक्षिण भारत के चिश्ती सूफियों ने शासक वर्ग के साथ संबंध स्थापित करते हुए समाज सेवा की।

5. (c) यह महाराष्ट्र के औरंगाबाद के पैठन में वस्त्र निर्माण की तकनीक है जिसमें जरीयुक्त रेशमी साड़ियाँ बनाई जाती हैं। जरी के काम में सोना, चांदी और तांबे का उपयोग किया जाता है।

6. (d) चित्रकला के ये लक्षण किशनगढ़ शैली से संबंधित हैं। महाराणा सामंत सिंह इसके संरक्षणकर्ता थे। इनके दरबार में निहालचन्द नामक चित्रकार रहता था जिसने 'बणी-ठणी' नामक कृति बनाई।

7. (b) तीन युगल समाधियों के अवशेष लोथल से प्राप्त हुए हैं। तिल एवं सरसों के ढेर के साक्ष्य बनावली से प्राप्त हुए हैं। अलंकृत ईंटों के प्रयोग का साक्ष्य कालीबंगा से मिलता है।

8. (c) जवाहरलाल नेहरू ने दिये गए दोनों तर्कों के आधार पर सविनय अवज्ञा आंदोलन वापस लेने के कदमों का विरोध किया।

9. (c) गांधीवादी रणनीति में जन-आंदोलन के द्वारा सरकार को समझौते के लिये बाध्य करने की रणनीति थी, न कि रचनात्मक कार्यक्रम के द्वारा।

10. (c) सूरत अधिवेशन एक ऐतिहासिक अधिवेशन बन गया क्योंकि इसी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में विभाजन को जन्म दिया। उग्रवादी धड़े द्वारा 1906 के कलकत्ता अधिवेशन में लिये गए कुछ निर्णयों में स्वराज की घोषणा भी शामिल थी। वहीं दूसरी ओर, उदारवादी धड़ा कलकत्ता अधिवेशन में नरम रवैया अपनाए हुए था, क्योंकि वे सुधार की अपेक्षा कर रहे थे। उपर्युक्त दृष्टिकोण को देखते हुए, उग्रवादी कलकत्ता अधिवेशन के स्वदेशी, बहिष्कार तथा राष्ट्रीय शिक्षा के प्रस्तावों पर अड़े थे, वहीं उदारवादी इन प्रस्तावों को हटाना चाहते थे। बहिष्कार आंदोलन के प्रसार के मुद्दे पर दोनों पक्षों ने अड़ियल रवैया अपना लिया था, समझौते की कोई गुंजाइश नहीं रही और अंततः विभाजन अवश्यंभावी हो गया। ये स्पष्टीकरण कथन 1 तथा कथन 2 को उचित विकल्प के रूप में प्रस्तुत करते हैं।

    कथन 3 गलत है क्योंकि लक्ष्य के रूप में स्वराज की घोषणा पहले ही कलकत्ता अधिवेशन में की जा चुकी थी, जैसा कि ऊपर स्पष्ट किया गया है।

    कथन 4 गलत है क्योंकि गांधीजी की अध्यक्षता को लेकर कोई मुद्दा नहीं था। इस प्रकार विकल्प (c) सही उत्तर है।



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

# प्रैक्टिस पेपर 2

## भारतीय एवं विश्व अर्थव्यवस्था

1. उच्च शक्ति मुद्रा है:
   1. सरकार द्वारा जारी ऋण बॉण्ड या प्रतिभूतियाँ।
   2. देश के मौद्रिक प्राधिकार का कुल दायित्व।
   3. जनता के पास मुद्रा, वाणिज्यिक बैंक के पास रखी नकदी और भारत सरकार तथा वाणिज्यिक बैंकों द्वारा रिज़र्व बैंक के पास जमा।
   4. अधिक क्रयशक्ति युक्त मुद्रा।

   कूट:
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) केवल 2 और 3 (d) केवल 4

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. गिफिन वस्तुएँ मांग के नियम के विपरीत व्यवहार करती हैं।
   2. मांग के नियम के अनुसार यदि आय, रुचि और अन्य वस्तुओं की कीमत स्थिर रहे तो जैसे-जैसे वस्तु की कीमत घटती है वैसे-वैसे उसकी मांग में बढ़ोतरी होती है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

3. बेसल III के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   1. बेसल III बैंक पूंजी पर्याप्तता, तनाव परीक्षण और बाज़ार तरलता जोखिम के दृष्टिकोण से वैश्विक स्वैच्छिक विनिमय मानक हैं।
   2. इनका उद्देश्य बैंकिंग प्रणाली को अधिक लोचदार बनाना है।

   कूट:
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

4. 'पुरा' (PURA) मॉडल में निहित हैं:
   1. स्मार्ट शहरों का विकास।
   2. हमारे गाँवों को उत्पादक आर्थिक क्षेत्रों में परिवर्तित करने के लिये एक प्रयास।
   3. ग्रामीण क्षेत्रों में गाँवों के समूहों की संपन्नता को प्रोत्साहित करने के लिये भौतिक, इलेक्ट्रॉनिक, ज्ञान और आर्थिक संपर्क।

   कूट:
   (a) केवल 2 और 3 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

5. जी.डी.पी. में शामिल नहीं होंगे:
   1. अपने जीवनयापन के लिये गृह किराए का उपयोग।
   2. मध्यवर्ती वस्तुओं का मूल्य।
   3. उपयोग की गई वस्तुओं का विक्रय।
   4. सरकारी सेवाएँ।

   कूट:
   (a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 1 और 4
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

6. निम्नलिखित में से कौन बेरोज़गारी तथा वास्तविक जी.डी.पी. के मध्य संबंध दर्शाता है?
   (a) ओकुन का नियम (b) लैफर वक्र
   (c) फिलिप्स वक्र (d) ऐसा कोई स्थापित संबंध नहीं है।

7. **निर्देश:** आगामी प्रश्न में दो वक्तव्य हैं। एक को 'कथन (A)' तथा दूसरे को 'कारण (R)' कहा गया है। इन दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कर इस प्रश्न का उत्तर नीचे दिये हुए कूटों की सहायता से चुनिये:

   **कथन (A):** तरलता जाल के दौरान मौद्रिक नीति ब्याज दर, आय और वृद्धि को प्रभावित करने में अक्षम होती है।

   **कारण (R):** गैलोपिंग स्फीति के दौरान, मुद्रास्फीति अत्यधिक तेज़ी से बढ़ती है और केंद्रीय बैंक के मात्रात्मक और गुणात्मक उपाय अक्षम हो जाते हैं।

   कूट:
   (a) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
   (b) A तथा R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
   (c) A सही है, परन्तु R गलत है।
   (d) A गलत है, परन्तु R सही है।

8. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
   (a) मृदु मुद्रा वह मुद्रा है जो अत्यधिक संवेदनशील होती है और प्राय: बदलती रहती है।
   (b) उदार ऋण, बाज़ार में उपलब्ध अन्य ऋणों की तुलना में उदार शर्तों पर प्रदान किया जाता है।
   (c) सामाजिक पूंजी वह पूंजी है जो आम जनता से एकत्र की जाती है और जिसका उपयोग परियोजनाओं के सामाजिक लाभ के लिये किया जाता है।
   (d) वेंचर पूंजी धनी निवेशकों द्वारा दी जाने वाली पूंजी है ताकि वे अपनी जोखिम भरी परियोजनाओं के लिये कम्पनियाँ आरंभ कर सकें।



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



36. परिस्थितियों में परिवर्तन से जब प्रवालों पर दबाव पड़ता है तो वे अपने ऊतकों में सहजीवी शैवाल का निष्कासन करते हैं जिस कारण वे पूर्ण रूप से सफेद हो जाते हैं, इसे प्रवाल विरंजन के रूप में जाना जाता है। निम्नलिखित में से कौन-से प्रवाल विरंजन के कारण हैं?
   1. तापमान में वृद्धि 2. तापमान में कमी
   3. एल-नीनो 4. बढ़ा हुआ अवसादन
   5. समुद्र के जल स्तर में वृद्धि

   कूट:
   (a) केवल 1, 3 और 4 (b) केवल 2 और 5
   (c) केवल 1, 4 और 5 (d) 1, 2, 3, 4 और 5

37. जैव विविधता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. जैव विविधता का आकलन दो प्रमुख घटकों द्वारा किया जाता है: प्रजातियों की समृद्धि और प्रजातियों की समता।
   2. प्रजातियों की उच्च समता यह संकेत करती है कि वहाँ कुछ प्रजातियों का प्रभुत्व है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

38. कार्बन क्रेडिट के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?
   1. एक कार्बन क्रेडिट एक टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर है।
   2. कार्बन क्रेडिट की अवधारणा नागोया प्रोटोकॉल से सामने आई।
   3. वर्तमान में चीन कार्बन क्रेडिट का सबसे बड़ा विक्रेता है।
   4. भारत के मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (MCX) में इसका कारोबार किया जा सकता है।

   कूट:
   (a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2 और 4
   (c) केवल 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

39. निम्न पोषण स्तर से उच्च पोषण स्तर पर जाने में उपभोक्ताओं की संख्या घटती जाती है। इसका प्रत्यक्ष कारण है:
   (a) सीमित बायोमास
   (b) ऊर्जा प्रवाह
   (c) पारिस्थितिकी तंत्र की वहनीय क्षमता
   (d) सीमित पोषक तत्त्व

40. एक बड़े वायु प्रदूषक के रूप में 'सस्पेंडेड पार्टिकुलेट मैटर' (SPM) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   1. SPM के बड़े स्रोत हैं: वाहन, ऊर्जा संयंत्र, निर्माण गतिविधियाँ, तेलशोधक कारखाने आदि।
   2. पौधों पर धूल के संचयन से लोहा, एल्युमिनियम, मैंगनीज़, ज़िंक एवं अन्य धातुओं के ऑक्साइड का बुरा प्रभाव पड़ता है और यह जैवरासायनिक एवं उपापचय संबंधी दुष्क्रिया पैदा करता है।
   3. टेट्राइथाइल लेड यदि फैलाया जाए तो यह वृक्क तथा नेफ्रॉन संबंधी गंभीर विकारों को जन्म देता है।

   कूट:
   (a) केवल 3 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3 (d) उपर्युक्त सभी।

41. कार्बन फुटप्रिन्ट क्या है?
   (a) विभिन्न वस्तुओं में बचे हुए कार्बन के अंश।
   (b) पुराने जीवाश्मों के रेडियो कार्बन डेटिंग का उपयोग कर कार्बन आयु की गणना।
   (c) किसी रूपांतरित वस्तु में बचा हुआ कार्बन।
   (d) किसी प्रक्रिया या उत्पाद के पूर्ण जीवन चक्र में $CO_2$ और अन्य हरितगृह गैसों की उत्सर्जित कुल मात्रा।

42. वायु प्रदूषण के निर्धारण में वायुमंडल की कौन-सी परत/परतें महत्त्वपूर्ण है/हैं?
   (a) क्षोभमंडल
   (b) क्षोभमंडल एवं मध्यमंडल
   (c) क्षोभमंडल एवं समताप मंडल
   (d) क्षोभमंडल, मध्यमंडल एवं समताप मंडल

43. भारत में निम्नलिखित में से कहाँ सर्वाधिक क्षेत्रफल पर कच्छ वनस्पतियाँ पाई जाती हैं?
   (a) पश्चिम बंगाल (b) केरल
   (c) अंडमान एवं निकोबार (d) गुजरात

## भारतीय इतिहास और कला-संस्कृति

44. भारतीय मंदिर स्थापत्य के संदर्भ में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. नागर स्थापत्य शैली में मंदिर शिखर के शीर्ष पर 'स्तूपिका' बनी होती है, जबकि द्रविड़ स्थापत्य शैली में मंदिर शिखर के शीर्ष पर 'आमलक' की संरचना बनी होती है।
   2. नागर शैली में शिखर रेखीय होते हैं, जबकि द्रविड़ शैली में शिखर पिरामिड के आकार के होते हैं।
   3. द्रविड़ शैली के मंदिरों की विशिष्टता उनके 'गोपुरम' हैं लेकिन इनमें 'परकोटा' का अभाव दिखता है।

   उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 (d) 1, 2 और 3

45. 'वेवेल योजना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसमें वायसराय की कार्यकारिणी परिषद् को पुनर्गठित करना था जो एक अंतरिम राष्ट्रीय सरकार के समान कार्य करती।
   2. कार्यकारिणी में मुसलमान सदस्यों की संख्या सवर्ण हिन्दुओं के समान होती।
   3. विदेशी मामले जिनमें जनजातीय मामले भी सम्मिलित हों, भारतीयों को सौंपे जाने थे।

   उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2
   (c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



4. यह नेविगेशन एवं कम्यूनिकेशन के अत्याधुनिक उपकरणों व सेंसर से लैस है।

कूट:

(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 2, 3 और 4

(c) 1, 3 और 4 (d) 2 और 4

100. चीन ने विश्व का सबसे तेज़ सुपर कंप्यूटर सनवे तेहुलाइट विकसित किया है। सुपर कंप्यूटर के संबंध में क्या सही है?

1. ऐसे कंप्यूटर जिनकी मेमोरी स्टोरेज क्षमता 52 मेगावाट से अधिक है एवं जो 500 मेगाफ्लॉप की क्षमता से कार्य कर सकते हैं, सुपर कंप्यूटर कहलाता है।
2. इसमें समानांतर प्रोसेसिंग तकनीक का प्रयोग किया जाता है।
3. परम-ईशान सुपर कंप्यूटर की शुरूआत 19 सितंबर को मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने IIT मुंबई में की।
4. यह सुपर कंप्यूटर देश का सबसे तेज़ एवं शक्तिशाली कंप्यूटर युग की शुरूआत करने वाला होगा।
5. इसकी स्टोरेज क्षमता 300 टैराबाइट है।

कूट:

(a) 1, 3 और 5 (b) 1, 2, 3 और 4

(c) 1, 2 और 5 (d) 1, 2, 4 और 5

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 2. (c) | 3. (c) | 4. (a) | 5. (c) | 6. (a) | 7. (b) | 8. (c) | 9. (a) | 10. (b) |
| 11. (d) | 12. (a) | 13. (c) | 14. (b) | 15. (a) | 16. (d) | 17. (d) | 18. (d) | 19. (b) | 20. (b) |
| 21. (c) | 22. (b) | 23. (c) | 24. (d) | 25. (a) | 26. (c) | 27. (d) | 28. (a) | 29. (a) | 30. (c) |
| 31. (c) | 32. (c) | 33. (d) | 34. (b) | 35. (b) | 36. (d) | 37. (a) | 38. (c) | 39. (b) | 40. (d) |
| 41. (d) | 42. (a) | 43. (a) | 44. (c) | 45. (c) | 46. (a) | 47. (a) | 48. (d) | 49. (a) | 50. (a) |
| 51. (c) | 52. (d) | 53. (a) | 54. (b) | 55. (b) | 56. (d) | 57. (c) | 58. (d) | 59. (c) | 60. (c) |
| 61. (c) | 62. (c) | 63. (d) | 64. (b) | 65. (b) | 66. (d) | 67. (a) | 68. (a) | 69. (d) | 70. (a) |
| 71. (d) | 72. (b) | 73. (b) | 74. (d) | 75. (a) | 76. (a) | 77. (c) | 78. (a) | 79. (b) | 80. (c) |
| 81. (b) | 82. (c) | 83. (d) | 84. (d) | 85. (c) | 86. (a) | 87. (a) | 88. (a) | 89. (b) | 90. (a) |
| 91. (c) | 92. (d) | 93. (c) | 94. (d) | 95. (d) | 96. (c) | 97. (d) | 98. (d) | 99. (c) | 100. (c) |

## उत्तर (व्याख्या सहित)

### भारतीय एवं विश्व अर्थव्यवस्था

1. (c)
2. (c)
3. (c)
4. (a) 'पुरा' (PURA) का तात्पर्य है- 'प्रोवाइडिंग अर्बन एमेनिटीज़ इन रूरल एरियाज़'।
   डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के शब्दों में "पुरा एक ऐसा तंत्र है जो हमारे गाँवों को उत्पादक आर्थिक क्षेत्रों में रूपांतरित करने के लिये उपयोगी होगा।" यह मॉडल चार प्रकार के संपर्कों पर बल देता है: ग्रामीण क्षेत्रों में गाँवों के समूहों के बीच भौतिक (अर्थात् सड़कें), इलेक्ट्रॉनिक (अर्थात् दूरसंचार और सूचना एवं प्रौद्योगिकी), ज्ञान (विद्यालय एवं उच्च शिक्षा केंद्र) तथा आर्थिक (अर्थात् बेहतर विपणन सुविधाएँ) संपर्क।
5. (c) जी.डी.पी. की गणना करते समय निम्नलिखित को शामिल नहीं किया जाता है:
   1. उपयोग में आ चुकी वस्तुओं का विक्रय क्योंकि जी.डी.पी. के अंतर्गत केवल सामयिक स्तर पर उत्पादित वस्तुएँ और सेवाएँ आती हैं।
   2. दोहराव रोकने के लिये मध्यवर्ती वस्तुओं का मान भी शामिल नहीं किया जाता है क्योंकि ये पहले ही अंतिम वस्तुओं के बाज़ार मूल्य में शामिल की जा चुकी होती हैं।
6. (a) ओकुन का नियम: इसके अनुसार बेरोज़गारी और वास्तविक जी.डी.पी. के बीच नकारात्मक संबंध होते हैं।




7. (b) तरलता जाल वह स्थिति है जब विस्तारवादी मौद्रिक नीति (मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि) ब्याज दर और आय में वृद्धि नहीं करती और इसलिये यह आर्थिक वृद्धि को उत्प्रेरित नहीं करती। अत: मौद्रिक नीति ब्याज दर, आय और वृद्धि को प्रभावित करने में अक्षम होती है।
   गैलोपिंग स्फीति के दौरान संकुचित मौद्रिक नीति प्रयुक्त होती है क्योंकि मुद्रास्फीति में तेज़ी से उतार-चढ़ाव आता है।
8. (c) सामाजिक पूंजी सामाजिक संबंधों और नेटवर्कों का मूल्य है जो किसी संगठन के आर्थिक विकास के लिये आर्थिक पूंजी के पूरक का कार्य करता है।
9. (a)



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

# प्रैक्टिस पेपर 3

## समसामयिकी

1. स्वच्छ सर्वेक्षण-2016 के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
   (a) इस सर्वेक्षण में मैसूर को देश का सबसे स्वच्छ व धनबाद को सबसे गंदा शहर माना गया हैॅ
   (b) इस सर्वेक्षण में 10 लाख से अधिक आबादी वाले 73 शहरों को शामिल किया गया था।
   (c) यह अपनी तरह का प्रथम सर्वेक्षण था।
   (d) शीर्ष-10 शहरों में गुजरात व महाराष्ट्र के 2-2 शहर शामिल हैं।

2. नीचे दिये गए बर्ड फ्लू वाइरस की पहचान करें, जिसे सितंबर 2016 में कृषि एवं कल्याण मंत्रालय के पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग ने भारत को बर्ड फ्लू से मुक्त कहा-
   (a) $H_1N_1$ (b) $H_1N_5$
   (c) $H_5N_1$ (d) $H_5N_8$

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।
   1. विश्व का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र 'सोलर स्टार' अमेरिका में है।
   2. तमिलनाडु में (कामुति सोलर पावर प्रोजेक्ट) भारत का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र शुरू किया गया है, जिसका विश्व में दूसरा स्थान है।

   उपरोक्त में से कौन असत्य नहीं है?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

4. भूकंप प्रतिरोधी निर्माण को सक्षम बनाने के लिये राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) और निर्माण सामग्री एवं प्रौद्योगिकी संवर्द्धन परिषद (BMTPC) ने देश के भूकंप संभावित क्षेत्रों का सरल मानचित्र जारी किया है। इसमें निम्नलिखित में क्या सही नहीं है?
   (a) एनडीएमए की पहल पर इन मानचित्रों को बीएमटीपीसी और आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्रालय ने तैयार किया है।
   (b) इन मानचित्रों को कलर कोड के आधार पर बनाया गया है, जिनमें चार विभिन्न क्षेत्रों को प्रदर्शित किया गया है, जहाँ भूकंप की संभावना अधिक है।
   (c) बीएमटीपीसी ने इन मानचित्रों को भारतीय सर्वेक्षण विभाग, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, भारत मौसम विभाग और भारत की जनगणना के आँकड़ों के आधार पर बनाया गया है।
   (d) इन मानचित्रों का मोबाइल एप भी तैयार करने की योजना है।

5. भारत के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के तत्त्वाधान में एक गैर-लाभकारी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम-जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान सहायता परिषद (BIRAC) ने सितंबर में नई दिल्ली में पाँचवीं इनोवेटर्स बैठक का आयोजन किया। बिराक के संबंध में क्या सही है?
   1. इस बैठक की थीम - जैव प्रौद्योगिकी नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा अगली छलांग की रणनीति तैयार की गई है।
   2. विगत पाँच वर्षों में बिराक ने प्रख्यात संगठनों, जैसे- टेकेस, फिनलैंड, होर्ट इनोवेशन आस्ट्रेलिया और नेस्टा तथा ब्रिटेन के साथ भागीदारी कायम की है। इन भागीदारी और बिराक की पहल से 300 से ज्यादा जैव प्रौद्योगिकी कंपनियों एवं युवा उद्यमियों को सहायता करना संभव हो पाया है।

   कूट:
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

6. टाइगर हूपर किसकी प्रजाति है?
   (a) तितली (b) बाघ
   (c) भेड़ (d) गोरिल्ला

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।
   1. केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिये नए अन्वेषकों को प्रतिमाह ₹ 30 हज़ार की मदद देने का फैसला किया है।
   2. स्टार्ट-अप के दायरे में वही कंपनी आएगी जिसका उत्पाद या सेवा नई तरह की हो, लेकिन यदि किसी उत्पाद में बदलाव किया गया है, तो उसका लाभ उपभोक्ताओं को मिल रहा है कि नहीं यह देखना ज़रूरी होगा। इसके अलावा इंडियन पेटेंट और ट्रेड मार्क ऑफिस से किसी उत्पाद को पेटेंट मिला हो। सरकार किसी ऐसे उत्पाद को प्रोत्साहित करने के लिये आर्थिक मदद दे रही हो जिससे आम आदमी को लाभ होता हो।

   उपरोक्त में से सही कथन/कथनों का चयन करें:
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

8. सुनामी से निपटने के लिये विश्व की सबसे बड़ी मॉक ड्रिल IU Wave 16 के संबंध में निम्नलिखित में क्या सही नहीं है?
   (a) इस मॉक ड्रिल के तहत सुमात्रा के दक्षिण में 9.2 तीव्रता वाला कृत्रिम भूकंप उत्पन्न किया गया।



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



46. अम्ल वर्षा के संबंध में इनमें से कौन-से कथन सही हैं?
   1. वायु में मौजूद सल्फर के ऑक्साइडों द्वारा सल्फ्यूरिक अम्ल का निर्माण होता है।
   2. वायु में मौजूद नाइट्रोजन के ऑक्साइडों से नाइट्रिक अम्ल का निर्माण होता है।
   3. वायु में मौजूद कार्बन के ऑक्साइडों से कार्बोनिक अम्ल का निर्माण होता है।

   कूट:
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) 1, 2 और 3 (d) इनमें से कोई नहीं।

47. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
   (a) मनुष्य जनन प्रक्रिया में भ्रूण निषेचित अंडाणु का विकसित रूप होता है।
   (b) मनुष्य जनन प्रक्रिया में निषेचित अंडाणु भ्रूण का विकसित रूप होता है।
   (c) हाइड्रा में मुकुलन द्वारा जनन प्रक्रिया संपन्न होती है।
   (d) युग्लीना में द्विभाजन द्वारा जनन प्रक्रिया संपन्न होती है।

48. खाद्य विषाक्तता से बचाव के लिये निम्नलिखित में से कौन-सा/से कदम उपयोगी हो सकता/सकते है/हैं?
   1. भोज्य पदार्थों को कम ताप पर सुरक्षित रखना।
   2. भंडारित भोजन को खाने से पहले गर्म करना।
   3. सैल्मोनेला और क्लॉस्ट्रिडियम जैसे जीवाणुओं का उपयोग।

   कूट:
   (a) केवल 3 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 2 (d) केवल 1 और 3

49. कायिक प्रवर्द्धन की इस विधि में पादप की किसी निचली शाखा को नीचे झुकाकर धरती की सतह के पास लाकर मिट्टी से ढक दिया जाता है। शाखा का ढका हुआ भाग कुछ दिनों बाद जड़ें उत्पादित करता है। इसे काटकर स्वतंत्र रूप से उगाया जा सकता है। यह विधि है:
   (a) कलम बांधना (b) गूटी विधि
   (c) दाब लगाना (d) स्तंभ प्रवर्द्धन

50. स्टील्थ तकनीक के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
   1. स्टील्थ तकनीक का प्रयोग वायुयानों, जहाज़ों एवं पनडुब्बियों को रडार आदि की पकड़ में आने से बचाने के लिये किया जाता है।
   2. वायुयानों आदि को छुपाने के लिये उनका आकार इस तरह बनाया जाता है कि वे कम-से-कम तरंगों को परावर्तित करें।
   3. इनके ऊपर ऐसे पदार्थों की परत चढ़ाई जाती है कि रेडियो तरंगें इनके आर-पार निकल जाएँ।
   4. इनके ऊष्मा उत्सर्जन को न्यूनतम करने का प्रयास किया जाता है।

   कूट:
   (a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2, 3 और 4
   (c) केवल 1, 2 और 4 (d) केवल 1, 3 और 4

51. मानव पाचन तंत्र से सम्बद्ध गतिविधियों में निम्नलिखित में से कौन सम्मिलित नहीं है?
   (a) पाचन कार्य मुखगुहा से आरंभ हो जाता है।
   (b) प्रोटीन का पाचन आमाशय में आरंभ होता है।
   (c) कार्बोहाइड्रेट का पाचन ग्रासनली में होता है।
   (d) जठर रसों का स्राव आमाशय में होता है।

52. विटामिनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
   (a) विटामिन मानव शरीर को ऊर्जा देने के प्रमुख स्रोत हैं।
   (b) मानव शरीर में होने वाली अनेक रासायनिक अभिक्रियाएँ केवल विटामिनों के ज़रिये सम्पन्न होती हैं।
   (c) आहार में विटामिन K की कमी होने से मसूड़ों की त्वचा फटने लगती है।
   (d) विटामिन D जल में घुलनशील नहीं है।

## भारतीय एवं विश्व अर्थव्यवस्था

53. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये:

| | |
|---|---|
| A. लैफर वक्र | 1. किसी देश विशेष में अन्य देशों की तुलना में असमानता का मापक |
| B. फिलिप्स वक्र | 2. ऑप्शन (कॉल और पुट) तथा वायदा कारोबार |
| C. गिनी गुणांक | 3. बेरोज़गारी एवं मुद्रास्फीति से संबंधित वक्र |
| D. डेरीवेटिव | 4. कर आधार का विस्तार, इससे जैसे-जैसे कर में वृद्धि होगी, उसी के अनुरूप राजस्व बढ़ेगा |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

54. अवस्फीति के संबंध में इनमें से क्या सत्य नहीं है?
   (a) मुद्रा के मूल्य में वृद्धि, वस्तुओं और सेवाओं की कीमत में गिरावट, कारखानों का बंद होना तथा बेरोज़गारी चक्र।
   (b) मुद्रा के मूल्य में गिरावट, वस्तुओं और सेवाओं की कीमत में वृद्धि, कारखानों का बंद होना तथा बेरोज़गारी चक्र।
   (c) सरकार द्वारा मुद्रा को प्रचलन से निकाला जाना अथवा अत्यधिक प्रत्यक्ष कर लगाना या अत्यधिक सार्वजनिक ऋण लेकर उसका व्यय न करना।
   (d) केन्द्रीय बैंक द्वारा खुले बाज़ार से प्रतिभूतियों की बिक्री, सी.आर.आर. में वृद्धि तथा बैंक दर में वृद्धि के परिणामस्वरूप अवस्फीति की स्थिति उत्पन्न होना।



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



99. नाइट्रोजन चक्र से सम्बद्ध निम्नलिखित में से किसके कारण वायुमंडल में नाइट्रोजन बढ़ेगा?
1. अमोनियाकरण
2. विनाइट्रीकरण जीवाणु
3. नाइट्रीकरण जीवाणु
4. वायुमंडलीय स्थिरीकरण

कूट:
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 1, 2 और 4

100. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. क्योटो प्रोटोकॉल के तहत औद्योगिक देशों के लिये यह लक्ष्य निर्धारित किया गया कि वे अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 2012 तक 10% की कमी लाएंगे।
2. कार्बन क्रेडिट का आरंभ मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल से हुआ।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 2. (c) | 3. (d) | 4. (b) | 5. (c) | 6. (a) | 7. (c) | 8. (d) | 9. (b) | 10. (c) |
| 11. (c) | 12. (b) | 13. (a) | 14. (a) | 15. (c) | 16. (c) | 17. (d) | 18. (a) | 19. (b) | 20. (b) |
| 21. (b) | 22. (d) | 23. (d) | 24. (b) | 25. (a) | 26. (d) | 27. (d) | 28. (c) | 29. (b) | 30. (d) |
| 31. (d) | 32. (d) | 33. (b) | 34. (a) | 35. (a) | 36. (d) | 37. (d) | 38. (b) | 39. (a) | 40. (d) |
| 41. (d) | 42. (d) | 43. (d) | 44. (b) | 45. (a) | 46. (c) | 47. (b) | 48. (c) | 49. (c) | 50. (c) |
| 51. (c) | 52- (b) | 53. (a) | 54. (b) | 55. (a) | 56. (d) | 57. (b) | 58. (d) | 59. (d) | 60. (a) |
| 61. (b) | 62. (a) | 63. (b) | 64. (a) | 65. (b) | 66. (d) | 67. (b) | 68. (c) | 69. (a) | 70. (c) |
| 71. (d) | 72. (c) | 73. (d) | 74. (a) | 75. (a) | 76. (d) | 77. (b) | 78. (d) | 79. (c) | 80. (a) |
| 81. (d) | 82. (a) | 83. (d) | 84. (a) | 85. (c) | 86. (c) | 87. (d) | 88. (a) | 89. (a) | 90. (a) |
| 91. (c) | 92. (d) | 93. (d) | 94. (d) | 95. (c) | 96. (c) | 97. (a) | 98. (b) | 99. (b) | 100. (d) |

# उत्तर ( व्याख्या सहित )

## समसामयिकी

1. (c) इसी तरह का सर्वेक्षण 2014 में 1 लाख या इससे अधिक की जनसंख्या वाले 476 शहरों में कराया गया था।
2. (c)
3. (d)

- तमिलनाडु के रामनाथपुरम् ज़िले के कामुति में विश्व का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र शुरू किया गया है। इसकी उत्पादन क्षमता 648 मेगावाट है।
- अमेरिका, सोलर स्टार 579 मेगावाट की उत्पादन क्षमता के साथ दूसरे स्थान पर है।

4. (b) मानचित्र में पाँच विभिन्न क्षेत्रों को प्रदर्शित किया गया है, जहाँ भूकंप की संभावना अधिक है।
5. (c)
6. (a)
7. (c)
8. (d) यूनेस्को के अंतर्सरकारी ओशियनोग्राफिक ने इस मॉक ड्रिल का आयोजन हिन्द महासागर में किया, जिसमें 23 देशों ने भाग लिया।
9. (b)

- तेन्दुलकर गरीबी रेखा को जारी रखा जाए।
- रंगराजन या अन्य ऊँची ग्रामीण एवं शहरी गरीबी रेखा को अपनाया जाए।
- कुल आबादी के नीचे 30% की इस दौरान हुई प्रगति का पता लगाया जाए।
- गरीबी के विशेष हिस्से, जैसे- पोषण, आवास, पेयजल, सफाई, बिजली और कनेक्टिविटी की प्रगति देखी जाए।

10. (c)
11. (c) कर्मचारी वेतन व भत्ते - 29.7%
पेंशन निधि - 18.2%
ईंधन - 17.8%
लाभांश - 5.7%
12. (b)

## भारतीय राजव्यवस्था

13. (a) यह राज्य सूची में शामिल किसी विषय को राष्ट्रीय महत्त्व का घोषित कर सकती है। शेष कथन सही हैं।
14. (a)
15. (c) अनुच्छेद 169 के अनुसार संसद इस संबंध में विधि बना सकेगी, बशर्ते उस राज्य की विधान सभा ने इस आशय का संकल्प पारित किया हो।
16. (c)
17. (d) नेपाली भाषा को 71वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा जोड़ा गया था।
18. (a) 1948 में गठित जे.वी.पी. समिति ने भी भाषाई आधार पर राज्यों के पुनर्गठन से असहमति जताई थी।



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

# प्रैक्टिस पेपर 4

## सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

1. सनड्यू तथा ब्लैडरवर्ट क्या हैं?
   (a) मृतोपजीवी
   (b) आंशिक परजीवी
   (c) कीटभक्षी पौधे
   (d) एक प्रकार के विषाणु

2. निम्नलिखित में से कौन-सी विद्युत चुम्बकीय तरंगें हैं?
   1. $\alpha$ किरणें
   2. पराबैंगनी किरणें
   3. $\gamma$ किरणें
   4. अवरक्त विकिरण

   कूट:
   (a) केवल 1, 2 और 4 (b) केवल 1, 3 और 4
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

3. नगरों की बेतरतीब वृद्धि के कारण मच्छरों के प्रजनन स्थलों में वृद्धि हुई है। निम्नलिखित में से कौन प्राकृतिक मच्छर निरोधक के रूप में प्रयुक्त किये जा सकते हैं?
   1. नीम का तेल
   2. तुलसी
   3. पुदीना
   4. यूकेलिप्टस

   कूट:
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

4. निम्नलिखित में से कौन-सी विषाणुजनित बीमारियों के वाहक मच्छर होते हैं?
   1. मलेरिया
   2. डेंगू
   3. चिकनगुनिया
   4. पीत ज्वर
   5. जापानी इंसेफेलाइटिस

   कूट:
   (a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 1, 3 और 4
   (c) केवल 2 और 4 (d) केवल 2, 3, 4 और 5

5. पूर्ण आंतरिक परावर्तन का उपयोग होता है:
   1. इन्डोस्कॉपी में
   2. दूर संचार में
   3. पनडुब्बियों में
   4. बाइनोक्यूलर में
   5. दूरबीनों में

   कूट:
   (a) केवल 3 और 5 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 1, 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3, 4 और 5

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. तारत्व ध्वनि का एक प्रमुख लक्षण है।
   2. तारत्व आवृत्ति पर निर्भर करता है।
   3. ध्वनि के तारत्व का ध्वनि की तीव्रता से सीधा संबंध होता है।

   उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?
   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3
   (d) 1, 2 और 3

## भारतीय राजव्यवस्था

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. सदन के सत्रावसान की शक्ति लोक सभा अध्यक्ष में निहित होती है।
   2. सदन के विघटन की शक्ति राष्ट्रपति में निहित होती है।
   3. सदन में 'साइन डाइ' का अर्थ सत्रावसान से होता है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) केवल 1 और 2

8. वित्त विधेयक के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
   (a) सभी वित्त विधेयकों का वर्णन धन विधेयक से संबंधित अनुच्छेद में ही है।
   (b) सभी वित्त विधेयक लोक सभा में ही पेश हो सकते हैं।
   (c) सभी वित्त विधेयकों पर राष्ट्रपति की पूर्व-अनुमति आवश्यक नहीं है।
   (d) उपर्युक्त सभी।

9. सदनों की संयुक्त बैठक निम्नलिखित में से किस परिस्थिति में आहूत नहीं हो सकती है?
   (a) जब विधेयक को दूसरे सदन द्वारा अस्वीकार कर दिया जाता है।
   (b) जब विधेयक में संशोधन के बारे में दोनों सदन अंतिम रूप से असहमत हो जाते हैं।
   (c) जब विधेयक दूसरे सदन में छः माह से लम्बित है।
   (d) संविधान संशोधन विधेयक पर दोनों सदनों में गतिरोध होने पर।

10. संविधान सभा ने सर्वसम्मति से उद्देश्य प्रस्ताव को कब अंगीकृत किया?
    (a) 13 दिसंबर, 1946 (b) 22 जनवरी, 1947
    (c) 30 जून, 1947 (d) 26 नवंबर, 1949



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



D. फैजपुर 4. सैयद बदरुद्दीन तैयबजी की अध्यक्षता में संपन्न। वे कांग्रेज अधिवेशन की अध्यक्षता करने वाले पहले मुस्लिम अध्यक्ष थे।

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

50. निम्नलिखित व्यक्तियों को उनसे सम्बद्ध टिप्पणियों के साथ सुमेलित कीजिये:

| व्यक्ति | टिप्पणी |
|---|---|
| A. डेरियस | 1. ब्राह्मी लिपि में लिखे गए अशोक के शिलालेखों को पढ़ा। |
| B. जेम्स प्रिंसेप | 2. ईरान का अकमेनियन शासक जिसने अपने 20वें प्रांत के रूप में भारत के उत्तर-पश्चिमी भाग पर कब्जा कर लिया था। |
| C. जीमूतवाहन | 3. मध्यकाल के प्रसिद्ध विधिवेत्ता जो मिताक्षरा के रचयिता हैं। |
| D. विज्ञानेश्वर | 4. मध्यकाल के प्रसिद्ध विधिवेत्ता जो दायभाग के रचयिता हैं। |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

51. भारत में सूफी विकास के बारे में इनमें से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?
(a) चिश्ती और सुहरावर्दी सिलसिले दो प्रमुख सिलसिले थे और दोनों सादगी और गरीबी के जीवन में विश्वास करते थे।
(b) चिश्ती एक बाशरा (इस्लामी कानून का अनुसरण करने वाला) आंदोलन था जबकि सुहरावर्दी सिलसिला बेशरा (इस्लामी कानून का पालन नहीं करने वाला)आंदोलन था।
(c) चिश्तियों में प्रमुख थे- निजामुद्दीन औलिया और नासिरुद्दीन चिराग ए देहलवी। सुहरावर्दी सिलसिले में प्रमुख थे- शिहाबुद्दीन सुहरावर्दी और अब्दुल हामिद नागौरी।
(d) सूफी खानकाह सूफियों द्वारा चलाए गए सामुदायिक केन्द्र/छात्रावास थे जो शिक्षक (शेख) और उनके छात्रों के बीच घनिष्ठ और उपयोगी संबंधों का केंद्र बन गए।

52. निम्नलिखित पदों को उनसे सम्बद्ध टिप्पणियों के साथ सुमेलित कीजिये:

| पद | टिप्पणियाँ |
|---|---|
| A. जातक | 1. काली मिर्च का नाम। |
| B. अनुव्रत | 2. मंदिर स्थापत्य के तीन रूपों में से एक। यह नागर एवं द्रविड़ शैली का मिश्रण था। |
| C. यवनप्रिया | 3. जैन धर्म में जीवन से सम्बद्ध पाँच छोटी प्रतिज्ञाएँ हैं जिनमें हिंसा, झूठ, चोरी से परहेज, अपनी पत्नी से ही संतोष करना और अपनी संपत्ति को सीमित करना शामिल हैं। |
| D. बेसर | 4. बुद्ध के पिछले जन्मों की 550 से अधिक कहानियाँ। |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

53. बटलर समिति (1927) का कार्य मुख्य रूप से संबंधित था:
(a) ब्रिटिश साम्राज्य व देसी रियासतों के मध्य संबंधों का परीक्षण करना।
(b) साइमन कमीशन को सहयोग देना।
(c) देसी रियासतों की स्वायत्तता की मांगों का परीक्षण करना।
(d) इनमें से कोई नहीं।

54. मुस्लिम लीग के चौदह सूत्री कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नांकित में से कौन सही नहीं है?
(a) संघीय संविधान और अवशिष्ट शक्तियाँ केंद्र में निहित।
(b) मुंबई प्रांत से सिंध का पृथक्करण।
(c) सभी संप्रदायों के लिये पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता।
(d) प्रांतीय स्वायत्तता।

55. मराठा प्रशासन के संदर्भ में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिये:
1. 1750 ई. की 'संगोला की संधि' ने पेशवा की शक्तियों को क्षीण कर सतारा के राजा को राज्य का वास्तविक मुखिया बना दिया।
2. पेशवा बाजीराव की उत्तर में प्रसार की नीति का शाहू द्वारा विरोध किया गया क्योंकि उसे डर था कि पेशवा की बढ़ती हुई शक्तियाँ हितों में परस्पर घर्षण उत्पन्न करेंगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से असत्य है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

56. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
1. 1936-37 के आम चुनाव में कांग्रेस को पाँच प्रांतों में बहुमत प्राप्त हुआ और दो प्रांतों उत्तर पश्चिम सीमांत प्रांत तथा असम में यह सबसे बड़े दल के रूप में सामने आई, लेकिन कांग्रेस केंद्रीय समिति ने इन प्रांतों में मंत्रिमंडल बनाने से मनाही कर दी।
2. वायसराय लॉर्ड लिनलिथगो ने कांग्रेस को यह आश्वासन नहीं दिया कि गवर्नर प्रांतीय मंत्रिमंडल के दैनिक कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करेंगे।

कूट:
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



8. (d) सभी कथन असत्य हैं।
9. (d) संविधान संशोधन विधेयक की दशा में संयुक्त बैठक नहीं हो सकती है।
10. (b)
11. (b) राष्ट्रपति और राज्यपाल दोनों मृत्युदंड का निलंबन, लघुकरण और परिहार कर सकते हैं लेकिन मृत्युदंड को केवल राष्ट्रपति ही क्षमा कर सकता है।
12. (d) सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया है कि ऐसे निर्णय न्यायिक पुनर्विलोकन के विषय हैं।
13. (a) संघीय ढाँचे से संबंधित संशोधन के लिये उसे राज्य विधानमंडलों के पास भेजा जाना संविधान की कठोरता का लक्षण है, इसके लचीलेपन का नहीं। अत: कथन 1 और 2 ही सही हैं।
14. (c) यदि राष्ट्रपति के पास विधेयक भेजने के बाद, किंतु उसकी अनुमति मिलने से पहले ही सरकार गिर जाए और लोक सभा के बहुमत से बनी नई सरकार अर्थात् मंत्रिपरिषद् राष्ट्रपति को वह विधेयक अस्वीकार करने की सलाह दे, तो वह आत्यांतिक वीटो का प्रयोग कर सकता है।
15. (b) 'परमादेश' न्यायिक और लोक प्राधिकारियों दोनों के विरुद्ध जारी होता है जबकि 'प्रतिषेध' केवल लोक प्राधिकारियों के विरुद्ध जारी होता है। 'बंदी प्रत्यक्षीकरण' रिट राज्य के अधिकारियों, प्राधिकारियों और निजी व्यक्तियों के विरुद्ध जारी होता है। एक उच्च न्यायालय अपने न्यायाधिकार क्षेत्र में रिट जारी कर सकता है। उच्च न्यायालय का रिट न्यायाधिकार विशिष्ट नहीं है बल्कि यह सर्वोच्च न्यायालय के रिट न्यायाधिकार से संगत है क्योंकि पीड़ित व्यक्ति के समक्ष इनमें से किन्हीं एक तक पहुँचने का विकल्प होता है। उच्च न्यायालय का रिट न्यायाधिकार क्षेत्र सर्वोच्च न्यायालय से अधिक है क्योंकि जहाँ सर्वोच्च न्यायालय में मौलिक अधिकारों के उल्लंघन से सम्बद्ध मामले पर ही पीड़ित व्यक्ति जा सकता है, वहीं मौलिक अधिकारों और विधिक अधिकारों के उल्लंघन की स्थिति में वह उच्च न्यायालय जा सकता है।
16. (b) राष्ट्रपति संयुक्त बैठक बुलाता है और लोक सभा अध्यक्ष उसकी अध्यक्षता करता है। यदि राष्ट्रपति संयुक्त बैठक नहीं बुलाता है तो विधेयक समाप्त हो जाता है। समान मत की स्थिति में लोक सभा अध्यक्ष निर्णायक मत देता है।
17. (a)
18. (b)
19. (d)
20. (d) राज्यपाल पर इस आधार पर प्रश्न नहीं उठाया जा सकता कि क्या संविधान किसी विषय पर उसे अपने विवेकाधिकार से कार्य करने को प्राधिकृत करता है। अनुच्छेद 163(2) के अनुसार उसके द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होता है। अत: यह न्यायालयों के मूल न्यायाधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नहीं आता है।
21. (a) 42वें संविधान संशोधन के द्वारा स्वर्ण सिंह समिति की सभी सिफारिशों को स्वीकार नहीं किया गया। कुछ कर्त्तव्यों को शामिल नहीं किया गया।
22. (c)
23. (b) मेनका गांधी बनाम भारत संघ मामले के निर्णय से पूर्व न्यायिक समीक्षा निम्न तक सीमित थी–
    (i) विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया का अनुचित क्रियान्वयन जिससे अनुच्छेद 21 के अंतर्गत प्रदत्त जीवन और दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार राज्य द्वारा व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर अतिक्रमण करने के कारण संकट में पड़ जाए।
    (ii) न्यायिक जाँच कार्यपालिका के कार्यों तक सीमित है।

    इस निर्णय ने 'विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया' को विधि की उचित प्रक्रिया से प्रतिस्थापित नहीं किया। इसने कहा कि एक प्रक्रिया निश्चित रूप से न्यायपूर्ण निष्पक्ष व उचित होनी चाहिये और इस प्रकार 'उचित प्रक्रिया' का सिद्धांत प्रारंभ किया। इसलिये यह न्यायिक सर्वोच्चता में भारत को अमेरिका के समतुल्य लाने की सीमा तक नहीं गया क्योंकि अमेरिका 'उचित प्रक्रिया' में भारत से बहुत आगे है।
24. (c)
25. (d)
26. (c)
27. (c) राज्य विधान मंडल को वर्ष में कम-से-कम दो बार मिलना चाहिये।

## भारतीय एवं विश्व अर्थव्यवस्था

28. (c) बीमा धारक की प्राकृतिक मृत्यु होने पर योजना के तहत ₹ 30,000/- का भुगतान किया जाता है।
29. (c) कथन 4 भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार का अंग नहीं है।
30. (d) मुद्रास्फीति में मांग-प्रेरित और लागत-प्रेरित कारक एक साथ कार्य करते हैं।
31. (d)
32. (d) SDR अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा जारी किये जाते हैं।
33. (a)
34. (c) ऐसा वर्ग जिसे महीने के अन्त में स्थिर आय प्राप्त होती है, जैसे- वेतनभोगी कर्मचारी, मज़दूर आदि मुद्रास्फीति से बुरी तरह प्रभावित होते हैं क्योंकि मुद्रा की क्रय शक्ति में कमी के कारण उसकी वास्तविक आय कम हो जाती है। उत्पादक तथा व्यापारी वर्ग मूल्य-वृद्धि के कारण अधिक लाभान्वित होते हैं क्योंकि लागत में उतनी वृद्धि नहीं होती है जितनी लाभ में होती है। क्रयशक्ति में कमी के कारण ऋणदाता वर्ग हानि की स्थिति में होते हैं जबकि ऋणी को लाभ प्राप्त होता है।
35. (c) चालू खाते का घाटा जितना ही अधिक होता जाएगा, इसे पूरा करने के लिये अत्यंत ही ऊँची दर पर विदेशी बाज़ार से ऋण लेना होगा जो चालू खाते के घाटे को संचयी रूप से और बढ़ाएगा। अत: चालू खाते का संतुलन महत्त्वपूर्ण है। कथन 2 भी सही है।
36. (b) यह अवधारणा वेबलन प्रभाव से संबंधित है।
37. (d)
38. (c) बढ़ता हुआ राजकोषीय घाटा सरकार की उधारी में वृद्धि प्रदर्शित करता है।
39. (a)
40. (d) राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित घटक हैं–
    1. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना।
    2. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना।



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

दृष्टि The Vision

Most trusted & renowned institute among IAS aspirants

घर बैठे IAS बनने का सपना करें साकार!

DLP

दूरस्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम

Distance Learning Programme

इस कार्यक्रम के अंतर्गत आप घर बैठे दृष्टि संस्थान द्वारा तैयार परीक्षोपयोगी पाठ्य-सामग्री मंगवा सकते हैं। यह पाठ्य-सामग्री, विशेष रूप से ऐसे अभ्यर्थियों को ध्यान में रखकर ही तैयार की गई है जो किसी कारण से दिल्ली आकर कक्षाएँ करने में असमर्थ हैं। यह पाठ्य-सामग्री सिविल सेवा परीक्षा के नवीन पाठ्यक्रम के अनुरूप है और इसे विभिन्न समसामयिक घटनाओं, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं एवं समितियों की रिपोर्टों के माध्यम से अद्यतन (up-to-date) एवं परीक्षोपयोगी बनाया गया है।



| | |
|---|---|
| सामान्य अध्ययन (प्रा.+मुख्य परीक्षा) (26+4 Booklets) ₹12000/- | सामान्य अध्ययन (मुख्य परीक्षा) (23 Booklets) ₹10000/- |
| सामान्य अध्ययन + सीसैट (26+4+8 Booklets) ₹15000/- | हिन्दी साहित्य- ₹6000/-<br>दर्शनशास्त्र- ₹5000/- |

पाठ्यक्रम, नोट्स तथा बैच संबंधी updates निरंतर पाने के लिये निम्नलिखित पेज को "like" करें

www.facebook.com/drishtithevisionfoundation www.twitter.com/drishtiias

For any query please contact:

   1. वैज्ञानिकों ने इसकी खोज LIGO (Laser Interferometer Gravitational– Wave Observatory) नामक उपकरण की मदद से की है।
   2. ये तरंगें उस स्थान का पता लगाने में मदद करती हैं जहाँ ब्लैक होल्स का विलय होता है।
   3. खगोलविदों का मानना है कि इन तरंगों की पुष्टि हो जाने के बाद अब ब्रह्मांड की उत्पत्ति के कुछ और रहस्यों पर से आवरण उठ सकता है।
   4. आइंस्टीन के अनुसार हर ऐसी चीज, जो त्वरण द्वारा अपनी गति को बढ़ा रही हो, गुरुत्वीय तरंग पैदा करती है।

   कूटः
   (a) केवल 3
   (b) केवल 4
   (c) 2, 3 और 4
   (d) 1, 2, 3 और 4

100. हाल ही में मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने यूजीसी द्वारा निर्मित भारतवाणी पोर्टल व एप की शुरुआत की है। इसके संबंध में क्या सही है?
   1. 'भारतवाणी' एक परियोजना है जिसका उद्देश्य मल्टीमीडिया का उपयोग करते हुए भारत की समस्त भाषाओं के बारे में एवं भारतीय भाषाओं में उपलब्ध ज्ञान को एक पोर्टल पर उपलब्ध कराना है।
   2. यह विश्व का सबसे बड़ा इंटरनेट लैंग्वेज़ पोर्टल है।

   कूटः
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 2. (c) | 3. (a) | 4. (c) | 5. (b) | 6. (c) | 7. (b) | 8. (a) | 9. (b) | 10. (a) |
| 11. (d) | 12. (c) | 13. (b) | 14. (b) | 15. (a) | 16. (d) | 17. (c) | 18. (d) | 19. (c) | 20. (b) |
| 21. (d) | 22. (a) | 23. (b) | 24. (c) | 25. (c) | 26. (b) | 27. (b) | 28. (c) | 29. (b) | 30. (b) |
| 31. (a) | 32. (c) | 33. (c) | 34. (d) | 35. (b) | 36. (c) | 37. (a) | 38. (a) | 39. (b) | 40. (b) |
| 41. (b) | 42. (c) | 43. (b) | 44. (b) | 45. (b) | 46. (c) | 47. (b) | 48. (c) | 49. (d) | 50. (b) |
| 51. (d) | 52. (a) | 53. (c) | 54. (a) | 55. (d) | 56. (d) | 57. (c) | 58. (d) | 59. (a) | 60. (d) |
| 61. (b) | 62. (d) | 63. (b) | 64. (b) | 65. (c) | 66. (c) | 67. (d) | 68. (c) | 69. (c) | 70. (b) |
| 71. (c) | 72. (d) | 73. (c) | 74. (a) | 75. (d) | 76. (b) | 77. (d) | 78. (b) | 79. (c) | 80. (c) |
| 81. (a) | 82. (c) | 83. (d) | 84. (b) | 85. (d) | 86. (d) | 87. (d) | 88. (b) | 89. (a) | 90. (c) |
| 91. (c) | 92. (d) | 93. (b) | 94. (b) | 95. (d) | 96. (c) | 97. (a) | 98. (b) | 99. (d) | 100. (c) |

## उत्तर (व्याख्या सहित)

### सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

1. (c) बायोगैस अवायवीय पाचन या जैविक पदार्थ के किण्वन से उत्पन्न होने वाली गैस है। इसमें मुख्यत: मीथेन और कार्बन डाइऑक्साइड होती हैं।
2. (c) बहुलक दो प्रकार के हो सकते हैं– थर्मोप्लास्टिक बहुलक और थर्मोसेटिंग बहुलक। थर्मोप्लास्टिक बहुलकों में यह क्षमता होती है कि ये गर्म करने पर बारम्बार मुलायम हो सकते हैं और ठंडा होने पर कड़े हो सकते हैं। कुछ सामान्य थर्मोप्लास्टिक हैं– पॉलिथीन, पॉलीएस्टरिन, पॉलीविनाइल। गर्म करने पर थर्मोसेटिंग बहुलक को पिघलाया नहीं जा सकता है। इनका पुनर्उपयोग नहीं किया जा सकता है। इनका सामान्य उदाहरण बैकेलाइट इत्यादि है।
3. (a)
4. (c)
5. (b)
6. (c)
7. (b) डायटम ऐसे सूक्ष्म जीव हैं जो पानी में प्रचुरता में पाये जाते हैं। डूबने से होने वाली मृत्यु का पता लगाने में इनका प्रमुखता से उपयोग होता है।
8. (a) प्लीहा वस्तुत: सभी कशेरुकियों में पाया जाने वाला अंग होता है। वृहद् लसिका ग्रंथि के समरूप यह प्राथमिक तौर पर रक्त निस्यंदक की भाँति कार्य करता है। प्लीहा RBCs और प्रतिरक्षा तंत्र के संदर्भ में महत्त्वपूर्ण भूमिकाओं का निर्वहन करता है।
9. (b) कशेरुकियों के अंतर्गत उभयचर, सरीसृप, स्तनधारी और पक्षी आते हैं। अन्य जीव अकशेरुकीय हैं। केवल कशेरुकियों में रीढ़ की हड्डी या मेरुरज्जु होती है। पाए जाने वाले कुल जीवों का अधिकांश अकशेरुकीय हैं।
10. (a)

| | जीवाणु | विषाणु |
|---|---|---|
| राइबोसोम | उपस्थित | अनुपस्थित |
| नाभिक | अनुपस्थित | अनुपस्थित |
| कोशिका भित्ति | उपस्थित | अनुपस्थित |
| डीएनए/आरएनए | उपस्थित | उपस्थित |

11. (d) कैपेसिटिव टचस्क्रीन में रिज़िस्टिव टचस्क्रीन से अधिक स्पष्टता होती है। रिज़िस्टिव टचस्क्रीन में विद्युत धारा का माप किया जाता है जबकि कैपेसिटिव टचस्क्रीन में विद्युत आवेश का माप किया जाता है।
12. (c) अपने धात्विक रूप में कैडमियम एक विषैला पदार्थ है जिसमें पारिस्थितिकीय खाद्य श्रृंखला में संचित होने की प्रवृत्ति होती है।

### भारतीय एवं विश्व अर्थव्यवस्था

13. (b)
14. (b)
15. (a) सब स्टैंडर्ड परिसंपत्ति में साख दुर्बलताएँ होती हैं जो ऋण की तरलता को बाधित करती हैं और यदि कमियों को दूर न किया गया तो बैंकों को कुछ हानि हो सकती है।
16. (d)
17. (c)
18. (d)
19. (c) आरबीआई के सभी ग्राहकों के पास रेपो दर पर ऋण उपलब्ध रहता है लेकिन सीमांत स्थायी सुविधा पर ऋण केवल अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के पास उपलब्ध होता है। एसएलआर आवश्यकताओं के अंतर्गत खरीदी गई सरकारी प्रतिभूतियों को रेपो दर के तहत ऋण निधि के लिये उपयोग करने की अनुमति नहीं होती है लेकिन अपवादस्वरूप बैंक सीमांत स्थायी सुविधा दर पर ऋण लेने के दौरान एसएलआर उद्देश्य से रखी गई प्रतिभूतियों का उपयोग कर सकते हैं। सीमांत स्थायी सुविधा दर को रेपो दर से 1% अधिक पर रखा जाता है।
20. (b)
21. (d) संसद की अनुमति के बिना भारत की संचित निधि से कोई राशि नहीं निकाली जा सकती है। लेकिन लोक खाता और भारत की आकस्मिक निधि से भुगतान के लिये संसदीय अनुमति की आवश्यकता नहीं होती है।
22. (a)
23. (b) जब लेन-देन भुगतान संतुलन की अवस्था से अधिक स्वतंत्र हो जाते हैं तो अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक लेन-देन को स्वायत्त कहा जाता है। दूसरी ओर, समंजनकारी लेन-देन स्वायत्त मदों के निवल परिणाम से



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

# प्रैक्टिस पेपर 9

## भारतीय राजव्यवस्था

1. भारत के सर्वोच्च न्यायालय के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   1. जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत सर्वोच्च न्यायालय में अपील की जा सकती है।
   2. राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति निर्वाचन अधिनियम, 1952 के भाग-3 के अंतर्गत चुनाव याचिकाएँ भी सीधे सर्वोच्च न्यायालय में दायर की जा सकती हैं।
   3. इसके पास केवल राष्ट्रपति द्वारा भेजे गए मामलों के संबंध में परामर्शदात्री न्यायाधिकार है और यह परामर्श सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपनी आरंभिक अधिकारिता में दायर किये गए मुकदमे के निर्णय की तरह निष्पादन योग्य होता है।
   4. अनुच्छेद 131 द्वारा बाहर किये गए संविधान-पूर्व संधियों और समझौतों से सम्बद्ध विवादों को सर्वोच्च न्यायालय के आरंभिक क्षेत्राधिकार के अंतर्गत एक याचिका के रूप में लाया जा सकता है।

   कूट:
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 4 (d) केवल 3

2. केंद्रीय मंत्रिपरिषद् के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   1. केंद्रीय मंत्रिपरिषद् सामूहिक रूप से लोक सभा के प्रति उत्तरदायी होती है।
   2. मंत्रिमंडल का गठन मंत्रिपरिषद् के ही चुने हुए मंत्रियों में से किया जाता है।

   कूट:
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2

3. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन गणतंत्र का अर्थ दर्शाता है/दर्शाते हैं?
   1. इसमें राज्य का प्रमुख केवल प्रत्यक्षतः निर्वाचित होता है।
   2. इसमें राज्य का प्रमुख केवल अप्रत्यक्षतः निर्वाचित होता है।
   3. इसमें राज्य का प्रमुख प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः निर्वाचित होता है।
   4. जनता की संप्रभुता होती है और सार्वजनिक पद बिना किसी भेदभाव के सभी के लिये खुले होते हैं।

   कूट:
   (a) केवल 1 और 4
   (b) केवल 2 और 4
   (c) केवल 3
   (d) केवल 3 और 4

4. संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक संबंधी प्रावधान भारतीय संविधान ने किस देश के संविधान से अपनाया है?
   (a) कनाडा (b) ऑस्ट्रेलिया
   (c) फ्राँस (d) अमेरिका

5. भारत में शहरी निकायों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?
   (a) प्रथम नगर निगम की स्थापना मद्रास में 1687-88 में की गई थी और उसके बाद 1726 में बम्बई और कलकत्ता में।
   (b) 74वें संविधान संशोधन के अनुसार, नगरीय निकायों के 3 प्रकार हैं- संक्रमणशील क्षेत्रों के लिये नगर पंचायत, छोटे नगरीय क्षेत्रों के लिये नगरपालिका, बड़े नगरीय क्षेत्रों के लिये नगर निगम।
   (c) 12वीं अनुसूची में नगरीय नियोजन, भूमि उपयोग और भवन निर्माण के विनियमन, बूचड़खाने और चर्मशोधन-शालाओं के विनियमन सहित 18 विषय समाहित हैं।
   (d) 74वें संविधान संशोधन के अनुसार ज़िला नियोजन समिति गठित की जाती है और इसके सदस्यों का निर्वाचन ज़िले में नगरपालिकाओं के निर्वाचित सदस्यों द्वारा होता है।

6. राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के बीच अंतर के निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?
   (a) राष्ट्रपति के निर्वाचन मामले से भिन्न, राज्य विधानमंडलों के सदस्य उपराष्ट्रपति निर्वाचन में निर्वाचक मंडल के सदस्य नहीं होते हैं।
   (b) राष्ट्रपति निर्वाचन के मामले में चुनाव एकल संक्रमणीय मत प्रणाली के आधार पर आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली द्वारा होता है जबकि उपराष्ट्रपति निर्वाचन के मामले में ऐसा नहीं होता है।
   (c) राष्ट्रपति बनने के लिये आवश्यक है कि व्यक्ति लोक सभा का सदस्य बनने के लिये अर्ह हो जबकि उपराष्ट्रपति बनने के लिये आवश्यक है कि व्यक्ति राज्य सभा का सदस्य बनने के लिये अर्ह हो।
   (d) उपराष्ट्रपति के विरुद्ध औपचारिक तौर पर महाभियोग नहीं लगाना पड़ता है।



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



## भारतीय एवं विश्व अर्थव्यवस्था

30. निम्नलिखित को सुमेलित कीजियेः

| अवधारणा | टिप्पणी |
|---|---|
| A. चालू खाता घाटा | 1. एक किसान का बेटा खेत में अपने पिता के साथ काम करना आरंभ करता है लेकिन उत्पादकता और किसान की आय समान बनी रहती है। |
| B. क्राउडिंग | 2. एक देश द्वारा विदेशों को अपने उत्पाद विक्रय की तुलना में वहाँ से अधिक वस्तुएँ और सेवाएँ खरीदना। |
| C. मुद्रास्फीति | 3. सरकार द्वारा ऋण बाज़ार की निधियों के अधिकांश भाग को सब्सिडी का वित्तीयन करने के लिये नियंत्रित करना। |
| D. प्रच्छन्न बेरोज़गारी | 4. अत्यधिक क्रेता और न्यूनतम उत्पाद। |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

31. केंद्रीय कर राजस्व के मुख्य स्रोत हैं:
   1. सीमा शुल्क
   2. संपत्ति कर
   3. सेवा कर
   4. कंपनी कर

कूटः
(a) केवल 1, 2 और 4
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

32. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन निर्धनता दुष्चक्र के संदर्भ में गलत है?
(a) यह दर्शाता है कि निर्धनता स्वयं को बल प्रदान करने वाली एक परिघटना है।
(b) यह चक्र को विखंडित करने के लिये बाह्य हस्तक्षेप की आवश्यकता दर्शाता है।
(c) यह दर्शाता है कि निर्धनता पीढ़ी दर पीढ़ी की परिघटना है जब तक कि निर्धनों को 'दुष्चक्र' से 'सुचक्र' में भेजने के लिये हस्तक्षेप न किया जाए।
(d) खाद्य सुरक्षा योजना वह योजना है जो निर्धनों को 'दुष्चक्र' से 'सुचक्र' में भेज सकती है।

33. निम्नलिखित में से कौन बेसल III शर्तों की सही स्थिति को दर्शाता है?
(a) उच्च बफर पूंजी, शेयर पूंजी का उच्चतर प्रतिशत, उच्च लाभ।
(b) उच्च बफर पूंजी, शेयर पूंजी का उच्चतर प्रतिशत, निम्न लाभ।
(c) उच्च बफर पूंजी, शेयर पूंजी का निम्न प्रतिशत, निम्न लाभ।
(d) निम्न बफर पूंजी, शेयर पूंजी का निम्न प्रतिशत, निम्न लाभ।

34. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन गलत है/हैं?
   1. WPI मुद्रास्फीति का महत्त्वपूर्ण सूचकांक है जिसका आधार वर्ष 1993-94 से बदलकर 2004-05 किया गया है।
   2. तारापोर समिति ने पूंजी खाते में परिवर्तनीयता के लिये 3 चरणों के रोडमैप की सिफारिश की थी।
   3. ब्याज भुगतान चालू खाते के अंग होते हैं।

कूटः
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 3

35. निम्नलिखित में से कौन-से सही सुमेलित हैं?

| | कथन | कारण |
|---|---|---|
| 1. | मध्याह्न भोजन योजना (1995) का उद्देश्य न केवल प्राथमिक कक्षाओं में पोषण उपलब्ध कराना है बल्कि शिक्षा का सार्वभौमीकरण भी है। | मध्याह्न भोजन प्रदान करने का उद्देश्य बच्चों (प्राथमिक कक्षाओं में) को पोषण प्रदान करने के अतिरिक्त नामांकन, अवधारण तथा उपस्थिति में वृद्धि करना है। |
| 2. | NAFED तथा TRIFED जैसी संस्थाएँ शोषण से संरक्षण तथा उत्पादक व बाज़ार के बीच सम्पर्क माध्यम के रूप में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। | दोनों सहकारी बाज़ार की एजेंसियाँ हैं और सहकारिता के आधार पर कार्य करती हैं। TRIFED का उद्देश्य आदिवासियों को शोषण से बचाना और लघु वनोत्पाद तथा कृषि अधिशेष उत्पादों का उचित मूल्य दिलाना है। NAFED कृषि उत्पादों के विपणन के लिये स्थापित किया गया शीर्ष निकाय है। |
| 3. | वायदा कारोबार, अग्रिम कारोबार तथा स्वैप व्युत्पन्न बाज़ार के उपकरण हैं। | व्युत्पन्न बाज़ार ऐसे बाजार हैं जो लाभांश खरीदते व बेचते हैं। |
| 4. | ब्याज दर घटाने में भारतीय रिज़र्व बैंक का सतत् रूप से चौकन्ना रुख कुछ चिंताजनक प्रवृत्तियों के बने रहने के कारण है। | महँगाई दर (अगस्त में भी थोक महँगाई 6 महीने के सबसे ऊँचे स्तर पर थी और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक दहाई की संख्या के निकट था), और रुपए की गिरावट का खतरा। |

कूटः
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



11. (b) अमृतसर के लोग अपने लोकप्रिय नेताओं डॉ. सैफुद्दीन किचलू और डॉ. सत्यपाल की गिरफ्तारी के विरोध में एकत्र हुए थे। अत: कथन 1 तथा 2 गलत हैं। शेष कथन सही हैं।
12. (d) 'दीवान-ए-कोही' विभाग को बनाने का श्रेय मध्यकालीन शासक मुहम्मद बिन तुगलक को दिया जाता है। हालाँकि इसके कार्यान्वयन को अक्षमता और प्रशासन के भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ा। शेष कथन सही हैं।
13. (a)
14. (c) भारत छोड़ो आंदोलन के आरंभ होते ही कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया था। इस स्थिति में अरुणा आसफ अली ने 9 अगस्त, 1942 को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अधिवेशन की अध्यक्षता की थी।
15. (b) टीपू सुल्तान जो कि मैसूर का शासक था, अपने समकालीन शासकों में काफी प्रगतिशील सोच रखता था। उसने कई सुधारवादी कदम उठाए जिनमें सिक्का ढलाई की नई तकनीक को अपनाना, नये कैलेण्डर लागू करना, माप-तौल के नये पैमाने अपनाना आदि शामिल थे। वह फ्राँसीसी क्रांति में गहरी रुचि रखता था और उसने अपनी राजधानी श्रीरंगपट्टनम में 'स्वतंत्रता का वृक्ष' लगाया एवं जैकोबिन क्लब स्थापित किया। अत: कथन 1, 2 और 4 सही हैं। उसने राज्य एवं किसानों के बीच मध्यस्थों की भूमिका को समाप्त करने की कोशिश की और जागीर देने की प्रथा को समाप्त करके राजकीय आय बढ़ाने की कोशिश की। अत: कथन 3 असत्य है।
16. (d) 'कॉर्नवालिस संहिता' के संदर्भ में कथन (a), (b) एवं (c) तीनों सही हैं।
17. (b) कथन 1 और 2 सही हैं। पत्रकारिता के लिये ब्रिटिश सरकार द्वारा सजा पाने वाले पहले भारतीय सुरेन्द्रनाथ बनर्जी थे जिन पर 1883 में कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नॉरिस के खिलाफ लेख लिखने पर मानहानि का मुकदमा चला और पाँच जजों की पीठ, जिसमें चार यूरोपीय थे, द्वारा उन्हें 2 माह कैद की सज़ा दी गई। अत: कथन 3 असत्य है।
18. (b) 'बंग-भंग आंदोलन' के संदर्भ में कथन 1 और 2 सही हैं। यह आंदोलन 7 अगस्त, 1905 को आरम्भ हुआ। वास्तव में आंदोलन के दौरान नरमपंथी और उग्र राष्ट्रवादी दोनों ने एक-दूसरे का सहयोग किया।
19. (b)
    - **लाहौर अधिवेशन (1929):** कार्यकारिणी समिति को सविनय अवज्ञा आंदोलन आरंभ करने की अनुमति, 'पूर्ण स्वराज' का प्रस्ताव पारित।
    - **मद्रास अधिवेशन (1927):** साइमन कमीशन बहिष्कार का प्रस्ताव पारित।
    - **कराची अधिवेशन (1931):** राष्ट्रीय आर्थिक कार्यक्रम को स्वीकृति, गांधी-इरविन समझौते का अनुमोदन और मौलिक अधिकारों के प्रस्ताव को स्वीकृति।
    - **हरिपुरा अधिवेशन (1938):** जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में राष्ट्रीय योजना समिति का गठन।
20. (b) कांग्रेस ने अपने 1928 के कलकत्ता अधिवेशन में यह घोषित किया था।
21. (d)
22. (a)
23. (a) बौधायन शुल्व सूत्र 'पाइथागोरस प्रमेय' से सम्बद्ध है।
24. (d) तोलकाप्पियम व्याकरण ग्रंथ था।
25. (d)
26. (a)
27. (c) 'नाई-धोबी बंद' नामक आंदोलन 1918-19 के दौरान प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) में चलाया गया था। इसमें ज़मींदारों और ताल्लुकदारों का सामाजिक बहिष्कार किया गया था।
28. (a)
29. (c) 'बणी-ठणी' चित्रकला का संबंध चित्रकला की किशनगढ़ शाखा से है, जो राजा सेवंत सिंह के काल में प्रारंभ हुई।

## भारतीय एवं विश्व अर्थव्यवस्था

30. (d)
31. (b)
32. (d) निर्धनता का दुष्चक्र दर्शाता है कि निर्धनता एक स्वत: प्रभावी परिघटना है क्योंकि यह व्यवहारों और परिस्थितियों के ऐसे प्रारूप से संबद्ध होता है जिसे आसानी से परिवर्तित नहीं किया जा सकता है। निर्धन लोगों को निर्धनता से मुक्त होने के लिये वित्तीय पूंजी, शिक्षा या संपर्क जैसे आवश्यक संसाधनों की आवश्यकता होती है। दुष्चक्र से नेक चक्र में प्रवेश करने के लिये बाह्य हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है। इसे बहिर्जात कारकों के ज़रिये आरंभ किया जा सकता है। इनमें से एक कारक उत्पादन प्रभावशीलता लाने वाला तकनीकी नवाचार हो सकता है। इससे उपभोग बढ़ता है, मांग बढ़ती है और इस प्रकार एक चक्र आरम्भ होता है। इस आलोक में, खाद्य सुरक्षा योजना दुष्चक्र से बाहर निकलने के बाह्य हस्तक्षेप से संबंधित नहीं है। इसके स्थान पर यह निर्धनता के दुष्चक्र में फँस गए निर्धनों को पोषण सुरक्षा प्रदान करने से संबंधित है।
33. (b) बफर पूंजी- बैंक में पूंजी के सीमांत बफर की पर्याप्तता।
    शेयर पूंजी- पूंजी दो प्रकार की होती है- ऋण और इक्विटी। इक्विटी एक शेयर पूंजी है जिसके तहत पूंजी व्यवस्था करने के लिये शेयर धारकों को इक्विटी दी जाती है। यह एक गैर-ऋण सृजन है लेकिन इक्विटी कंपनी की स्वामित्व संरचना को परिवर्तित कर देती है।
    लाभ- यह अधिक लाभ सृजित करने के लिये किसी निवेश में कम पूंजी लगाने से सम्बद्ध है।
    बेसल-III शर्तें उच्च बफर पूंजी, शेयर पूंजी का उच्चतर प्रतिशत और कम लाभ की अपेक्षा करती हैं।
34. (d) ब्याज भुगतान पूंजी खाते के अंग होते हैं।
35. (c) व्युत्पन्न बाज़ार ऐसे बाज़ार हैं जो व्युत्पन्नों की खरीद-बिक्री करते हैं। व्युत्पन्न ऐसे वित्तीय उपकरण हैं जो अन्य कारकों से मूल्य ग्रहण करते हैं। लाभांश कंपनी द्वारा अपने निवल लाभ का शेयर धारकों को वितरण है।
    भारतीय रिज़र्व बैंक को नीति निर्माण करते हुए मौद्रिक स्थायित्व तथा मूल्य स्थायित्व दोनों का ध्यान रखना होता है। चूँकि महँगाई दर तथा रुपये में गिरावट में चिंताजनक प्रवृत्तियाँ जारी हैं। अत: भारतीय रिज़र्व बैंक को चौकन्ना रहना होगा।



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

# प्रैक्टिस पेपर 10

## भारतीय राजव्यवस्था

1. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
   (a) भारतीय संविधान में उस समयावधि का उल्लेख है जिसके दौरान राष्ट्रपति को किसी विधेयक पर निर्णय लेना होता है।
   (b) उपराष्ट्रपति, लोक सभा अध्यक्ष को सम्बोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा अपना पद त्याग सकता है।
   (c) प्रधानमंत्री के लिये संसद का सदस्य होना अनिवार्य है लेकिन संविधान में प्रधानमंत्री पद की योग्यताओं का स्पष्ट वर्णन नहीं किया गया है।
   (d) केंद्रीय मंत्रिपरिषद् में नियुक्त मंत्री लोक सभा के प्रसादपर्यन्त अपना पद धारण करते हैं।

2. कोई भी व्यक्ति राष्ट्रपति के रूप में चुने जाने के लिये तब तक अर्ह नहीं होगा, जब तक कि वह भारत का नागरिक न हो, उसने 35 वर्ष की आयु पूरी न कर ली हो, तथा लोक सभा का सदस्य चुने जाने की योग्यता न रखता हो। इनके अलावा भी इस संदर्भ में संविधान में अयोग्यता के कुछ आधारों का उल्लेख किया गया है?
   1. वह भारत सरकार के अंतर्गत किसी लाभ के पद पर हो।
   2. वह किसी भी राज्य सरकार के अंतर्गत किसी लाभ के पद पर हो।
   3. वह भारत सरकार अथवा किसी राज्य सरकार के तहत आने वाले विषय से संबंधित किसी स्थानीय अथवा अन्य प्राधिकरण के अंतर्गत लाभ के पद पर हो।
   4. वह भारत सरकार अथवा किसी राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित किसी संगठन के अंतर्गत लाभ के पद पर हो।

   कूट:
   (a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

3. राजनीतिक दृष्टिकोण से, खाद्य सुरक्षा विधेयक का आकलन किया जा सकता है:
   (a) राज्य द्वारा अपने प्रशासनिक उपकरण के ज़रिये गरीबों के कल्याण के लिये उठाया गया एक कदम।
   (b) राज्य द्वारा अपने प्रशासनिक उपकरण के ज़रिये गरीबों के सशक्तीकरण के लिये उठाया गया एक कदम।
   (c) गरीबों के सशक्तीकरण की ज़रूरतों की पूर्ति के लिये राजस्व का प्राथमिकता आधारित उपयोग।
   (d) इसके ज़रिये लोक-निजी सहभागिता और समाज की स्वास्थ्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये एक प्रभावी कदम उठाया गया है।

4. भारतीय राजव्यवस्था की गैर-संघीय प्रकृति के लिये निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प उत्तरदायी नहीं है?
   (a) भारतीय संघ में कुछ शक्तियाँ निहित हैं जो केंद्र को राज्यों से अधिक शक्तिशाली बनाती हैं जैसे- एकल संविधान, एकल नागरिकता, अविनाशी संघ, अखिल भारतीय सेवाएँ, राज्यपाल का पद और उसके विवेकाधिकार, केंद्र में निहित अवशिष्ट शक्तियाँ आदि।
   (b) संविधान का व्यावहारिक क्रियान्वयन जिसके तहत राज्य संसाधनों के लिये संघ पर निर्भर हैं।
   (c) योजना आयोग रूपी संस्था के उद्भव द्वारा केंद्र का मज़बूत होना।
   (d) गठबंधन की राजनीति के उद्भव से राज्यों का केंद्र की ओर आकर्षित होना ताकि वे केंद्रीय राजनीति से जुड़ सकें। इससे केंद्र मज़बूत हुआ है।

5. न्यायालयों द्वारा दिये गए विभिन्न निर्णयों के आलोक में संविधान के मूल ढाँचे के अंतर्गत आते हैं:
   1. संविधान की सर्वोच्चता, शक्तियों का पृथक्करण, न्यायिक पुनर्विलोकन
   2. रिटों का उपचार
   3. संविधान संशोधन की संसद की सीमित शक्ति
   4. युक्तियुक्तता, व्यक्ति की स्वतंत्रता व प्रतिष्ठा

   कूट:
   (a) केवल 3 और 4 (b) केवल 1, 2 और 4
   (c) केवल 1, 2 और 3 (d) उपर्युक्त सभी।

6. किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को पद से हटाने के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?
   (a) राष्ट्रपति द्वारा आदेश जारी करके किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को उसके पद से हटाया जा सकता है।
   (b) राष्ट्रपति इसे हटाने का आदेश राज्य की विधान सभा द्वारा दिये गए प्रस्ताव के बाद ही जारी कर सकता है जो हटाए जाने के लिये उसी सत्र में उसके समक्ष रखा गया हो।
   (c) इस प्रस्ताव को विशेष बहुमत का समर्थन मिलना चाहिये (अर्थात् उस सदन के कुल सदस्यों का बहुमत और उस सदन में उपस्थित और मतदान करने वालों के दो-तिहाई से कम नहीं)। न्यायाधीश जाँच अधिनियम, 1968 यह जोड़ता है कि हटाने के प्रस्ताव पर निम्न सदन की स्थिति में 100 सदस्यों द्वारा और उच्च सदन की स्थिति में 50 सदस्यों द्वारा हस्ताक्षर होने चाहियें।
   (d) हटाए जाने के दो आधार हैं- साबित कदाचार और अक्षमता।



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

35. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये:

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. हैमाइट्स | 1. उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका |
| B. मसाई | 2. कांगो बेसिन |
| C. पिग्मी | 3. दक्षिणी अफ्रीका एवं मध्य अफ्रीका |
| D. बंटु | 4. पूर्वी अफ्रीका |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

36. अटलांटिक महासागर के उत्तर-पश्चिमी मत्स्यन क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
1. इस क्षेत्र में महाद्वीपीय मग्नतट काफी चौड़ा है।
2. इस क्षेत्र में गल्फ स्ट्रीम एवं लेब्राडोर जलधाराओं का मिलन होता है।
3. इस क्षेत्र में हैलीफैक्स, सेंट जॉन्स, बोस्टन एवं न्यूयार्क प्रसिद्ध मत्स्यन बंदरगाह हैं।

कूट:
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

37. निम्नलिखित में कौन नदियों द्वारा निक्षेपण से निर्मित स्थलाकृतियाँ हैं?
1. जलोढ़ पंख
2. गोखुर झील
3. डेल्टा
4. संरचनात्मक सोपान
5. नदी वेदिकाएँ

कूट:
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 3, 4 और 5
(d) उपर्युक्त सभी।

38. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये:

| सूची-I (नदी) | सूची-II (प्रमुख नगर) |
|---|---|
| A. राइन | 1. कोलोन |
| B. सीन | 2. पेरिस |
| C. मिसीसिपी | 3. सेंट लुइस |
| D. नीपर | 4. कीव |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

39. अंटार्कटिका महाद्वीप के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. क्वीन मॉड पर्वत श्रेणी इस महाद्वीप को दो बराबर भागों में बाँटती है।
2. माउंट एर्बुश यहाँ का अकेला सक्रिय ज्वालामुखी है।
3. यहाँ की सर्वोच्च चोटी विंसन मैसिफ है।
4. सूर्य के उत्तरायण के बाद यहाँ छः महीने तक रात होती है जबकि सूर्य के दक्षिणायन के बाद यहाँ छः महीने तक दिन रहता है।

उपर्युक्त में कौन-से कथन सत्य हैं?
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) उपर्युक्त सभी।

40. निम्नलिखित में कौन-से सही सुमेलित हैं?
1. चापाकार डेल्टा – नील तथा गंगा-ब्रह्मपुत्र नदी का डेल्टा।
2. ज्वारनदमुख डेल्टा – नर्मदा व ताप्ती नदी का डेल्टा।
3. दंताकार डेल्टा – एब्रो नदी का डेल्टा।
4. पंजाकार डेल्टा – मिसीसिपी-मिसौरी नदी का डेल्टा।

कूट:
(a) 1 और 2
(b) 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) उपर्युक्त सभी।

41. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
(a) विषुवतीय वर्षा संवहनीय प्रकार की होती है।
(b) आर्थिक दृष्टि से विषुवतीय वन महत्त्वपूर्ण नहीं है।
(c) विषुवतरेखीय जलवायु को सूडान तुल्य जलवायु भी कहा जाता है।
(d) इनमें से कोई नहीं।

42. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये:

| नहर | विवरण |
|---|---|
| A. पनामा | 1. उत्तरी सागर और बाल्टिक सागर के बीच। |
| B. कील | 2. प्रशांत महासागर और अटलांटिक महासागर के बीच। |
| C. स्वेज़ नहर | 3. सुपीरियर झील और ह्यूरोन झील के बीच। |
| D. सू नहर | 4. भूमध्यसागर और लाल सागर के बीच। |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



4. इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम हृदय धड़कन के दौरान होने वाले वैद्युत परिवर्तन को रिकॉर्ड करता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(a) केवल 1, 3 और 4
(b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

75. कोलाइड के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?

1. कोलाइड एक विषमांगी मिश्रण है।
2. कोलाइड टिण्डल प्रभाव प्रदर्शित करते हैं।
3. गैस में गैस के कोलाइड को एरोसोल कहते हैं।
4. द्रव में ठोस के कोलाइड को सोल कहते हैं।
5. द्रव में ठोस के कोलाइड को जैल कहते हैं।

कूट:

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 3, 4 और 5
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) केवल 2, 4 और 5

76. यह एक शाकाहारी प्राणी है। इसका पाचन तंत्र अंग्रात्र, मध्यांत्र और पश्चांत्र में विभाजित किया जा सकता है। यह वनस्पतियों के चारों तरफ भ्रमण करते हुए खाद्य ग्रहण करता है। यह प्राणी है:

(a) टिड्डा (b) यूग्लीना
(c) मेढक (d) तिलचट्टा

77. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

(a) विस्थापन सदैव दूरी से कम या बराबर होता है।
(b) वेग धनात्मक या ऋणात्मक हो सकता है परंतु चाल कभी ऋणात्मक नहीं होती।
(c) एक समान वृत्तीय गति में वेग हमेशा समान रहता है।
(d) वेग-समय ग्राफ के अंतर्गत आने वाला क्षेत्रफल विस्थापन को प्रदर्शित करता है।

78. निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?

1. गुरुत्वीय त्वरण का मान ध्रुवों की अपेक्षा विषुवत वृत्त पर कम होता है।
2. पृथ्वी से ऊपर की ओर जाने पर प्रभावी त्रिज्या बढ़ जाती है जिससे गुरुत्वीय त्वरण का मान घट जाता है।
3. पृथ्वी के भीतर जाने पर प्रभावी त्रिज्या घट जाती है जिससे गुरुत्वीय त्वरण का मान घट जाता है।
4. पृथ्वी की घूर्णन गति बढ़ने पर पृथ्वी के सभी बिन्दुओं पर गुरुत्वीय त्वरण कम होगा।

कूट:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) केवल 1, 2 और 3

79. क्रायोजेनिक इंजन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. चन्द्रयान-2 का प्रक्षेपण क्रायोजेनिक इंजन आधारित GSLV से किया जाएगा।
2. रूस से प्राप्त इंजन गैस जेनरेटर चक्र पर आधारित था जबकि भारत GSLV मार्क-3 के लिये स्टेज दहन चक्र पर आधारित इंजन विकसित कर रहा है।
3. स्टेज दहन चक्र की दक्षता गैस जेनरेटर चक्र से अधिक है।
4. स्टेज दहन चक्र के विभिन्न उपकरणों का विकास तथा परीक्षण समांतर रूप से किया जा सकता है जबकि गैस जेनरेटर चक्र का विकास तथा परीक्षण क्रमशः (एक के बाद एक) होता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

80. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वसा कार्बन, हाइड्रोजन तथा ऑक्सीजन के यौगिक हैं।
2. 20°C पर द्रव अवस्था में रहने पर वसा को 'तेल' कहते हैं।
3. नारियल तेल तथा ताड़ का तेल संतृप्त वनस्पति तेल के उदाहरण हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 3 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

81. निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. लाल व पीकॉक नीला रंग मिलकर सफेद रंग का निर्माण करते हैं।
2. नीला व पीला रंग मिलकर सफेद रंग का निर्माण करते हैं।
3. हरा व मेजेण्टा रंग मिलकर सफेद रंग का निर्माण करते हैं।
4. हरा व नीला रंग मिलकर सफेद रंग का निर्माण करते हैं।

कूट:

(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

82. निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?

1. जी.एस.एम. में टाइम डिवीज़न मल्टिपल एक्सेस तथा फ्रिक्वेंसी डिवीज़न मल्टिपल एक्सेस का प्रयोग होता है।
2. सी.डी.एम.ए. तकनीक का प्रयोग मुख्य रूप से अमेरिका में किया जाता है।
3. सिम के प्रयोग के कारण जी.एस.एम. के ग्राहक आसानी से अपना मोबाइल बदल सकते हैं।
4. जी.एस.एम. में सेल के आकार को एंटिना की शक्ति के आधार पर निर्धारित किया जाता है और सैद्धांतिक रूप से सेल किसी भी आकार का हो सकता है।

कूट:

(a) केवल 1, 3 और 4 (b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



3. इसके ज़रिये एक दिन में ₹ 5 लाख तक ट्रांसफर कर सकते हैं।
4. यह ऑनलाइन पेमेंट को बेहद आसान बना देगा क्योंकि इसमें डिजिटल वॉलेट, क्रेडिट या डेबिट कार्ड की आवश्यकता भी नहीं होती है।
5. इसमें उपयोगकर्ता का खाता एक सिंगल मोबाइल एप्लिकेशन के ज़रिये एक से ज़्यादा बैंक खातों से लिंक हो सकेगा।

कूट:
(a) 1, 3 और 5 (b) 2, 4 और 5
(c) 2, 3, 4 और 5 (d) 1, 2, 3 और 4

98. ड्रग्स नीति पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के विशेष सत्र का आयोजन अप्रैल 2016 में किया गया है। भारत ने नशीले पदार्थों एवं धन शोधन संबंधी अपराधों को रोकने में क्षेत्रीय सहयोग पर जोर देते हुए कहा कि भारत नशीले पदार्थों एवं अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के सहयोग से दक्षिण एशिया के लिये क्षेत्रीय समन्वय केंद्र 'SARICC' (South Asian Regional Intelligence & Co-Ordination Centre) गठित करने के उन्नत चरण में है, जिसके संस्थापक सदस्य हैं–
(a) भारत, नेपाल, भूटान, म्याँमार, बांग्लादेश, श्रीलंका और मालदीव
(b) भारत, म्याँमार, भूटान, नेपाल, चीन, बांग्लादेश और श्रीलंका
(c) भारत, अफगानिस्तान, नेपाल, भूटान, पाकिस्तान, बांग्लादेश
(d) भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश और म्याँमार

99. विश्व की पहली सफेद बाघ सफारी की शुरुआत किस राज्य में की गई है?
(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश
(c) गुजरात (d) कर्नाटक

100. प्रथम मेरीटाइम इंडिया शिखर सम्मेलन-2016 का आयोजन मुंबई में किया गया। इसके संबंध में सही कथनों का चयन करें।
1. इस सम्मेलन में बंदरगाह विकास, आधुनिकीकरण, सागरमाला के तहत बंदरगाह केंद्रीय विकास, जहाज़ मरम्मत एवं शिप ब्रेकिंग, प्रकाश स्तंभ पर्यटन एवं दुनियाभर के संभावित निवेशकों के सामने लॉजिस्टिक संचालन सुविधाओं को प्रदर्शित किया गया।
2. इस सम्मेलन में 42 देशों के शिष्टमंडलों व प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।
3. दक्षिण कोरिया इस सम्मेलन का साझेदार देश था।

कूट:
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 2. (a) | 3. (a) | 4. (d) | 5. (d) | 6. (b) | 7. (d) | 8. (d) | 9. (c) | 10. (d) |
| 11. (a) | 12. (c) | 13. (d) | 14. (b) | 15. (a) | 16. (a) | 17. (d) | 18. (d) | 19. (d) | 20. (d) |
| 21. (b) | 22. (a) | 23. (d) | 24. (d) | 25. (b) | 26. (a) | 27. (c) | 28. (d) | 29. (c) | 30. (a) |
| 31. (c) | 32. (d) | 33. (a) | 34. (c) | 35. (b) | 36. (d) | 37. (a) | 38. (a) | 39. (d) | 40. (d) |
| 41. (c) | 42. (d) | 43. (b) | 44. (d) | 45. (c) | 46. (d) | 47. (c) | 48. (a) | 49. (a) | 50. (c) |
| 51. (b) | 52. (b) | 53. (c) | 54. (a) | 55. (b) | 56. (d) | 57. (a) | 58. (c) | 59. (d) | 60. (b) |
| 61. (c) | 62. (b) | 63. (c) | 64. (d) | 65. (c) | 66. (a) | 67. (c) | 68. (a) | 69. (b) | 70. (d) |
| 71. (b) | 72. (d) | 73. (d) | 74. (a) | 75. (c) | 76. (a) | 77. (c) | 78. (a) | 79. (c) | 80. (d) |
| 81. (a) | 82. (b) | 83. (a) | 84. (c) | 85. (d) | 86. (c) | 87. (b) | 88. (a) | 89. (b) | 90. (c) |
| 91. (d) | 92. (b) | 93. (a) | 94. (c) | 95. (d) | 96. (c) | 97. (b) | 98. (a) | 99. (b) | 100. (d) |

## उत्तर (व्याख्या सहित)

### भारतीय राजव्यवस्था

1. (c) प्रश्नानुसार, विकल्प (a) गलत है क्योंकि संदर्भित विषय के लिये समयावधि का उल्लेख नहीं है। विकल्प (b) भी गलत है क्योंकि उपराष्ट्रपति राष्ट्रपति को हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा अपना त्यागपत्र देता है। विकल्प (d) भी गलत है, क्योंकि केंद्रीय मंत्रिपरिषद् राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त पद धारण करती है।
2. (a) संविधान में राष्ट्रपति पद के लिये अयोग्यता के आधार के रूप में निम्नलिखित का उल्लेख है:
वह भारत सरकार/राज्य सरकार/किसी स्थानीय अथवा अन्य प्राधिकरण के अंतर्गत लाभ के पद पर हो तब वह राष्ट्रपति पद के लिये अयोग्य माना जाएगा।
कथन 4 का उल्लेख इस संदर्भ में नहीं है।
3. (a)
4. (d) यह विकल्प भारतीय राजव्यवस्था में संघीय प्रकृति को इंगित करता है।
5. (d)
6. (b) राष्ट्रपति संसद द्वारा दिये गए प्रस्ताव के बाद हटाए जाने का आदेश जारी कर सकता है जो उसके समक्ष उसी सत्र में प्रस्तुत किया गया हो।
7. (d) के.सी. ह्वीयर ने भारतीय संघ को अर्द्ध-संघात्मक कहा है।
8. (d) 91वें संविधान संशोधन द्वारा केंद्र और राज्य दोनों की मंत्रिपरिषदों की संख्या की सीमा निर्धारित की गई है अर्थात् लोक सभा और विधान सभा की कुल संख्या का 15%।
9. (c) भारतीय संसद के अंतर्गत राष्ट्रपति, लोक सभा और राज्य सभा आते हैं। फिर भी राष्ट्रपति संसद सदस्य नहीं होता है। साथ ही, किसी



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



67. (c) क्रिप्स मिशन के प्रस्तावित मसविदे के विषय में कथन (a), (b) तथा (d) सही हैं। इसके अनुसार अंग्रेज़ी प्रांतों में जो इस संविधान को स्वीकार न करना चाहे, उसे अधिकार होता कि अपनी पुरानी स्थिति को बनाए रखे या फिर जब चाहे इस संविधान सभा में शामिल हो सके।
68. (a) अहमदुल्ला शाह- फैज़ाबाद का एक मौलवी जिसने घोषणा की कि ब्रिटिश राज का अंत जल्द होने वाला है।
नाना साहब- पेशवा बाजीराव के दत्तक पुत्र जो कानपुर के निकट रहते थे।
69. (b) अन्जेदेवा फोर्ट और कन्नूर में सेंट एंजेलो फोर्ट पुर्तगाली किले थे।
70. (d) मुस्लिम लीग को यह प्रावधान करते हुए वीटो शक्ति दी गई कि बिना अल्पसंख्यकों की सहमति के किसी भी भावी संविधान को अंगीकृत नहीं किया जाएगा।
71. (b)
72. (d)
73. (d) अबुल हसन व विशनदास जहाँगीर के दरबार में प्रसिद्ध चित्रकार थे।

## सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

74. (a) हृदय शिराओं द्वारा रक्त ग्रहण कर धमनियों द्वारा इसे शरीर के विभिन्न अंगों तक पहुँचाता है।
75. (c) गैस-गैस हमेशा समांगी मिश्रण होता है जबकि कोलाइड एक विषमांगी मिश्रण है। अत: गैस-गैस का कोलाइड बनना असंभव है। ठोस में द्रव के कोलाइड को जैल कहते हैं।
76. (a)
77. (c) एक समान वृत्तीय गति में चाल समान होती है। वेग की दिशा निरंतर परिवर्तनशील है। अत: यह त्वरित गति है।
78. (a) पृथ्वी के भीतर जाने पर प्रभावी त्रिज्या कम होती है, साथ ही गुरुत्वीय त्वरण के लिये कार्य करने वाला द्रव्यमान भी कम होता है। इस द्रव्यमान में कमी इतनी अधिक मात्रा में होती है कि परिणामी गुरुत्वीय त्वरण कम होता है। पृथ्वी की घूर्णन गति बढ़ने से ध्रुवों पर गुरुत्वीय त्वरण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।
79. (c) गैस जेनरेटर चक्र की दक्षता स्टेज दहन चक्र से अधिक है परंतु स्टेज दहन चक्र आधारित इंजन के विभिन्न अवयवों का परीक्षण समांतर रूप से किया जा सकता है। इसलिये इसके विकास में कम समय लगता है।
80. (d)
81. (a) लाल, हरा व नीला प्राथमिक रंग हैं। इनसे बनने वाले विभिन्न रंगों को चित्र के माध्यम से समझा जा सकता है-




82. (b)
83. (a)

## समसामयिकी

84. (c)
85. (d)
86. (c)
87. (b) आईफैड का मुख्यालय रोम में है, जो UNO का खाद्य एवं कृषि केंद्र है।
88. (a) व्हीट ब्लास्ट 'मैग्नापोर्ट ओरिजे' नाम के फफूँद से होता है। धान में राइस ब्लास्ट भी इसी से होता है। उष्ण एवं आर्द्र जलवायु में यह फफूँद तेज़ी से पनपती और फैलती है।
89. (b) सोलोमन द्वीप पर आस्ट्रेलिया के नेतृत्व में शांति 2003 में ही स्थापित की जा चुकी थी।
90. (c)
91. (d)
92. (b)
93. (a) भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने ई-कॉमर्स में 100% एफडीआई को मंज़ूरी दी है। फ्लिपकार्ट और अमेज़न कंपनियाँ मुख्य रूप से इन्वेंटरी आधारित BtoC रिटेलरों के तौर पर परिचालन करती है।
94. (c) ये प्रावधान समवर्ती सूची के बिंदु 33 तथा केंद्रीय सूची के बिंदु 42 में किये गए हैं।
95. (d) मेडिकल परीक्षण की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है।
96. (c)
97. (b) UPI विभिन्न बैंकों में सिंगल आइडेंटिफिकेशन और एक पासवर्ड के साथ तत्काल फंड ट्रांसफर की सुविधा देगा।
इसके ज़रिये ₹ 50 से लेकर ₹ 1 लाख प्रतिदिन ट्रांसफर कर सकते हैं।
98. (a)
99. (b) 3 अप्रैल, 2016 को मध्य प्रदेश के रीवा संभाग के सतना ज़िले के मुकुंदपुर में विश्व की पहली सफेद बाघ सफारी शुरू की गई।
100. (d)



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

# प्रैक्टिस पेपर 11

## सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

1. यमुना एक्सप्रेस वे में बार-बार टायर फटने से होने वाली दुर्घटनाओं ने भारत में सुरक्षित एक्सप्रेस वे के संबंध में सुरक्षा चिंताओं को बढ़ा दिया है। इस संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. पुराने टायर या कम दबाव वाले टायर अत्यधिक गर्म होने से फट जाते हैं।
   2. बिटुमेन सड़कों की अपेक्षा कंक्रीट की सड़कों पर घर्षण के बढ़ने से टायर अधिक गर्म हो जाते हैं।

   इस संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है?
   (a) कथन 1 एवं 2 दोनों सही हैं तथा कथन 2, 1 की सही व्याख्या है।
   (b) कथन 1 एवं 2 दोनों सही हैं लेकिन कथन 2, 1 की सही व्याख्या नहीं है।
   (c) केवल कथन 1 सही है।
   (d) केवल कथन 2 सही है।

2. एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (ABS) एक ऑटोमोबाइल सुरक्षा प्रणाली है। ABS के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   1. ABS वाहनों की फिसलन को रोकता है।
   2. सभी पहियों पर डिफ्रेंशियल ब्रेकिंग प्रेशर लागू कर यह वाहन नियंत्रण को उन्नत करता है।
   3. कीचड़युक्त धरातल पर यह अप्रभावी है।
   4. हिमाच्छादित धरातल पर वाहन नियंत्रण में सुधार करने के लिये यह ब्रेकिंग दूरी को बढ़ाता है।

   कूट:
   (a) केवल 1 (b) केवल 1, 2 और 3
   (c) केवल 2 और 4 (d) केवल 1, 2 और 4

3. निम्नांकित में से कौन-सा/से साइबर आक्रमण के संबंध में सुमेलित है/हैं?
   1. फिशिंग: यह एक व्यक्ति को कुछ ऐसा कार्य कराने के लिये नकली कार्मिक बनाने का कृत्य है जिसे वह सामान्यतया नहीं करता (जैसे- जान-बूझकर एक वायरस को डाउनलोड करना)।
   2. स्पूफिंग: यह किसी व्यक्ति को धोखा देकर सामान्यतया वित्तीय रूप से कुछ लाभ प्राप्त करने के लिये महत्त्वपूर्ण सूचना प्राप्त करने का प्रयास है।
   3. फार्मिंग: यह एक वेबसाइट के ट्रैफिक को एक भिन्न नकली वेबसाइट पर पुनर्निर्देशित करने का कार्य है।

   कूट:
   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 3
   (c) केवल 2 और 3
   (d) 1, 2 और 3

4. स्थिर जल में तेल का छिड़काव मच्छरों के प्रजनन को किस प्रकार रोकता है?
   (a) यह पृष्ठ तनाव को घटाता है।
   (b) यह पृष्ठ तनाव को बढ़ाता है।
   (c) तेल मच्छरों के लिये विषाक्त है।
   (d) इनमें से कोई नहीं।

5. जब एक प्रकाश पुंज कोलाइडल विलयन या फाइन पार्टिकल्स पर पड़ता है तो पुंज का मार्ग दृष्टिगोचर होता है। इसका कारण है:
   (a) प्रकीर्णन (b) विवर्तन
   (c) व्यतिकरण (d) अपवर्तन

6. निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
   1. विद्युत मोटर यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलती है।
   2. विद्युत जेनरेटर विद्युत चुंबकीय प्रेरण के सिद्धांत पर कार्य करता है।
   3. लम्बी गोलाकार कुण्डली जिसमें विद्युत प्रवाह हो रहा हो, के केंद्र में चुम्बकीय क्षेत्र सीधी रेखाओं के समानान्तर होगा।

   कूट:
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) उपर्युक्त सभी।

7. संक्षारण के कारण वार्षिक हानि राष्ट्रीय जी.डी.पी. का लगभग 4 प्रतिशत आँकी गई है। इस समस्या को कम करने के लिये निम्नलिखित में से कौन-सा तरीका प्रयोग में लाया जा सकता है?
   1. पेंटिंग तथा ऑइलिंग 2. गैल्वनीकरण
   3. एनोडीकरण 4. इलेक्ट्रोलाइसिस
   5. मिश्र धातु का निर्माण कर।

   कूट:
   (a) केवल 1, 2, 3 और 4
   (b) केवल 1, 2, 3 और 5
   (c) केवल 1, 2, 4 और 5
   (d) केवल 1, 3, 4 और 5



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



44. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये:

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A. | सिंडन | 1. | व्याकरण |
| B. | श्याम | 2. | सिंधु घाटी सभ्यता में कपास का नाम |
| C. | शौरसेनी | 3. | बुद्ध के पूर्व जन्मों की 550 से अधिक कथाएँ |
| D. | जातक | 4. | मराठी भाषा की जननी जो प्राकृत भाषा से विकसित हुई |
| E. | पुरुनानुरु | 5. | संगम साहित्य की कविताओं में 100 के समूहों में बद्ध 400 कविताओं का संग्रह |
| F. | तोलकाप्पियम | 6. | लोहे के लिये प्रयुक्त शब्द |

कूट:

| | A | B | C | D | E | F |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 5 | 2 | 6 |
| (b) | 2 | 4 | 3 | 1 | 6 | 5 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 | 5 | 6 |
| (d) | 2 | 6 | 4 | 3 | 5 | 1 |

45. निम्नलिखित में से कौन-सा वैदेशिक आख्यान भारत-इटली व्यापार का वर्णन करता है?

(a) इंडिका

(b) नेचुरल हिस्ट्री

(c) पेरिप्लस ऑफ इरिथ्रियन सी

(d) जियोग्राफी

46. वह महान परमार शासक कौन था जिसने तुर्क आक्रमणकारी महमूद गजनवी को हराया और राजा सुखदेव के साथ मिलकर हिन्दू राजाओं का परिसंघ बनाया और तुर्क हमलावर सलार मसूद को पराजित किया?

(a) बुक्का (b) राजा भोज

(c) विक्रमादित्य-II (d) इनमें से कोई नहीं।

47. निम्नलिखित में से कौन-से सत्य नहीं हैं?

| | नीति/प्रथा | शासक | उद्देश्य |
|---|---|---|---|
| 1. | राजस्व की दहसाला पद्धति | अकबर | भूराजस्व प्रणाली में सुधार। |
| 2. | झरोखा दर्शन की प्रथा | जहाँगीर | जन विश्वास के रूप में शाही प्राधिकार की स्वीकृति को बढ़ाना। |
| 3. | शाही सैनिकों के इक्ता की समाप्ति | अलाउद्दीन खिलजी | पेशेवर और कुशल सेना की स्थापना (भद्रजनों और सैन्य अधिकारियों को छोड़कर) और नकद रूप में वेतन भुगतान। |
| 4. | दीवान-ए-खैरात | मुहम्मद तुगलक | परती भूमि को कृषि क्षेत्र के अंतर्गत लाना। |

कूट:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 2 और 4 (d) केवल 1 और 4

48. निम्नलिखित में से कौन-से कथन बौद्ध धर्म के बारे में सही नहीं हैं?

1. गौतम बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व में नेपाल की तराई में स्थित कपिलवस्तु के शाक्य क्षत्रिय परिवार में हुआ था।
2. उन्हें 35 वर्ष की अवस्था में बोधगया में एक पीपल के पेड़ के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई।
3. देवरिया (उत्तर प्रदेश) के कुशीनगर में उन्होंने पहला उपदेश दिया था।
4. हिंदू धर्म के विपरीत बौद्ध धर्म ईश्वर के अस्तित्त्व और आत्मा को मान्यता नहीं देता है तथा इच्छाओं से उत्पन्न इहलौकिक समस्याओं को केंद्र में रखता है।
5. बौद्ध धर्म ने लोकप्रिय भाषा पालि के रूप में संस्कृत का विकल्प प्रदान किया।
6. भीषण अकाल के कारण इसका विस्तार दक्षिण तक हुआ, जिसमें भद्रबाहु के नेतृत्व में बौद्धों का एक वर्ग दक्षिण की ओर चला गया, लेकिन शेष स्थूलभद्र के नेतृत्व में मगध में ही रहे।

कूट:

(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 1, 2 और 5

(c) केवल 3, 4 और 5 (d) केवल 3 और 6

49. जराक्सिस था:

(a) सेल्यूकस की सेना में सेनापति जिसने चंद्रगुप्त के समय में भारत पर आक्रमण किया।

(b) डेरियस का उत्तराधिकारी जिसने उत्तर-पश्चिम भारत को जीतकर अपना 20वाँ प्रांत (क्षत्रप) बनाया।

(c) एक यूनानी यात्री जिसने मौर्यकाल का विस्तृत वृत्तांत दिया है।

(d) इनमें से कोई नहीं।

50. निम्नलिखित में से कौन पूर्व-वैदिक काल के देवता नहीं माने जाते हैं?

1. पुरंदर 2. ब्रह्मा

3. सोम 4. अग्नि

5. विष्णु 6. वरुण

कूट:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 5

(c) केवल 4, 5 और 1 (d) केवल 3, 4 और 6

51. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन क्रिप्स मिशन के संबंध में सही नहीं है/हैं?

1. इसमें विश्वयुद्ध के बाद भारत को अधिराज्य का दर्जा और पृथक् होने का अधिकार भी दिया गया था।
2. इसमें विश्वयुद्ध के बाद संविधान सभा बनाने और राज्यों को अपना अलग संविधान बनाने की स्वायत्तता देने की बात कही गई थी।
3. मुस्लिम लीग को छोड़कर अधिकांश दलों ने इसका स्वागत किया।

कूट:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3 (d) केवल 1 और 3



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



## उत्तर (व्याख्या सहित)

### सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

1. (a) कम दबाव वाले टायरों का संपर्क क्षेत्र अधिक होता है जिसके कारण टायर अधिक गर्म हो जाते हैं। इससे हवा अधिक गर्म हो जाती है और अंततः टायर फट जाते हैं। सामान्य बिटुमेन सड़कों की अपेक्षा कंक्रीट की सड़कों पर घर्षण अधिक होता है।
इन सभी कारणों से असावधान होकर वाहन चलाने की वज़ह से राजमार्गों पर दुर्घटनाएँ अधिक होती हैं।
2. (d) एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस) एक ऑटोमोबाइल सिस्टम है जो चालक द्वारा दिये गए इनपुट के आधार पर ब्रेक लगते समय किसी वाहन को सड़क की सतह के साथ संकर्षण संपर्क बनाए रखने की सुविधा देता है, जिससे पहिये लॉक नहीं होते और अनियंत्रित फिसलन से बचाव होता है।
लॉकिंग का पता लगाने के लिये एबीएस प्रत्येक पहिये की गति की निगरानी करता है। जब इसे अचानक ब्रेक लगने का पता चलता है तो यह ब्रेकिंग दबाव को कुछ क्षणों के लिये मुक्त कर देता है और उसके बाद प्रत्येक पहिये को ब्रेकिंग के लिये अलग अनुकूलतम दबाव प्रदान करता है। कम समयांतराल में इस प्रक्रिया को दोहरा कर यह अचानक फिसलन के बीच स्टीयरिंग पर नियंत्रण बढ़ाता है (डिफरेंशियल ब्रेकिंग प्रेशर)। चूँकि हर समय ब्रेक का प्रयोग नहीं होता, इसलिये एबीएस का उपयोग करते समय ब्रेकिंग दूरी बढ़ती जाती है और यह बेहतर नियंत्रण दे पाती है। यही कारण है कि एबीएस कीचड़युक्त धरातल की सतह पर भी प्रभावी हो सकता है।
3. (b) **फिशिंग:** यह कोई बहुमूल्य जानकारी (आमतौर पर वित्त संबंधी) प्राप्त करने के लिये किसी को फँसाने की कोशिश करने का कार्य है।
**स्पूफिंग:** यह किसी व्यक्ति से ऐसा काम करवाने के लिये, जो वह सामान्यतया नहीं करता, उसे एक नकली कार्मिक बनाने का कार्य है।
**फार्मिंग:** यह किसी वेबसाइट पर आने वाले ट्रैफिक को दूसरी नकली वेबसाइट पर ले जाने का कार्य है।
4. (a) तेल जल के पृष्ठ तनाव को कम करता है। इसके परिणामस्वरूप मच्छरों के लार्वा डूब जाते हैं और प्रजनन के लिये लार्वा को पर्याप्त समय नहीं मिलता। इससे मच्छरों के प्रजनन पर अंकुश लगाने में सहायता मिलती है।
5. (a) प्रकीर्णन एक भौतिक घटना है जिसमें किसी माध्यम के अणु आने वाले विकिरण को अवशोषित करने के बाद इसे सभी संभव दिशाओं में बिखेर देते हैं। यह टिंडल प्रभाव को जन्म देता है।
टिंडल प्रभाव: जब प्रकाश की कोई किरण वातावरण के फाइन पार्टिकल्स या कोलाइडल विलयन पर पड़ती है तो पथ दिखाई देता है।
6. (b) **विद्युत मोटर:** यह विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में बदलती है।
विद्युत जेनरेटर: यह यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलता है। यह विद्युत चुम्बकीय प्रेरण सिद्धांत के आधार पर कार्य करता है।
एक लम्बी वृत्ताकार कुण्डली (जिसमें कि विद्युत धारा प्रवाहित हो रही है) के केंद्र में चुम्बकीय क्षेत्र समानान्तर सीधी रेखाओं में होगा।
7. (b) अपने पर्यावरण के साथ रासायनिक प्रतिक्रिया द्वारा पदार्थों का धीरे-धीरे विनाश ही संक्षारण है। पेंटिंग, ऑइलिंग, ग्रीजिंग, गैल्वनीकरण, एनोडीकरण, विद्युतलेपन, मिश्र धातु निर्माण आदि का प्रयोग क्षय रोकने में किया जा सकता है।
8. (d) छोटी आँत पाचन तंत्र का हिस्सा है और यह बड़ी आँत तक जाती है जहाँ भोजन का अधिकांश भाग पाचित एवं अवशोषित होता है। सेलुलोज़ युक्त होने के कारण शाक पाचित एवं अवशोषित होने में मांस से ज़्यादा समय लेता है। इसलिये घास खाने वाले शाकाहारी जानवरों की छोटी आँत लम्बी होती है।
9. (d) लेज़र का उपयोग निम्न क्षेत्रों में होता है:
   - ऑप्टिकल संचार में
   - डीवीडी को पढ़ने/समझने में
   - बारकोड को स्कैन करने में
   - हथियारों में, लक्ष्य से प्रतिबिम्ब तलाशने और फिर उचित प्रहार करने में
   - कीमोथेरेपी यानी ट्यूमर के इलाज़ में
   - होलोग्राफी, नाभिकीय शोध आदि में
10. (b)
11. (a) सीडी- कॉम्पैक्ट डिस्क; डीवीडी- डिजिटल वर्सेटाइल/वीडियो डिस्क एवं ब्लू रे डिस्क सभी स्टोरेज उपकरण हैं जिनका प्रयोग स्टोर की गई जानकारी तक रीडिंग या प्लेयर्स जैसे डीवीडी प्लेयर के माध्यम से पहुँचने में किया जाता है।
सभी का आयाम 120 एमएम एवं मोटाई 1.2 एमएम है।
डीवीडी रोम को केवल एक समय के लिये राइट किया जा सकता है फिर डेटा को मिटाया या री-राइट नहीं किया जा सकता, जबकि रीराइट योग्य डीवीडी या सीडी का कई बार प्रयोग किया जा सकता है। ये हैं- सीडी (आर.डब्ल्यू.), डीवीडी (आर.डब्ल्यू.) आदि। ब्लू लेज़र का प्रयोग डिस्क पढ़ने के लिये किया जाता है, अतः इसका नाम ब्लू रे डिस्क है। रेड लेज़र का प्रयोग डीवीडी को पढ़ने के लिये किया जाता है।
ब्लू रे डिस्क, डीवीडी से काफी अधिक डेटा स्टोर करते हैं। इनमें कई लेयर होते हैं, जैसे- क्वाड्पल लेयर (128 जीबी), ट्रिपल लेयर (100 जीबी), ड्युअल लेयर (50 जीबी) तथा सिंगल लेयर (25 जीबी)।
12. (a) क्लोनिंग वह प्रक्रिया है जिसमें डीएनए श्रृंखला या सम्पूर्ण जैविक संरचना की आनुवंशिक प्रतिलिपि बनाई जाती है।
डॉली भेड़ प्रथम स्तनधारी थी जिसकी स्कॉटलैंड में सफलतापूर्वक क्लोनिंग की गई थी।
भारत में NDRI करनाल (हरियाणा) ने भैंस का क्लोन तैयार किया।



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



64. (b) अवसादी चट्टानों वाली जियोसिंक्लाइन टेथिस से हिमालय की उत्पत्ति हुई। दक्कन ट्रैप लावा द्वारा निर्मित पठार है तथा इसके अनाच्छादन से काली मृदा का विकास हुआ।
65. (a) एलनीनो और ला-नीना दोनों का संबंध जलवायु परिवर्तन से है, अर्थात् दोनों इसके लिये उत्तरदायी हैं।
66. (c) डेट्राइट मोटर वाहन उद्योग के लिये प्रसिद्ध है। इसे 'मोटर सिटी' के नाम से जाना जाता है।
67. (a) सभी मौसमी घटनाएँ क्षोभमंडल में घटित होती हैं। ओज़ोन परत की अवस्थिति समतापमंडल में है। मध्यमंडल में ऊँचाई बढ़ने के साथ तापमान में कमी आती है।
68. (d)
69. (a) ये सभी उष्ण कटिबंधीय चक्रवात हैं। इन्हें अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है:

| | | |
|---|---|---|
| टाइफून | - | चीन |
| चक्रवात | - | हिन्द महासागर |
| हरिकेन | - | कैरेबियाई क्षेत्र |
| विली-विली | - | ऑस्ट्रेलिया |

70. (b) पेरियार नदी तमिलनाडु में सुन्दरमाला की शिवगिरि पहाड़ी से निकलती है।
71. (a)
72. (b)
73. (d)
74. (d) येलो रस्ट कवक के कारण गेहूँ में होने वाला घातक रोग है।
75. (b)
76. (a) अम्लीय वर्षा का कारण जलवाष्प की नाइट्रोजन और सल्फर के यौगिकों के साथ पारस्परिक क्रिया है।
77. (d) 75-80% जल प्रदूषण गंदे नालों के माध्यम से होता है।
78. (c)
79. (c)
80. (d) सभी पुरस्कार पर्यावरण से संबद्ध हैं। मिदोरी पुरस्कार एक द्विवार्षिक पुरस्कार है जिसका आरंभ वर्ष 2010 में किया गया। डॉ. कमल बावा नामक एक भारतीय वैज्ञानिक को वर्ष 2014 में जैवविविधता के लिये यह पुरस्कार दिया गया।
81. (d) कार्बन पृथक्करण से तात्पर्य है वायुमंडल में विभिन्न स्रोतों से कार्बन डाइऑक्साइड प्राप्त करना। एक बार प्राप्ति के बाद कार्बन डाइऑक्साइड को दीर्घावधि के लिये भंडारित किया जाता है।
82. (c)
83. (a)
84. (c) शनि आकार में दूसरा सबसे बड़ा ग्रह है तथा इसका घनत्व सबसे कम है।
85. (d) विश्व का सबसे गहरा प्रवेधन आर्कटिक महासागर के कोला क्षेत्र में किया गया है।
86. (c) ग्रेनाइट पातालीय अंतर्भेदी आग्नेय चट्टान का उदाहरण है जबकि बेसाल्ट मध्यवर्ती चट्टानों का उदाहरण है। डाइक मध्यवर्ती अंतर्भेदी आग्नेय चट्टान का उदाहरण है।
87. (c) ओटावा कनाडा की राजधानी है जो ओटावा नदी के किनारे स्थित है।

## समसामयिकी

88. (b)
89. (c)
90. (d) सरकार की तरफ से नियुक्त किये जाने वाले सदस्यों का मनोनयन कैबिनेट सचिव की अगुआई वाली एक समिति करेगी।
- एक सदस्य चार साल के लिये चुने जाएंगे।
- केंद्र सरकार अर्थशास्त्रियों या वित्तीय या मौद्रिक व्यवस्था के विशेषज्ञों में से तीन सदस्य को नियुक्त करेगी। जबकि RBI की ओर से गवर्नर, डिप्टी गवर्नर और वरिष्ठ अधिकारी सदस्य होंगे।

91. (d) विश्व रेडक्रॉस दिवस प्रतिवर्ष 8 मई को मनाया जाता है।
92. (c)
93. (d) केरल सरकार ने कोच्चि जल मेट्रो परियोजना का शुभारंभ किया।
94. (c)
95. (a) इसका गठन विमल जालान की अध्यक्षता में किया गया था।
96. (a)
97. (d) करीब 1500 पुलों का चौड़ीकरण, पुन:स्थापना और बदला जाएगा।
98. (b)
99. (a)
100. (d) किसी भी औद्योगिक क्षेत्र के लिये प्रदूषण सूचकांक (PI) 0 से 100 है और PI का बढ़ता मूल्य औद्योगिक क्षेत्र से बढ़ने वाले प्रदूषण के भार की बढ़ती डिग्री की ओर इंगित करता है।



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

# प्रैक्टिस पेपर 12

## भारतीय एवं विश्व अर्थव्यवस्था

1. आर्थिक विकास उन कारकों से सम्बद्ध क्रियाकलाप है जिनमें शामिल हैं:
   1. आर्थिक कारक, जैसे- पूंजी भंडार की उपलब्धता, पूंजी निर्गत अनुपात, विदेशी व्यापार की स्थिति तथा आर्थिक प्रणाली की दृढ़ प्रकृति।
   2. गैर-आर्थिक कारक, जैसे- मानव संसाधन का आकार एवं गुणवत्ता, राजनीतिक स्वतंत्रता, सामाजिक संगठन तथा तकनीक ज्ञान।
   3. प्राकृतिक संसाधन।
   4. विकास की गति एवं दिशा निर्धारित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिये जनता की इच्छा शक्ति।

   कूट:
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3 और 4
   (c) केवल 1, 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

2. निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रीय जनसंख्या नीति, 2000 का हिस्सा नहीं है?
   (a) मातृत्व मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी।
   (b) बच्चों का सार्वभौमिक प्रतिरक्षण।
   (c) लड़कियों के देरी से विवाह करने को प्रोत्साहन।
   (d) सरकारी क्षेत्र के लिये अनिवार्य परिवार नियोजन।

3. विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   1. यह एक स्थायी और उपयोगी वित्तीय स्रोत है।
   2. यह अनिवासी भारतीयों द्वारा लाया गया धन है।
   3. इसमें दीर्घावधिक लाभ की आशा होती है।
   4. इसका निवेश शेयर बाज़ारों में होता है।

   कूट:
   (a) केवल 1
   (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3
   (d) केवल 4

4. जनांकिकीय लाभांश के संदर्भ में इनमें से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?
   (a) यह माल्थस के सिद्धांत द्वारा अनुमानित भविष्य के अनुरूप है।
   (b) भारत को आशा है कि वह जनांकिकीय लाभांश का लाभ प्राप्त कर सकेगा।
   (c) जनांकिकीय लाभांश विकास में योगदान करने वाले आयु वर्ग की अधिक प्रतिशतता से प्राप्त लाभ है लेकिन यह जनसंख्या वृद्धि के एक चरण का भी द्योतक है।
   (d) जनांकिकीय लाभांश की स्थिति के लिये निम्नलिखित तत्त्व महत्त्वपूर्ण हैं- प्रजनन दर में गिरावट, निर्भरता के अनुपात में गिरावट और किसी सरकारी नीति से सम्बद्ध विकास की क्षमता।

5. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये:

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A. | मैनेज्ड फ्लोटिंग | 1. | भूमि अधिग्रहण समस्याओं, वैश्विक मंदी और प्रत्यक्ष कर संहिता के प्रत्याशित प्रभाव आदि से बुरी तरह प्रभावित। |
| B. | सेज़ | 2. | अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों की निवल मांग के 1% तक ऋण लेना एवं समय बद्धता के स्तर पर लोचशीलता अपनाना। |
| C. | सीमांत स्थायी सुविधा | 3. | भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा रुपया विनिमय दर में हस्तक्षेप कर सट्टेबाज़ी की अत्यधिक अस्थिरता को प्रतिबंधित करना एवं मुद्रा पर्याप्तता को सुनिश्चित करना। |
| D. | भारत निर्माण | 4. | ग्रामीण अवसंरचना को महत्त्व। |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

6. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये:

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A. | GDR एवं ADR | 1. | भारतीय शेयर बाज़ार में विदेशी संस्थागत निवेशकों (FIIS) की उपस्थिति। |
| B. | न्यू बुल्स | 2. | 90 के दशक का EXIM सुधार। |
| C. | APEDA | 3. | भारतीय कंपनी क्रमशः यूरोपीय स्टॉक बाज़ार एवं अमेरिकी स्टॉक बाज़ार में अपना शेयर बेच सकती है। |
| D. | डिकैनलाईज़ेशन | 4. | नष्ट हो सकने वाले कृषिगत उत्पादों के निर्यात की सुविधा देने के लिये बहु-कार्यात्मक एजेंसियों को मान्यता देना। |



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



(c) मथुरा शाखा का प्राथमिक विषय भगवान कृष्ण थे जबकि गांधार कला में यूनानी रोमन शैली में बुद्ध की प्रतिमा बनाई गई।

(d) इनमें से कोई नहीं।

38. इनमें से कौन 1857 के विद्रोह के मूल कारणों में नहीं था?

(a) पैक्स ब्रिटानिका की नीति।

(b) कुशासन के आधार पर अवध का विलय, विजय के अधिकार के माध्यम से पंजाब, पेगू और सिक्किम तथा व्यपगत सिद्धांत के माध्यम से सतारा, जयपुर, संबलपुर, उदयपुर, झांसी और नागपुर का विलय।

(c) वर्नाक्यूलर प्रेस अधिनियम और शस्त्र अधिनियम ने अंग्रेज़ों को अलोकप्रिय बना दिया था।

(d) धार्मिक निर्योग्यता अधिनियम द्वारा हिंदू रीति-रिवाजों में संशोधन।

39. निम्नलिखित में कौन-सा कथन असत्य है?

(a) लॉर्ड कार्नवालिस पहला गवर्नर जनरल था जिसने भारत में ब्रिटिश ढंग की पुलिस व्यवस्था कायम की।

(b) पुलिस व्यवस्था में महत्त्वपूर्ण सुधार लॉर्ड कर्जन के समय में किये गए तथा उसी के समय पुलिस अधिकारियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई।

(c) लॉर्ड कर्जन के काल में पहली बार गुप्तचर व्यवस्था (सी.आई.डी.) की स्थापना की गई।

(d) लॉर्ड कार्नवालिस के समय 1901 ई. में 'द इम्पीरियल कैडेट कोर' की स्थापना की गई जिसके द्वारा राजवंश या प्रतिष्ठित परिवारों के भारतीयों की सैनिक शिक्षा का प्रबंध किया गया।

40. गुप्तकालीन कला के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गुप्तकाल की मूर्तिकला का जन्म विशेषत: मथुरा कला के प्रतिमानों पर आधारित था।
2. गुप्तकाल के चित्रों में त्रिआयामी प्रभाव भी देखा जा सकता है।
3. गुप्तकाल में मौर्योत्तरकालीन स्तूप की निरंतरता तो मिलती है, परंतु इसमें विस्तार व विविधता दिखाई नहीं देती।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से कथन सत्य हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) केवल 1, 2 और 3

41. निम्नलिखित में से किन स्थानों पर सूर्य मंदिर हैं?

1. कोणार्क 2. मोढेरा
3. कुंभकोणम 4. मुल्तान

कूट:

(a) केवल 1, 2 और 4 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

42. सहायक संधि के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. भारतीय शासक के दरबार में एक ब्रिटिश रेज़िडेंट रखा जाना था।
2. भारतीय शासक द्वारा ईस्ट इंडिया कंपनी को भारत की सर्वोच्च सत्ता माना जाना था।
3. भारतीय शासक अपने राज्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ब्रिटिश सेना को उनके प्रबंधन के लिये भुगतान करने को बाध्य नहीं था।

कूट:

(a) केवल 3 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

43. चटगाँव शस्त्रागार छापेमारी से सम्बद्ध निम्नलिखित कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

1. छापेमारी का एकमात्र उद्देश्य चटगाँव के शस्त्रागारों पर कब्जा करना था।
2. इसका नेतृत्व सूर्यसेन ने संभाला था।
3. सूर्यसेन ने ब्रिटिश सेना की पकड़ में न आने के लिये आत्महत्या कर ली थी।

कूट:

(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2
(c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

## भारतीय राजव्यवस्था

44. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य नहीं है/हैं?

1. चुनाव सुधार के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान देने के लिये पुंछी आयोग का गठन किया गया था।
2. निवारक निरोध काल 3 महीने से अधिक तब तक नहीं हो सकता है जब तक एक परामर्श मण्डल, जिसके सदस्य उच्च न्यायालय के न्यायाधीश होंगे, की संस्तुति नहीं आ जाती है। 44वें संविधान संशोधन में यह काल 3 महीने से घटाकर 2 महीने किया गया था परंतु इसे कार्यान्वित नहीं किया जा सका।
3. धर आयोग और डी.एस. भूरिया आयोग उस आयोग से संबंधित हैं जिसको राष्ट्रपति 10 वर्षों में अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन तथा अनुसूचित जनजाति के कल्याण पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिये नियुक्त कर सकते हैं।
4. अनुसूचित क्षेत्रों में, जनजाति सशक्तीकरण हेतु 'पेसा' (PESA) अधिनियम मील का पत्थर साबित हुआ जिसने इन क्षेत्रों में पंचायत के प्रावधानों का विस्तार किया और भूमि तथा वनोत्पाद जैसी परिसम्पत्तियों पर निचले निकायों को अधिकार प्रदान किया।

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) केवल 1 और 2 (d) केवल 3 और 4

45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केंद्र स्तर पर पंचायती राज निकायों से संबंधित मामलों की देख-रेख ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा की जाती है।
2. संविधान की सातवीं अनुसूची में वर्णित राज्य सूची में पाँचवीं प्रविष्टि 'स्थानीय शासन' से संबंधित है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सत्य है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



(b) विधेयक में सरकार को सोना और चांदी जैसी मूल्यवान धातुओं की हॉलमार्किंग को आवश्यक बनाने का अधिकार दिया गया है।

(c) देश में सेवा क्षेत्र के महत्त्व को देखते हुए स्वास्थ्य सेवा तथा शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये सेवाओं तथा प्रणालियों को मानक व्यवस्था के अंतर्गत लाया गया है।

(d) यह विधेयक भारतीय मानक ब्यूरो को राष्ट्रीय मानक संस्थान का दर्जा नहीं देता है।

96. 'पोजीशन ऑफ स्ट्रेंथ' अभियान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।

1. भारत में इस अभियान की शुरुआत सोशल नेटवर्किंग साइट ट्विटर ने की है।
2. यह महिला सशक्तीकरण हेतु महिलाओं को अपनी आवाज बुलंद करने, सुरक्षित संवाद कायम करने के लिये ऑनलाइन मंच उपलब्ध कराएगी।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

97. हाल ही में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का शुभारंभ किया गया है। इसके संबंध में क्या सही है?

1. दिल्ली और चंडीगढ़ को छोड़कर यह योजना ग्रामीण क्षेत्र में पूरे भारत में क्रियान्वित की जाएगी।
2. लाभान्वितों की पहचान के लिये सामाजिक-आर्थिक जातीय जनगणना-2011 का उपयोग किया जाएगा।
3. ₹ 21975 करोड़ की अतिरिक्त वित्तीय आवश्यकता की पूर्ति सिडबी से की जाएगी।
4. घरों के निर्माण की कीमत केंद्र एवं राज्य द्वारा समतल क्षेत्रों में 75:25 के अनुपात में तथा पहाड़ी/उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों हेतु 90:10 के अनुपात में रखी जाएगी।
5. लाभान्वितों की वार्षिक सूची की पहचान ग्राम सभा द्वारा सहभागितापूर्वक की जाएगी।

कूट:

(a) 1, 2 और 5 (b) 2, 3, 4 और 5
(c) 3, 4 और 5 (d) 1, 2, 4 और 5

98. पेट्रोलियम और हाइड्रोकार्बन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिये सरकार ने हाइड्रोकार्बन उत्खनन एवं लाइसेंसिंग नीति (HELP) को स्वीकृति दी है। इस संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।

1. HELP, NELP (New Exploration Licencing Policy) नीति का स्थान लेगी।
2. HELP में उत्पादन के आधार पर राजस्व की वसूली होगी।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

99. 51 देशों की पासपोर्ट सूची में भारत को 48वाँ स्थान मिला है। पासपोर्ट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।

1. पासपोर्ट की ताकत इसके धारकों की वीज़ामुक्त यात्रा की सहूलियत पर आधारित होती है। यानी किसी देश का पासपोर्ट रखने वाले नागरिक कितने देशों में बिना वीजा आवेदन के आ-जा सकते हैं, यह उसकी ताकत तय करता है।
2. प्रत्येक देश को अपने पासपोर्ट का रंग चुनने की स्वतंत्रता है। भारत में पासपोर्ट की तीन श्रेणियाँ हैं- राजनयिक पासपोर्ट का रंग मैरून; आधिकारिक पासपोर्ट का रंग सफेद तथा सामान्य पासपोर्ट का रंग नीला है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य नहीं है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

100. हाल ही में भारत सरकार ने अश्गाबात समझौते में शामिल होने का निर्णय लिया है। इस संबंध में सही कथनों का चयन करें।

1. यह समझौता खाड़ी देशों के बीच तेल उत्खनन को सुगम बनाने से संबंधित है।
2. अश्गाबात समझौता के संस्थापक सदस्यों में यमन, ईरान, तुर्कमेनिस्तान एवं उज़्बेकिस्तान शामिल है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (d) | 3. (d) | 4. (a) | 5. (b) | 6. (b) | 7. (a) | 8. (d) | 9. (d) | 10. (a) |
| 11. (a) | 12. (d) | 13. (a) | 14. (d) | 15. (a) | 16. (b) | 17. (c) | 18. (c) | 19. (a) | 20. (a) |
| 21. (c) | 22. (d) | 23. (b) | 24. (a) | 25. (c) | 26. (a) | 27. (c) | 28. (c) | 29. (b) | 30. (d) |
| 31. (d) | 32. (d) | 33. (d) | 34. (b) | 35. (c) | 36. (a) | 37. (c) | 38. (c) | 39. (d) | 40. (d) |
| 41. (d) | 42. (c) | 43. (b) | 44. (a) | 45. (c) | 46. (d) | 47. (a) | 48. (a) | 49. (c) | 50. (d) |
| 51. (b) | 52. (b) | 53. (b) | 54. (c) | 55. (b) | 56- (d) | 57. (d) | 58. (d) | 59. (a) | 60. (a) |
| 61. (c) | 62. (c) | 63. (b) | 64. (a) | 65. (a) | 66. (a) | 67. (c) | 68. (a) | 69. (c) | 70. (b) |
| 71. (c) | 72. (c) | 73. (a) | 74. (c) | 75. (c) | 76. (c) | 77. (a) | 78. (d) | 79. (b) | 80. (d) |
| 81. (b) | 82. (d) | 83. (d) | 84. (d) | 85. (c) | 86. (d) | 87. (b) | 88. (d) | 89. (b) | 90. (d) |
| 91. (d) | 92. (c) | 93. (c) | 94. (b) | 95. (d) | 96. (d) | 97. (a) | 98. (c) | 99. (d) | 100. (b) |



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



62. (c) मसाई अफ्रीकी क्षेत्रों में निवास करने वाली जनजाति है। बद्दू मध्य एशियाई अथवा अरब देशों के रेगिस्तानी क्षेत्रों में निवास करने वाली जनजाति है। माओरी जनजाति न्यूज़ीलैंड से संबंधित है, जबकि बिन्दिबू ऑस्ट्रेलिया से संबंधित है। अत: विकल्प (c) सही है।
63. (b) नागार्जुन सागर परियोजना आन्ध्र प्रदेश में कृष्णा नदी पर स्थित है। अत: विकल्प (b) सही है।
64. (a) समशीतोष्ण क्षेत्रों के वनों की लकड़ियाँ काफी मुलायम होती हैं। साथ ही, यह क्षेत्र विकसित देशों का क्षेत्र है जहाँ अत्याधुनिक तरीके से लकड़ी कटाई व चिराई का कार्य होता है। अत: विकल्प (a) सही है।
65. (a) तापीय विलोमता की स्थिति में ठंडी वायु की परत नीचे होती है तथा उसके ऊपर गर्म वायु की परत स्थित हो जाती है। पृथ्वी की घूर्णन गति के कारण हवाओं की दिशा में विक्षेप हो जाता है। इस विक्षेपक बल को ही कोरिऑलिस बल कहा जाता है। प्रतिचक्रवात में उच्च वायुदाब केंद्र में होता है। अत: विकल्प (a) सही है।
66. (a) दिहांग गॉर्ज के समीप पर्वत शृंखलाएँ दक्षिण की ओर तीव्र मोड़ लिये हुए हैं और भारत की पूर्वी सीमा तक फैली हैं जिन्हें पूर्वांचल के नाम से जाना जाता है। अत: विकल्प (a) सही है।
67. (c)
68. (a)
69. (c)
70. (b) उपोष्ण कटिबंधीय क्षेत्र से चलने वाली उत्तर-पूर्वी हवाएँ दक्षिण की ओर बढ़कर दाहिनी तरफ मुड़ने के बाद निम्न दाब वाले क्षेत्र की ओर बढ़ जाती हैं। सूर्य का निर्माण करने वाली दो महत्त्वपूर्ण गैसें- हाइड्रोजन और हीलियम हैं। मोरेन (हिमोढ़) हिमानी द्वारा बहाकर लाया गया मलबा होता है। अत: विकल्प (b) सही है।
71. (c) दुआर भूटान के आसपास उत्तरी-पूर्वी भारत में पूर्वी हिमालय के बाढ़ का मैदान एवं गिरिपाद है। इन क्षेत्रों में चाय की खेती की जाती है। अत: विकल्प (c) सही है।
72. (c) दोनों कथन सही हैं।
73. (a)
74. (c)
75. (c)
76. (c) ब्लू पाइन और स्प्रूस आर्द्र शीतोष्ण कटिबंधीय वन के वृक्ष हैं। इन वनों में चौड़े पत्तों वाली सदापर्णी तथा शंकुधारी वृक्ष की मिश्रित किस्में पाई जाती हैं। विकल्प (c) सही है।
77. (a)
78. (d)
79. (b)
80. (d) ग्रीन बेंच पर्यावरणीय मुद्दों पर न्यायपालिका द्वारा दिये गए निर्णयों से संबंधित होता है।
81. (b)
82. (d) 'डंपिंग' अर्थव्यवस्था से संबंधित शब्द है जो व्यापार के संदर्भ में प्रयुक्त होता है।
83. (d)
84. (d) जीवन चयन आकलन के स्थान पर जीवन चक्र आकलन होगा।
85. (c) फ्लोरिडा धारा एक गर्म जलधारा है।
86. (d) स्थल की तुलना में जल धीमी गति से गर्म व ठण्डा होता है।
87. (b) वर्षा ऋतु में तमिलनाडु तट के शुष्क रहने में समुद्री जलवायु का योगदान नहीं है।
88. (d)
89. (b) समुद्र के आंतरिक गहरे भागों में सुनामी महसूस नहीं होती क्योंकि गहरे समुद्र में सुनामी लहरों की लम्बाई अधिक व ऊँचाई कम होती है।

## समसामयिकी

90. (d)
91. (d) इस दूरबीन को उत्तराखंड में नैनीताल के पास देवस्थल में लगाया गया है।
92. (c)
93. (c)
94. (b) सरकारी विज्ञापनों में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश के चित्रों के अलावा राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों एवं मंत्रियों के चित्र प्रकाशित करने की अनुमति दे दी गई हैं। शेष शर्तें एवं अपवाद यथावत् रहेंगे।
95. (d)
96. (d) दोनों कथन सही है।
    - ट्विटर ने फिक्की लेडिज़ ऑर्गेनाइज़ेशन, ऑब्ज़र्वर रिसर्च फाउंडेशन तथा अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर दिल्ली में एक कार्यशाला के दौरान इस अभियान की शुरुआत की।
97. (a) अतिरिक्त वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति नाबार्ड से की जाएगी।
    - केंद्र और राज्य का योगदान समतल क्षेत्रों में 60 : 40 तथा पहाड़ी/ उत्तर पूर्वी क्षेत्रों में 90 : 10 के अनुपात में होगा।
98. (c)
99. (d) दोनों कथन सत्य हैं।
100. (b) अश्गाबात समझौता मध्य एशिया एवं फारस की खाड़ी के बीच वस्तुओं की आवाजाही को सुगम बनाने वाला एक अंतर्राष्ट्रीय परिवहन एवं पारगमन गलियारा है।



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

# प्रैक्टिस पेपर 13

## सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

1. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?
   (a) मेंडल ने प्रभाविता के नियम को दर्शाने के लिये मोनोहाइब्रिड क्रॉस का उपयोग किया और दिखाया कि जब एक लक्षण उभरकर आता है तो दूसरा छिप जाता है।
   (b) दलदली भूमि में उगने वाले पौधे इस नियम का अपवाद हैं कि जड़ें नकारात्मक रूप से प्रकाशानुवर्ती और सकारात्मक रूप से गुरुत्वानुवर्ती होती हैं।
   (c) आलू एक रूपांतरित जड़ है जबकि प्याज एक रूपांतरित तना है।
   (d) सीटी स्कैन या पारंपरिक एक्स-रे के विपरीत एम.आर.आई. में आयनीकृत विकिरण का उपयोग नहीं होता। यह चुंबकीय क्षेत्र के प्रभाव में हाइड्रोजन के संरेखण के सिद्धांत पर आधारित होता है।

2. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये:

| **रोग** | **कमी** |
|---|---|
| A. रतौंधी | 1. विटामिन C |
| B. बेरी-बेरी | 2. विटामिन A |
| C. स्कर्वी | 3. विटामिन $B_1$ |
| D. रिकेटस | 4. विटामिन D |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

3. CDMA और GSM तकनीकों से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यूरोपीय संघ और संयुक्त राज्य अमेरिका में CDMA प्रधान तकनीक है।
   2. GSM में संचार के लिये TDMA (टाइम डिवीज़न मल्टीपल एक्सेस) तथा FDMA (फ्रिक्वेंसी डिवीज़न मल्टीपल एक्सेस) तकनीकों का उपयोग किया जाता है।
   3. WCDMA, GSM धारकों द्वारा उपयोग किया जाने वाला एक 3G मानक है।

   उपर्युक्त में से कौन-से सही हैं?
   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3
   (d) 1, 2 और 3

4. पेड़-पौधों की शाखाओं, तनों एवं पत्तियों तक जल और आवश्यक लवण निम्नलिखित में से किस सिद्धांत के आधार पर पहुँचते है?
   (a) केशिकत्व (b) पृष्ठ तनाव
   (c) श्यानता (d) प्लवन

5. निम्नलिखित में से कौन-सा आर.बी.सी. (RBCs) के संबंध में सही है?
   (a) यकृत में निर्माण और प्लीहा में नष्ट।
   (b) प्लीहा में निर्माण एवं अस्थि मज्जा में नष्ट।
   (c) अस्थि मज्जा में निर्माण एवं प्लीहा में नष्ट।
   (d) इनमें से कोई नहीं।

6. डिपो प्रोजेस्टेरोन प्रिपेरेशन इंजेक्शन द्वारा गर्भनिरोधक की नवीनतम तकनीकों में से एक है। इस तकनीक में शामिल है:
   (a) फॉलिकल के विकास को बाधित करना जिसके परिणामस्वरूप अण्डोत्सर्जन बाधित हो जाता है।
   (b) शुक्राणुओं की संख्या में कमी करना।
   (c) फॉलिकल के विकास को बाधित करना जिसके परिणामस्वरूप अण्डोत्सर्जन में अत्यधिक वृद्धि हो जाती है।
   (d) इनमें से कोई नहीं।

7. किसी परमाणु के नाभिक की स्थिरता का कारण है:
   (a) विद्युत स्थैतिक बल (b) गुरुत्वाकर्षण बल
   (c) नाभिकीय बल (d) न्यूट्रॉन

8. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये:

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. ट्रांसजेनिक जंतु | 1. दोषरहित जीन के साथ आपूर्ति। |
| B. जीन थेरेपी | 2. किसी अन्य प्रजाति के आनुवंशिक पदार्थ को डी.एन.ए. के साथ जोड़ दिया जाता है। |
| C. ग्रीन प्लास्टिक | 3. मक्के से बनी चीनी को पॉलीलेक्टिक अम्ल में बदलना। |
| D. ज़ेनोट्रांसप्लांटेशन | 4. अन्य प्रजातियों से अंग और कोशिकाओं का प्रत्यारोपण। |



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



कूट:

(a) केवल 1, 2 और 4 (b) केवल 2, 3, 4 और 5

(c) केवल 1, 3, और 5 (d) केवल 1, 2, 4 और 5

48. बजट पारित करने का सही क्रम बताएँ:

1. विभागीय समितियों द्वारा समीक्षा
2. बजट पेश होना
3. सामान्य परिचर्चा
4. अनुदान की मांग पर मतदान
5. वित्त विधेयक पारित होना
6. विनियोग विधेयक का पारित होना।

कूट:

(a) 1, 2, 3, 4, 6, 5 (b) 1, 2, 3, 4, 5, 6

(c) 2, 1, 3, 4, 6, 5 (d) 2, 3, 1, 4, 6, 5

## भारतीय इतिहास और कला-संस्कृति

49. **निर्देश:** आगामी प्रश्न में दो वक्तव्य हैं। एक को 'कथन (A)' तथा दूसरे को 'कारण (R)' कहा गया है। इन दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कर इस प्रश्न का उत्तर नीचे दिये हुए कूटों की सहायता से चुनिये:

**कथन (A):** सिखों के दसवें गुरु 'गुरु गोविंद सिंह' ने पुरुषों के नाम के आगे सिंह और महिलाओं के नाम के आगे कौर लिखने की बात कही।

**कारण (R):** गुरु अर्जुन देव द्वारा लिखित 'आदि ग्रंथ' की अनुचित व्याख्या से उपजे भ्रम को दूर करने के लिये उन्होंने ऐसा किया, क्योंकि इसके कारण महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण व्यवहार का प्रचलन हो रहा था।

कूट:

(a) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।

(b) A तथा R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(c) A सही है, परन्तु R गलत है।

(d) A गलत है, परन्तु R सही है।

50. अमरनायक थे:

(a) विजयनगर साम्राज्य के सेनाधिकारी, जिन्हें राज्य द्वारा शासित क्षेत्र में राजस्व वसूली और शिल्पकारों तथा व्यापारियों से बकाया वसूलने के अधिकार दिये गए थे।

(b) गुप्त प्रशासन में मंडल (भुक्ति) के मुखिया।

(c) दंडात्मक अधिकार प्राप्त मौर्य अधिकारी।

(d) सातवाहन प्रशासन में अहर (ज़िले) के मुखिया के रूप में स्थापित सैन्याधिकारी।

51. लोअर बर्मा का विलय निम्नलिखित में से किस वायसराय के काल में किया गया था?

(a) लॉर्ड कैनिंग

(b) लॉर्ड डलहौजी

(c) लॉर्ड वेलिंगटन

(d) लॉर्ड लिनलिथगो

52. निम्नलिखित में किस वंश के शासकों का रेशम मार्ग पर नियंत्रण था जिससे वे सर्वाधिक लाभान्वित हुए थे?

(a) मौर्य

(b) सातवाहन

(c) शक

(d) कुषाण

53. **निर्देश:** आगामी प्रश्न में दो वक्तव्य हैं। एक को 'कथन (A)' तथा दूसरे को 'कारण (R)' कहा गया है। इन दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कर इस प्रश्न का उत्तर नीचे दिये हुए कूटों की सहायता से चुनिये:

**कथन (A):** फिरोज़शाह तुगलक ने राजनीतिक और आर्थिक उद्देश्यों से बड़ी संख्या में दास एकत्रित किये थे।

**कारण (R):** उसने दासों को कारखानों में लगाया और उनमें से कुछ को विशेष दस्तों या सैनिकों के रूप में प्रशिक्षित किया जो उसके प्रति वफादार रहे।

कूट:

(a) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।

(b) A तथा R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(c) A सही है, परन्तु R गलत है।

(d) A गलत है, परन्तु R सही है।

54. निम्नलिखित में से कौन-सी लिपि ईरानियों के आक्रमण के पश्चात् संस्कृति के प्रभाव के परिणामस्वरूप आई जो दाईं से बाईं ओर लिखी जाती है?

(a) ब्राह्मी लिपि

(b) खरोष्ठी लिपि

(c) हड़प्पन लिपि

(d) देवनागरी लिपि

55. **निर्देश:** आगामी प्रश्न में दो वक्तव्य हैं। एक को 'कथन (A)' तथा दूसरे को 'कारण (R)' कहा गया है। इन दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कर इस प्रश्न का उत्तर नीचे दिये हुए कूटों की सहायता से चुनिये:

**कथन (A):** नेहरू ने भारत सरकार अधिनियम, 1935 को 'सभी ब्रेकों से युक्त लेकिन बिना इंजन की गाड़ी' की संज्ञा दी।

**कारण (R):** अधिकाधिक रक्षात्मक उपायों, गवर्नर जनरल के सामाजिक उत्तरदायित्वों और राज्यों के गवर्नरों की अतिशय शक्तियों के कारण कार्यप्रणाली प्रभावी नहीं हो पा रही थी।

कूट:

(a) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।

(b) A तथा R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(c) A सही है, परन्तु R गलत है।

(d) A गलत है, परन्तु R सही है।



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 2. (a) | 3. (c) | 4. (a) | 5. (c) | 6. (a) | 7. (c) | 8. (a) | 9. (a) | 10. (c) |
| 11. (a) | 12. (b) | 13. (a) | 14. (d) | 15. (b) | 16. (c) | 17. (d) | 18. (c) | 19. (c) | 20. (d) |
| 21. (b) | 22. (b) | 23. (a) | 24. (d) | 25. (a) | 26. (a) | 27. (d) | 28. (d) | 29. (d) | 30. (d) |
| 31. (a) | 32. (d) | 33. (d) | 34. (d) | 35. (a) | 36. (c) | 37. (b) | 38. (d) | 39. (b) | 40. (d) |
| 41. (d) | 42. (c) | 43. (a) | 44. (d) | 45. (c) | 46. (c) | 47. (d) | 48. (d) | 49. (c) | 50. (a) |
| 51. (b) | 52. (d) | 53. (a) | 54. (b) | 55. (a) | 56. (c) | 57. (c) | 58. (d) | 59. (a) | 60. (c) |
| 61. (b) | 62. (d) | 63. (d) | 64. (b) | 65. (c) | 66. (d) | 67. (a) | 68. (c) | 69. (d) | 70. (b) |
| 71. (a) | 72. (b) | 73. (a) | 74. (a) | 75. (c) | 76. (d) | 77. (b) | 78. (d) | 79. (a) | 80. (d) |
| 81. (d) | 82. (a) | 83. (d) | 84. (d) | 85. (c) | 86. (a) | 87. (c) | 88. (b) | 89. (d) | 90. (a) |
| 91. (c) | 92. (c) | 93. (b) | 94. (d) | 95. (c) | 96. (b) | 97. (d) | 98. (c) | 99. (b) | 100. (c) |

## उत्तर (व्याख्या सहित)

### सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

1. (c) आलू एवं प्याज दोनों रूपांतरित तने हैं, अन्य सभी कथन सही हैं।
2. (a)

| | | |
|---|---|---|
| रतौंधी | – | विटामिन A |
| बेरी-बेरी | – | विटामिन $B_1$ |
| स्कर्वी | – | विटामिन C |
| रिकेटस | – | विटामिन D |

3. (c) CDMA अमेरिका में एक प्रभावी तकनीक है न कि यूरोपीय संघ में। अन्य दोनों कथन सही हैं।
4. (a)
5. (c)
6. (a)
7. (c) नाभिकीय बल आवेशरहित होता है और सदैव आकर्षक होता है। अत: नाभिक में प्रोटॉनों के बीच विकर्षक स्थिर विद्युतीय बल होने के कारण प्रोटॉन-प्रोटॉन, प्रोटॉन-न्यूट्रॉन और न्यूट्रॉन-न्यूट्रॉन के मध्य आकर्षक नाभिकीय बल नाभिक में एक साथ लगता है।
   ध्यान रहे कि नाभिकीय बल एक कम प्रभावी बल (कम दूरी तक प्रभावी) है जबकि गुरुत्वाकर्षण बल अधिक दूरी तक प्रभावी होता है।
8. (a)
9. (a) धरातलीय ओज़ोन प्रदूषण (क्षोभमंडलीय प्रदूषण) पृथ्वी की सतह के निकट दिन के प्रकाश में पराबैंगनी किरणों की क्रिया के कारण होता है। वायु में आंशिक मात्रा में उपस्थित कैडमियम और सीसा भी वायु प्रदूषण के कारक हैं।
   **कुहरा:** यह प्राय: ठंडी आर्द्र हवा में बनता है जो पृथ्वी के धरातल के सन्निकट होता है और जिसमें जल बूंद या वायु में निलंबित हिम रवे होते हैं। यह वायु प्रदूषक नहीं होता है। लेकिन धुएँ के साथ मिलकर यह धूम्र कुहरा निर्मित करता है जो कि एक वायु प्रदूषक है।
10. (c) टीले निर्मित करने वाले दीमक ऐसी दीमक प्रजातियाँ हैं जो टीलों में रहती हैं। अधिकांश टीले पूर्णत: शुष्क क्षेत्रों में पाये जाते हैं। दीमक वनों का प्रसार रोकने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं (हालिया शोधों में ऐसा पाया गया है।)
   नमीरहित स्थिति में नमी और पोषकों को संचित कर ऐसे टीले बने रह सकते हैं। अत: जलापूर्ति के बिना भी ये बने रह सकते हैं। ये स्वयं को इस प्रकार ढाल लेते हैं कि टीले के कोर में प्रत्यक्ष रूप से सौर किरणें नहीं पड़ती हैं (इसे थर्मोरेग्युलेशन कहते हैं)।
11. (a)
12. (b)

### भारतीय एवं विश्व अर्थव्यवस्था

13. (a) वस्तुत: 'ऑप्शन' शेयर बाज़ार में व्यापार किया जाने वाला एक डेरीवेटिव प्रकार है। यह क्रेता और विक्रेता के मध्य किया गया वह समझौता है जिसमें समझौता समाप्ति की तिथि को या उससे पहले एक या अधिक परिसम्पत्तियों का क्रय या विक्रय एक निश्चित मूल्य पर किया जाता है।
14. (d) बैंकिंग ऑम्बुड्समैन योजना के अंतर्गत ये सभी शिकायत के आधार हैं।
15. (b) राष्ट्रीय आय का संकलन केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा किया जाता है। अत: चौथा कथन आरबीआई का उत्तरदायित्व नहीं है।
16. (c)
17. (d) भारत ने न्यूनतम आरक्षित प्रणाली वर्ष 1957 में अंगीकृत की।
18. (c) कथन (4) काले धन में वृद्धि का कारण नहीं है।
19. (c)
20. (d) राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना के परिप्रेक्ष्य में सभी कथन सही हैं।
21. (b)
22. (b) विनिवेश से प्राप्ति, प्राप्तियाँ हैं लेकिन राजस्व प्राप्तियाँ नहीं हैं क्योंकि यह देश की सम्पत्ति बेचने से मिली है और यह पूंजीगत प्राप्ति है। अत: विनिवेश से प्राप्ति राजस्व खाते में न जाकर पूंजी खाते में प्रदर्शित होगी।



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

# प्रैक्टिस पेपर 14

## भारतीय इतिहास और कला-संस्कृति

1. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये:

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| A. | एचएमआईएस तलवार | 1. | भारत छोड़ो आंदोलन के लिये बंबई प्रस्ताव। |
| B. | बॉम्बे मैनिफेस्टो | 2. | आईएनएस नौसेना विद्रोह |
| C. | ग्वालिया टैंक मैदान | 3 | ब्रिटिश ट्रेड यूनियन नेताओं-फिलिप स्प्रैट, बेन ब्रेडले और लेस्टर हचिंसन जो भारत में ट्रेड यूनियन आंदोलन में सहयोग देने के लिये आए थे, के कारण सरकार का अशांत हो जाना। |
| D. | मेरठ षड्यंत्र | 4. | 1936 में बंबई के 21 व्यापारियों द्वारा हस्ताक्षरित, जो नेहरू की समाजवादी प्रवृत्ति का विरोध करती थी। यद्यपि इसे व्यापारियों से बहुत अधिक समर्थन नहीं मिला। |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

2. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये:

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | गदर पार्टी | 1. | बाबा गुरदीत सिंह के नेतृत्व में जो जहाज़ सिंगापुर से बैंकूवर पहुँचना था, उसे वापस भारत भेज दिया गया। |
| B. | कामागाटामारू | 2. | गांधीवादी खान अब्दुल गफ्फार खान के नेतृत्व में राष्ट्रवादियों का एक दल जिसने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भागीदारी की। |
| C. | खुदाई खिदमतगार या लाल कुर्ती | 3. | वैसी ज़मीन जिसे किसानों ने लगान न दे पाने के कारण ज़मींदारों को दे दिया था। लेकिन अभी भी ये ज़मीन किसानों के ही कब्जे में थी। |
| D. | बकाश्त | 4. | भारत में क्रांति लाने के उद्देश्य से लाला हरदयाल, करतार सिंह सराभा, बरकतुल्ला आदि ने गठित किया जिसका मुख्यालय सैन फ्रांसिस्को में था। |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

3 निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?

1. टीटू मीर, सैय्यद अहमद बरेलवी से प्रभावित था। उसने स्थानीय ज़मींदारों और नील उत्पादकों के खिलाफ मुस्लिम कृषकों और बुनकरों को संगठित किया।
2. फरैजी आंदोलन पूर्वी बंगाल में हाजी शरीयतुल्ला के नेतृत्व में विकसित हुआ। यह आंदोलन स्थानीय ज़मींदारों और नील उत्पादकों के विरुद्ध था।
3. बंकिमचन्द्र चटर्जी के आनन्द मठ में संन्यासी विद्रोह का उल्लेख है।
4. भारतीय परिषद् अधिनियम, 1861 के तहत विभागीय प्रणाली की शुरुआत हुई जिसके द्वारा वायसराय की कार्यकारी परिषद् को बदलकर मंत्रिमण्डलीय व्यवस्था लाई गई, जिससे वायसराय की शक्ति में विस्तार हुआ।

कूट:

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

4. मुर्शिद कुली खाँ ने बंगाल में व्याप्त अराजकता को समाप्त कर शांति एवं सुव्यवस्थित प्रशासन स्थापित किया। उसके द्वारा किये गए सुधारों में निम्नलिखित में से क्या शामिल नहीं था/थे?

1. उसने भू-राजस्व व्यवस्था को नए सिरे से संगठित किया तथा जागीर भूमि के एक बड़े भाग को खालसा भूमि में परिवर्तित कर दिया।
2. उसने ज़मींदार और किसान से लगान की वसूली में काफी उदारता बरती ताकि कृषि उत्पादन में वृद्धि से राजस्व में बढ़ोत्तरी हो सके।

कूट:

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



3 दक्षिण में स्थानीय स्तर पर इन्हें 'शोला' कहा जाता है।

4. ये 1500 मीटर से अधिक ऊँचाई पर स्थित हैं और न्यूनतम 2000 मिमी. वर्षा प्राप्त करते हैं।

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 1, 2 और 3

(c) केवल 2, 3 और 4 (d) केवल 2 और 3

35. भारत में लौह अयस्क भंडार के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?

1. भारत में लौह अयस्क प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। हालाँकि पूरे भारत में इसका असमान वितरण है।

2. 95% का उत्पादन पाँच राज्यों-ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़, कर्नाटक और गोवा द्वारा किया जाता है। इन राज्यों में से झारखंड में आधा उत्पादन तथा ओडिशा, छत्तीसगढ़, कर्नाटक और गोवा में शेष आधा उत्पादन होता है।

3. लगभग 5% का वितरण महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश, राजस्थान और असम में है।

4. स्थानीय मांग की पूर्ति के लिये ये भंडार उपयुक्त हैं लेकिन निर्यात के लिये नहीं।

कूट:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2, 3 और 4

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

36. भारत में मानसून के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

(a) भारत में जून-सितम्बर समयावधि में दक्षिण-पश्चिम मानसून का अधिक प्रभाव रहता है और अक्तूबर-दिसंबर समयावधि में उत्तर-पूर्व मानसून का प्रभाव रहता है।

(b) दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान दक्षिण भारत के पूर्वी भाग में अधिक वर्षा होती है।

(c) दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान कम वर्षा प्राप्त करने वाले क्षेत्रों में राजस्थान का मरुस्थल, पश्चिमी घाट पर्वत श्रेणी के पूर्वी भाग में दक्कन पठार और लद्दाख हैं।

(d) मानसून के दौरान दार्जिलिंग और शिलॉन्ग के आस-पास के पूर्वी हिमालय क्षेत्र आर्द्र क्षेत्रों में से एक होते हैं क्योंकि मानसून जब हिमालय श्रेणी की ओर बढ़ता है तब यह बंगाल की खाड़ी से अतिरिक्त नमी प्राप्त करता है।

37. निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. वज़न ह्रासी उद्योग कच्चे माल वाले क्षेत्रों के निकट स्थापित किये जाते हैं।

2. चीनी उत्पादन में भारत का स्थान ब्राज़ील के बाद है।

3. चीन के यून्नान पठार और पूर्वोत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों को चाय का मूल स्थान माना जाता है।

4. तम्बाकू की फसल प्रतिरोपण तकनीक द्वारा उपजाई जाती है।

कूट:

(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 1, 2 और 3

(c) केवल 1 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

38. एल्युमिनियम कंपनियों को उनके विवरणों के साथ सुमेलित कीजिये:

| एल्युमिनियम कंपनी | विवरण |
|---|---|
| A. नाल्को | 1. दूसरी पंचवर्षीय योजना में गति मिली और हीराकुंड में इसका संयंत्र स्थापित किया गया। |
| B. बाल्को | 2. जे.के. नगर, मुरी तथा अल्वाय में इसके संयंत्रों द्वारा एल्युमिनियम उद्योग का विस्तार किया गया। |
| C. हिण्डाल्को | 3 कोरबा में इसके संयंत्र द्वारा एल्युमिनियम उद्योग का विस्तार किया गया। |
| D. इण्डाल्को | 4. दूसरी पंचवर्षीय योजना में गति मिली और उत्तर प्रदेश के रेणुकूट में इसका संयंत्र स्थापित किया गया। |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

39. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये:

| स्थान | लौह अयस्क का आपूर्ति प्रारूप |
|---|---|
| A. गुआ खनन क्षेत्र | 1. छत्तीसगढ़ के ये खनन क्षेत्र भिलाई इस्पात संयंत्र को आपूर्ति करते हैं। |
| B. डल्ली राजहरा भंडार | 2. झारखंड में सिंहभूम ज़िले के ये खनन क्षेत्र बर्नपुर, कुल्टी के इस्पात संयंत्रों को आपूर्ति करते हैं और इनका निर्यात भी किया जाता है। |
| C. केमांगुंडी भंडार | 3 गोवा के ये क्षेत्र लौह उत्पादन करते हैं जिसका निर्यात किया जाता है। |
| D. बिचोलिम- पाले क्षेत्र सानकोर्डम क्षेत्र शिगाओ- कालाय क्षेत्र और सांगुएम-क्वीपेम क्षेत्र। | 4. कर्नाटक की बाबाबूदन पहाड़ियों के ये खनन क्षेत्र भद्रावती में वी.एस.एल. संयंत्र को आपूर्ति करते हैं। |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

40. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये:

| शब्दावली | विवरण |
|---|---|
| A. बुग्याल | 1. मन्नार की खाड़ी में एक मूंगा निर्मित संरचना जहाँ पादपों और जन्तुओं की प्रजातियाँ पाई जाती हैं। यह मन्नार की खाड़ी जैवमंडल रिज़र्व का भाग है। |



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



कूट:
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 2, 3 और 4 (d) उपर्युक्त सभी।

80. निम्नलिखित में से किस समिति में लोक सभा और राज्य सभा दोनों के सदस्य होते हैं?
1. लोक लेखा समिति
2. लोक उपक्रम समिति
3. प्राक्कलन समिति
4. अनुसूचित जातियों व जन जातियों के कल्याण संबंधी समिति

कूट:
(a) केवल 1, 2 और 4 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 1 और 2 (d) उपर्युक्त सभी।

81. निम्नलिखित में कौन-कौन से प्रस्ताव सिर्फ लोक सभा में ही प्रस्तुत किये जा सकते हैं?
1. अविश्वास प्रस्ताव 2. निंदा प्रस्ताव
3 विशेषाधिकार प्रस्ताव 4. स्थगन प्रस्ताव

कूट:
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 1, 2 और 3 (d) उपर्युक्त सभी।

## समसामयिकी

82. भारत की प्रथम नदी सूचना प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
(a) इसके ज़रिये जलमार्ग परिचालकों तथा प्रयोगकर्ताओं के मध्य सूचना के आदान-प्रदान को कारगर बनाया जाएगा।
(b) यह प्रणाली राष्ट्रीय जलमार्ग-2 पर सुरक्षित और सटीक नौवहन को सुविधाजनक बनाएगी।
(c) इस प्रणाली के क्रियान्वयन की जवाबदेही भारतीय अन्त:स्थलीय जलमार्ग प्राधिकरण को सौंपी गई है।
(d) सभी कथन सही हैं।

83. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. सलमा बांध भारत-पाकिस्तान की सीमा पर है।
2. अफगानिस्तान के संसद भवन का निर्माण भारत के सहयोग से किया गया है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

84. मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
(a) यह फसल अनुसार पोषक तत्त्वों के उपयोग पर बल देता है।
(b) इस योजना का क्रियान्वयन केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच बराबर की भागीदारी के साथ किया जा रहा है।
(c) इस योजना के तहत किसानों को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।
(d) यह योजना भारत में द्वितीय हरित क्रांति के लिये सहायक होगी।

85. निम्नलिखित कथनों में से असत्य कथन कौन-सा है?
(a) इस वर्ष हार्वर्ड विश्वविद्यालय और मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के दो अर्थशास्त्रियों को संयुक्त रूप से अर्थशास्त्र का नोबेल दिया गया।
(b) यह पुरस्कार कॉन्ट्रैक्ट थ्योरी के लिये दिया गया है।
(c) यह थ्योरी समाज में एक बेहतर संस्थान के निर्माण में अत्यंत सहायक है।
(d) पुरस्कार प्राप्त करने वाले दोनों अर्थशास्त्री अमेरिकी हैं।

86. 'टेक्नोलॉजी विज़न-2035' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. यह प्रत्येक भारतीय की सुरक्षा, संपन्नता और पहचान को महत्त्व देता है।
2. यह प्राकृतिक संसाधनों के पर्यावरण मित्र संरक्षण को महत्त्व देता है।
3. यह पारदर्शी और प्रभावी शासन को महत्त्व देता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

87. सुमेलित कीजिये।

| **सूची-I** (नोबेल विजेता) | **सूची-II** (क्षेत्र) |
|---|---|
| A. डंकन हेल्डेन | 1. चिकित्सा |
| B. बर्नार्ड एल. फेरिंगा | 2. भौतिकी |
| C. ओलिवर हार्ट | 3. अर्थशास्त्र |
| D. योशिनोरी ओसुमी | 4. रसायन |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

88. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।
1. चाइना रेलवे ग्रुप और चाइना सिविल इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन ने अफ्रीका में पहली आधुनिक इलेक्ट्रिक ट्रेन चलाने में सहायता प्रदान की।
2. यह ट्रेन इथियोपिया और जिबूती की राजधानियों के बीच चलाई गई।

सत्य कथन है/हैं –
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (b) | 3. (d) | 4. (a) | 5. (b) | 6. (b) | 7. (c) | 8. (d) | 9. (d) | 10. (a) |
| 11. (d) | 12. (d) | 13. (a) | 14. (b) | 15. (c) | 16. (d) | 17. (a) | 18. (a) | 19. (d) | 20. (c) |
| 21. (c) | 22. (a) | 23 (b) | 24. (a) | 25. (d) | 26. (b) | 27. (a) | 28. (b) | 29. (d) | 30. (c) |
| 31. (d) | 32. (a) | 33. (a) | 34. (c) | 35. (c) | 36. (b) | 37. (d) | 38. (a) | 39. (d) | 40. (c) |
| 41. (b) | 42. (c) | 43. (d) | 44. (a) | 45. (a) | 46. (b) | 47. (d) | 48. (b) | 49. (a) | 50. (d) |
| 51. (b) | 52. (b) | 53 (d) | 54. (d) | 55. (c) | 56. (d) | 57. (b) | 58. (b) | 59. (c) | 60. (b) |
| 61. (b) | 62. (a) | 63. (a) | 64. (d) | 65. (d) | 66. (a) | 67. (b) | 68. (d) | 69. (d) | 70. (b) |
| 71. (d) | 72. (c) | 73. (b) | 74. (d) | 75. (d) | 76. (a) | 77. (d) | 78. (c) | 79. (d) | 80. (a) |
| 81. (a) | 82. (b) | 83. (b) | 84. (c) | 85. (d) | 86. (d) | 87. (b) | 88. (c) | 89. (c) | 90. (c) |
| 91. (a) | 92. (b) | 93. (c) | 94. (d) | 95. (b) | 96. (b) | 97. (a) | 98. (c) | 99. (a) | 100. (b) |

## उत्तर (व्याख्या सहित)

### भारतीय इतिहास और कला-संस्कृति

1. (d)
2. (b)
3. (d)
4. (a) मुर्शिद कुली खाँ ने नए भू-राजस्व बन्दोबस्त के ज़रिये जागीर भूमि के बड़े भाग को खालसा भूमि बना दिया और इज़ारा व्यवस्था अर्थात् ठेके पर भू-राजस्व वसूलने की व्यवस्था आरम्भ की। अत: कथन 1 सही है।
   यद्यपि उसने गरीब खेतिहरों को राहत पहुँचाने और उन्हें समय पर भू-राजस्व देने में समर्थ बनाने के लिये 'तकावी ऋण' दिया लेकिन उसने ज़मींदारों और किसानों से लगान की वसूली बड़ी निर्दयता से की। अत: कथन 2 असत्य है। इसलिये विकल्प (a) सही उत्तर है।
5. (b) प्रथम आंग्ल-फ्राँसीसी युद्ध (1746-48) ऑस्ट्रिया के उत्तराधिकार के युद्ध से आरंभ हुआ था। अंग्रेज़ों और फ्राँसीसियों दोनों ने अपनी गृह सरकार की अनुमति के बगैर ही 1746 में युद्ध शुरू कर दिया। अत: कथन 1 गलत है। कथन 2 और 3 सही हैं। अत: विकल्प (b) सही उत्तर है।
6. (b) बिहार में जगदीशपुर के ज़मींदार कुँवर सिंह को अंग्रेज़ों ने दिवालियेपन के कगार पर पहुँचा दिया था। उनकी सारी सम्पत्ति छीन ली गई थी और उसे लौटाने की बार-बार अपील का अंग्रेज़ों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। इसलिये वे अंग्रेज़ों के शत्रु बन गए थे। उन्होंने खुद किसी विद्रोह की योजना नहीं बनाई थी लेकिन विद्रोही सिपाहियों का दस्ता जैसे ही दानापुर से आरा पहुँचा, कुँवर सिंह उनके साथ हो गए। अत: कथन 1 गलत है। कथन 2 सही है। अत: विकल्प (b) सही उत्तर है।
7. (c) 1855 में तंजौर के राजा की मृत्यु के उपरांत उनकी उपाधि को समाप्त कर दिया गया। 1853 में पेशवा बाजीराव द्वितीय की मृत्यु के बाद उसकी पेंशन उसके दत्तक पुत्र नाना साहब को नहीं दी गई। द्वितीय आंग्ल-बर्मा युद्ध (1852) में लोअर बर्मा के पीगू प्रदेश को जीत लिया गया। अवध का विलय 1856 में कुशासन के आधार पर किया गया। ये सारी घटनाएँ डलहौज़ी के काल (1848-56) में हुईं। सिंध का विलय 1843 में लॉर्ड एलनबरो द्वारा किया गया। अत: विकल्प (c) सही उत्तर है।
8. (d) सभी कथन सही हैं। अत: विकल्प (d) सही है।
9. (d) बंगाल के परवर्ती क्रांतिकारी आंदोलन में युवतियों की बड़ी भागीदारी थी। बंगाल की प्रमुख महिला क्रांतिकारियों में प्रीतिलता वाडेदर, कल्पना दत्त, सुनीति चौधरी, शांति घोष इत्यादि शामिल थीं। कथन (b) तथा (c) भी सही हैं। इस आंदोलन में अनेक मुसलमान शामिल थे, यथा- सत्तार, फकीर अहमद, मीर अहमद, तुनू मियाँ आदि। अत: कथन (d) गलत है।
10. (a) कलभ्रों के विद्रोह का असर उनके समकालीन पड़ोसियों पर पड़ा। कलभ्रों को दुष्ट राजा कहा गया है। उन्होंने अनेकानेक राजाओं को पराजित किया और तमिल क्षेत्र पर अपना कब्जा जमा लिया। उन्होंने बहुत सारे गाँवों में ब्राह्मणों को मिले ब्रह्मदेय अधिकारों को समाप्त कर दिया। लगता है कि कलभ्र बौद्ध धर्म के अनुयायी थे क्योंकि इन्होंने बौद्ध विहारों का संपोषण किया था। कलभ्रों का विद्रोह इतना व्यापक हो गया था कि उनको पांड्यों, पल्लवों और बादामी के चालुक्यों के संयुक्त प्रयास से ही दबाया जा सका। कलभ्रों ने चोल, पांड्य और चेर राजाओं को बंदी बना लिया था। अत: केवल कथन 1 तथा 2 सही हैं। इस प्रकार, विकल्प (a) सही उत्तर है।
11. (d)

| प्रमुख सम्प्रदाय | मत | आचार्य | समय काल |
|---|---|---|---|
| 1. वैष्णव सम्प्रदाय | विशिष्टाद्वैत | रामानुज | 12वीं शताब्दी |
| 2. ब्रह्म सम्प्रदाय | द्वैतवाद | माधवाचार्य | 13वीं शताब्दी |
| 3 रूद्र सम्प्रदाय | शुद्धाद्वैत | बल्लभाचार्य | 13वीं शताब्दी |
| 4. सनक सम्प्रदाय | द्वैताद्वैत | निम्बार्क | 13वीं शताब्दी |

अत: स्पष्ट है कि (a), (b), (c) सही सुमेलित हैं, जबकि (d) गलत सुमेलित है।

12. (d) गुप्तकालीन कला एवं साहित्य के विषय में कथन (a), (b), (c) सही हैं। आर्यभट्ट ने सर्वप्रथम बताया कि पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती हुई सूर्य के चारों-ओर चक्कर काटती है। अत: कथन (d) गलत है।
13. (a) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है। अत: विकल्प (a) सही उत्तर है।



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

# प्रैक्टिस पेपर 15

## भारतीय राजव्यवस्था

1. कुछ ऐसे विधेयक भी होते हैं जिन्हें राष्ट्रपति की पूर्व-अनुमति के बिना संसद में पेश नहीं किया जा सकता है। इन विधेयकों में शामिल है/हैं:
   1. धन विधेयक
   2. नए राज्यों का निर्माण और राज्यों की सीमाओं अथवा नामों में परिवर्तन से संबंधित विधेयक
   3 संविधान संशोधन विधेयक

   कूट:
   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

2. निम्नलिखित में कौन-सा कथन असत्य है?
   (a) भारत में राष्ट्रपति को बिना संसद के अनुमोदन के अन्य देशों से संधियाँ तथा समझौते करने का अधिकार प्राप्त है।
   (b) अमेरिका में राष्ट्रपति कोई भी संधि सीनेट की स्वीकृति के बिना नहीं कर सकता।
   (c) यदि सर्वोच्च न्यायालय अपना स्थान दिल्ली के बजाय किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करना चाहे तो इसके लिये राष्ट्रपति की स्वीकृति आवश्यक होगी।
   (d) अपनी कार्य-प्रक्रिया के संबंध में बनाए गए नियमों के लिये भारत के सर्वोच्च न्यायालय को राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं लेनी पड़ती है।

3 सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये:

| सूची-I (भारतीय संविधान में लिये गए प्रावधान) | सूची-II (संबंधित देश) |
|---|---|
| A. गणतंत्रात्मक ढाँचा | 1. फ्राँस |
| B. राज्य सभा के सदस्यों का निर्वाचन | 2. ऑस्ट्रेलिया |
| C. संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक | 3. कनाडा |
| D. उच्चतम न्यायालय का परामर्शी न्याय निर्णयन | 4. दक्षिण अफ्रीका |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

4. केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. प्रशासनिक न्यायाधिकरण केवल अपने अधिकार क्षेत्र और कार्यविधि में आने वाले कर्मचारियों के सेवा संबंधी मामलों तक सीमित होता है।
   2. इसमें पीड़ित व्यक्ति स्वयं उपस्थित होकर अपने मामले की पैरवी कर सकता है।
   3. प्रशासनिक न्यायाधिकरण के फैसले के विरुद्ध केवल उच्चतम न्यायालय में अपील की जा सकती है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3
   (c) केवल 2 (d) केवल 1 और 3

5. भारतीय संविधान में संशोधन के द्वारा भाग-9क को जोड़ा गया। इस भाग में सम्मिलित प्रावधान हैं:
   1. राज्य निर्वाचन आयोग की नियुक्ति
   2. राज्य के वित्त आयोग की नियुक्ति
   3. महानगर तथा ज़िला योजना समितियों का गठन

   कूट:
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

6. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये:

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. 52वाँ संविधान संशोधन अधिनियम | 1. दल-बदल पर रोक लगाने की व्यवस्था |
| B. 61वाँ संविधान संशोधन अधिनियम | 2. 6 से 14 वर्ष के बच्चों की शिक्षा को अनिवार्य और मौलिक अधिकार बनाने का प्रावधान |
| C. 86वाँ संविधान संशोधन अधिनियम | 3. मताधिकार के लिये न्यूनतम आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई |
| D. 91वाँ संविधान संशोधन अधिनियम | 4. केन्द्र और राज्यों में मंत्रिपरिषद् का अधिकतम आकार निचले सदन की कुल सदस्य संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं |



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



50. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये:

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. पेरियार | 1. बार्किंग डियर |
| B. जलदापाड़ा | 2. बाघ |
| C. सिमलीपाल | 3. समुद्री कछुए |
| D. कान्हा | 4. गैंडा |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

51. निम्नलिखित में से कौन पर-स्थानिक (एक्स-सीटू) संरक्षण का उदाहरण नहीं है?
(a) जीन बैंक
(b) जैविक उद्यान
(c) पक्षी विहार
(d) क्रायोप्रिज़र्वेशन

52. **निर्देश:** आगामी प्रश्न में दो वक्तव्य हैं। एक को 'कथन A' तथा दूसरे को 'कारण R' कहा गया है। इन दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कर इस प्रश्न का उत्तर नीचे दिये हुए कूटों की सहायता से दीजिये:
**कथन (A):** पशु विशेषकर जुगाली करने वाले पशु ग्रीनहाउस गैस मीथेन उत्पन्न करते हैं।
**कारण (R):** जुगाली करने वाले जानवरों की आँत में आर्कबैक्टीरिया मौजूद रहते हैं।
कूट:
(a) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A तथा R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है परंतु R गलत है।
(d) A गलत है परंतु R सही है।

53. वह प्रक्रिया जिसके द्वारा खाद्यान्न फसलों की पोषणीय गुणवत्ता को जैविक साधनों जैसे पारंपरिक प्लांट ब्रीडिंग द्वारा सुधारा जाता है, कहलाती है:
(a) जैविक हेर-फेर
(b) जैव सुदृढ़ीकरण
(c) जैव संचयन
(d) जैव निक्षालन

54. एक पारिस्थितिकी तंत्र में प्रजाति की अनन्य कार्यात्मक भूमिका या स्थान को कहा जाता है:
(a) इकोटोन
(b) पारिस्थितिकीय निचय
(c) पारिस्थितिकीय पिरामिड
(d) पारिस्थितिकीय उत्कर्ष

55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. यह उस आस-पास के क्षेत्र में जनसंख्या की पुनर्प्राप्ति को बनाए रखता है जहाँ कि उसकी अपनी विशिष्ट प्रकृति विकसित हुई है।
2. यह रणनीति अपने पर्यावरण के अन्दर जारी विकास एवं अनुकूलन की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने में मदद करती है।
कथन 1 एवं 2 सही हैं:
(a) स्व-स्थानिक (इन-सीटू) संरक्षण के लिये
(b) पर-स्थानिक (एक्स-सीटू) संरक्षण के लिये
(c) (a) तथा (b) दोनों के लिये
(d) उपर्युक्त में कोई नहीं।

56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. संकेतक प्रजाति: ऐसी प्रजाति जो पर्यावरण के गुण अथवा विशेषताओं को निर्धारित करती है।
2. मूल तत्त्व प्रजाति: वह प्रजाति जिसकी किसी समुदाय की संरचना में एक मज़बूत भूमिका है।
3 आधार प्रजाति: वह प्रजाति जिसका उसकी प्रचुरता के सापेक्ष पर्यावरण पर अनुपातविहीन व्यापक प्रभाव है।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) उपर्युक्त सभी।

57. वैश्विक रूप से महत्त्वपूर्ण कृषि धरोहर प्रणाली (GIAHS) के बारे में निम्नलिखित में से कौन सही है/हैं?
1. इसे यूनेस्को द्वारा शुरू किया गया।
2. भारत में मान्यता प्राप्त दो स्थान- कोरापुट (ओडिशा) एवं पम्पोर क्षेत्र (कश्मीर घाटी)।
कूट:
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

58. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
1. अलग-थलग द्वीपों में उच्च जैव विविधता होती है।
2. उष्णकटिबंधीय वनों में जैव विविधता कम होती है।
3. दक्षिण एशिया की तुलना में यूरोप में जैव-विविधता कम है।
कूट:
(a) केवल 1
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) इनमें से कोई नहीं।



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 2. (d) | 3. (d) | 4. (a) | 5. (d) | 6. (b) | 7. (d) | 8. (d) | 9. (d) | 10. (d) |
| 11. (d) | 12. (d) | 13 (d) | 14. (b) | 15. (d) | 16. (a) | 17. (c) | 18. (b) | 19. (a) | 20. (d) |
| 21. (c) | 22. (a) | 23. (b) | 24. (a) | 25. (a) | 26. (b) | 27. (a) | 28. (c) | 29. (c) | 30. (b) |
| 31. (c) | 32. (b) | 33. (c) | 34. (b) | 35. (d) | 36. (b) | 37. (d) | 38. (d) | 39. (d) | 40. (d) |
| 41. (b) | 42. (b) | 43. (a) | 44. (a) | 45. (c) | 46. (a) | 47. (c) | 48. (a) | 49. (c) | 50. (a) |
| 51. (c) | 52. (a) | 53. (a) | 54. (b) | 55. (a) | 56. (a) | 57. (b) | 58. (b) | 59. (c) | 60. (c) |
| 61. (c) | 62. (a) | 63. (c) | 64. (c) | 65. (b) | 66. (c) | 67. (b) | 68. (c) | 69. (d) | 70. (c) |
| 71. (b) | 72. (b) | 73 (b) | 74. (d) | 75. (b) | 76. (c) | 77. (a) | 78. (b) | 79. (b) | 80. (b) |
| 81. (c) | 82. (b) | 83. (c) | 84. (c) | 85. (c) | 86. (a) | 87. (a) | 88. (d) | 89. (a) | 90. (c) |
| 91. (c) | 92. (d) | 93. (a) | 94. (c) | 95. (c) | 96. (c) | 97. (a) | 98. (b) | 99. (b) | 100. (d) |

## उत्तर (व्याख्या सहित)

### भारतीय राजव्यवस्था

1. (c) संविधान संशोधन विधेयक के लिये राष्ट्रपति की पूर्वानुमति की आवश्यकता नहीं होती है।
2. (d) अपनी कार्य प्रक्रिया के संबंध में बनाए गए नियमों के लिये सर्वोच्च न्यायालय को राष्ट्रपति की मंज़ूरी लेनी पड़ती है।
3. (d)
4. (a) प्रशासनिक न्यायाधिकरण के फैसले के विरुद्ध संबंधित उच्च न्यायालय में अपील की जा सकती है।
5. (d)
6. (b)
7. (d)
8. (d) संविधान संशोधन विधेयक की दशा में संयुक्त बैठक नहीं हो सकती है।
9. (d) अनुच्छेद 25(1) में इस संबंध में उल्लेख किया गया है।
10. (d)

### सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

11. (d) श्यानता तरल पदार्थ का एक आण्विक गुणधर्म है जो अंतर-आण्विक आकर्षण पर निर्भर है। यह तरल पदार्थ द्वारा किये गए प्रतिरोध का माप है।

    तरल पदार्थ या तो द्रव रूप में होते हैं या गैसीय रूप में। तापमान बढ़ने के साथ द्रव का अंतर-आण्विक आकर्षण कम हो जाता है। जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, द्रव फैलते हैं और अंतर-आण्विक बल कमज़ोर हो जाते हैं। इसलिये श्यानता कम हो जाती है। लेकिन गैसों में तापमान बढ़ने के साथ श्यानता बढ़ती है।
12. (d) हाइड्रोमीटर आर्कमिडीज़ के सिद्धांत पर काम करता है और लैक्टोमीटर वस्तुतः एक विशेष प्रकार का हाइड्रोमीटर है जो विशिष्ट गुरुत्व के सिद्धांत का पालन करता है।
13 (d) वैसे धातु जो ऑक्सीजन या पानी के साथ न्यून अभिक्रियाशील हैं या अभिक्रिया नहीं करते हैं, को सोने, चांदी एवं प्लेटिनम के आभूषणों के लिये प्रयोग किया जाता है।

    ये सभी धातु ऑक्सीजन एवं पानी से प्रतिक्रिया नहीं करते। आवर्त सारणी में ये सभी एक-दूसरे के निकट हैं तथा बहुत कम अभिक्रियाशील दिखते हैं।

    यद्यपि ये सभी चमकीले हैं, लेकिन यह एक भौतिक गुण है न कि रासायनिक।
14. (b)
15. (d) सीआरटी- कैथोड रे ट्यूब; एलसीडी- लिक्विड क्रिस्टल डिस्प्ले; एलईडी- लाइट एमिटिंग डायोड।

    एलसीडी पिक्चरों को प्रदर्शित करने के लिये दो अवयवों का प्रयोग करती है- मोलेक्यूल्स ऑफ लिक्विड क्रिस्टल्स एवं कोल्ड कैथोड फ्लोरेसेंट लैम्प या सीसीएफएल। प्लाज़्मा टीवी में ग्लास कॉन्टेनिंग निऑन एवं ज़ेनॉन अणुओं से इमेजों को सृजित किया जाता है।

    एलईडी सबमें सर्वाधिक ऊर्जा किफायती है क्योंकि यह एलईडी तकनीक का प्रयोग करता है। प्लाज़्मा टीवी में कम प्रकाश में चमकीलापन काफी कम हो जाता है।

    एलईडी सर्वाधिक टिकाऊ तथा वास्तविक ब्लैक पिक्चर दे सकती है।
16. (a) इन-विट्रो मांस को उत्पीड़न रहित मांस, कल्चर्ड मीट, ट्यूब स्टीक, टेस्टट्यूब मांस कहा जाता है। यह एक ऐसा मांस है जो कभी किसी प्राणी का हिस्सा नहीं रहा।

    यह प्रयोगशाला में बनाया जाता है। इस विधि से किसी भी प्राणी, यहाँ तक कि मनुष्य की मांसपेशी के ऊतकों को भी बनाया जा सकता है।

    लेकिन यह काफी खर्चीला है। इसीलिये इसका प्रयोग नहीं बढ़ रहा है। इसके अलावा नैतिक मुद्दे भी हैं। यदि नैतिक एवं कानूनी मुद्दे हल हो गए तो भविष्य में यह प्रचलन में आ सकता है।



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/

DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/



757 ई. तक दक्षिण भारत में अपनी सत्ता बनाये रखी। इन्हीं के सामंत राष्ट्रकूटों ने इन्हें अपदस्थ कर दिया। चालुक्य कालांतर में स्वतंत्र शाखाओं में बँट गए, लेकिन उनकी मुख्य शाखा वातापी में 200 वर्षों तक राज करती रही।

78. (b) गुरु अर्जुनदेव ने रामदासपुर में 'अमृतसर' एवं 'संतोषसर' नामक तालाब निर्मित करवाए। अमृतसर तालाब के मध्य 1589 ई. में 'हरमिंदर साहब' का निर्माण करवाया। इन्होंने तरनतारन तथा करतारपुर नामक नगरों का निर्माण कराया। 1595 ई. में इन्होंने व्यास नदी के तट पर गोविन्दपुर नामक नगर बसाया। इन्होंने अनिवार्य आध्यात्मिक कर लेना शुरू किया तथा अपने शिष्यों से आय का 1/10 भाग गुरु को अर्पित करने को कहा। कथन 2 और 3 सही हैं। कथन 1 का संबंध गुरु हरगोबिन्द से है।

79. (b)

80. (b) वुड डिस्पैच 1854 के संदर्भ में कथन 2, 3 और 4 सही हैं। कथन 1 का संबंध हंटर कमीशन (1882-83) से है।

81. (c) लॉर्ड विलियम बैंटिक के कार्यकाल में अंग्रेज़ी भारतीय प्रशासन की सहकारी भाषा बनी। बैंटिक ने मैकाले के शिक्षा सुधार संबंधी प्रस्ताव को 7 मार्च, 1835 को स्वीकार कर लिया और इसी आधार पर अंग्रेज़ी को वरीयता दी गई।

82. (b) द्वितीय आंग्ल-सिख युद्ध 1848-49 ई. में लड़ा गया था। अंग्रेज़ सेनापति जनरल गॉफ द्वारा रामनगर का युद्ध अनिर्णीत रहा लेकिन लॉर्ड नैपियर ने अंतिम व पूर्णतया निर्णायक युद्ध में सफलता प्राप्त की।

83. (c) साम्प्रदायिक पंचाट के संदर्भ में कथन 1 और 2 सही हैं। विशेष निर्वाचन क्षेत्रों में दलित जाति के मतदाताओं के लिये दोहरी व्यवस्था की गई। उन्हें सामान्य निर्वाचन क्षेत्रों और विशेष निर्वाचन क्षेत्रों, दोनों जगह मतदान का अधिकार दिया गया। दलित जातियों के लिये विशेष निर्वाचन की यह व्यवस्था 20 वर्षों के लिये की गई थी।

84. (c) अजंता चित्रकला की विशेषताएँ हैं- रेखाएँ, रंग, नारी मुद्राएँ, सृष्टि संयोजन एवं स्वभावगत चित्रण। इसमें पाश्चात्य छाया प्रधान चित्रण की जगह भारतीय रेखा प्रधान चित्रण किया गया है। सृष्टि संयोजन में यक्ष, नाग, किन्नर, गंधर्व, पृथ्वी, योद्धा सहित तीनों लोकों की वस्तुओं को शामिल किया गया है।

## समसामयिकी

85. (c)

86. (a)

87. (a) व्हाइट लेबल एटीएम से पैसे निकालने में ग्राहकों को अतिरिक्त लागत वहन नहीं करनी पड़ती है।

88. (d)

89. (a)

90. (c) केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में फैले बुंदेलखंड क्षेत्र को विशेष फायदा होगा।

91. (c) इस अभियान में फेरस सल्फेट के स्थान पर फेरस एस्कॉर्बेट की गोलियों का वितरण किया जाएगा।

92. (d) 'लेट्स प्ले' कार्ययोजना का लक्ष्य वर्ष 2024 में होने वाले ओलंपिक खेलों में भारत को 50 पदक दिलाना है।

93. (a)

94. (c)

95. (c)

96. (c) ये दिशा-निर्देश भारत सहित सभी सदस्य देशों में मान्य होंगे।

97. (a) रिपोर्ट में इस बात की आशंका जताई गई है कि दुनिया में छठी बार जीवों का सामूहिक विलोप हो सकता है। अर्थात् वन्य जीवन आम रफ्तार से एक हजार गुना ज्यादा तेजी से गायब हो जाएगा।

98. (b)

99. (b)

100. (d) तंबाकू उत्पादन में भारत का दूसरा स्थान है। पहले स्थान पर चीन है।



DOWNLOAD MORE PDF FOR GOVERNMENT EXAM CLICK HERE >>> https://pdfexam.com/